3 राजधानी
कमला मार्केट में बनी पहली गुलाबी पुलिस चौकी

9 विदेश
कमला हैरिस ने रूस को दी चेतावनी

10 स्वास्थ्य
संरक्षित करना एक स्मार्ट कदम

11 विविध
समय, भूगोल और स्मृति की कहानियां

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 105
नई दिल्ली, रविवार, 20 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com




रोहित संभालेंगे टेस्ट टीम की बागडोर
स्पोर्ट्स-12

# उप्र में तीसरे चरण में सपा की प्रतिष्ठा दांव पर

## ● मतदान आज, 16 जिलों की 59 सीटों के लिए पड़ेंगे वोट, अखिलेश यादव के भी भाग्य का निर्णय होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** सभा के तीसरे चरण में 59 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कल मतदान होगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शुरू होकर सायं 6 बजे तक चलेगा। तीसरे चरण के 16 जनपदों में हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन, झांसी, ललितपुर, हमीरपुर तथा महोबा शामिल हैं। 59 सीटों में करहल विधानसभा सीट भी है, जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आमने-सामने हैं। तीसरे चरण का क्षेत्र मुलायम परिवार का गढ़ माना जाता है इसलिए यहां के मतदान में सपा की प्रतिष्ठा लगी है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों द्वारा जारी की गई



जालंधर में मतदान कराने के लिए शनिवार को चुनाव सामग्री लेकर रवाना होते कर्मचारी

फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र मतदाताओं की पहचान किये जाने के लिए मान्य होंगे। कोविड-19 के दृष्टिगत मतदान दिवस को मतदेय स्थलों पर थर्मल स्कैनर, हैण्ड सैनीटाइजर, ग्लव्स, फेस मास्क, फेस शील्ड, पीपीई किट, साबुन, पानी आदि की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर गाइड का भी वितरण किया गया है। तृतीय चरण के मतदान में 2,16 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1,16 करोड़ पुरुष 0,999 करोड़ महिला तथा 1060 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। तृतीय चरण के निर्वाचन में कुल 59 विधान सभा क्षेत्रों में 627 प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमें से 97 महिला प्रत्याशी हैं। चुनाव में कुल 25794 मतदेय स्थल तथा 15557 मतदान केन्द्र हैं। कोविड-19 के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1250 तक रखने के निर्देश दिये गये हैं। सभी मतदेय स्थलों पर रैम्प, शौचालय तथा पीने के पानी की सुविधा सुनिश्चित की गई है।

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 52 सामान्य प्रेक्षक, 16 पुलिस प्रेक्षक तथा 19 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 2235 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 273 जोनल मजिस्ट्रेट 832 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 3069 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक 1 वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक तथा 2 वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं जो कि क्षेत्र में रहकर सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करेंगे। मतदान पर पर्यवेक्षण हेतु प्रत्येक जनपद के 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की ( शेष पज 8 )

## पंजाब में भी मतदान आज, बहुकोणीय मुकाबले में फंसे सत्ता के दावेदार

### ● सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक डाले जाएंगे वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**सीमावर्ती** राज्य पंजाब में रविवार को सभी 117 सीटों पर चुनाव होगा। सत्ताधारी कांग्रेस यहां बहुदलीय, बहु-गठबंधन मुकाबले में फंसी है। मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) एस करुणा राजू ने शनिवार को कहा कि राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक होगा और मतगणना 10 मार्च को होगी।

सीईओ राजू ने कहा कि चुनाव में 1,12,98,081 पुरुष, 1,02,00,996 महिलाएं और 727 ट्रांसजेंडर सहित कुल 2,14,99,804 मतदाता हैं। पूरे प्रदेश के 117 निर्वाचन क्षेत्रों में 1304 उम्मीदवार हैं, जिनमें 1209 पुरुष, 93 महिलाएं और दो ट्रांसजेंडर भी हैं। कुल 1304 उम्मीदवारों में से 231 राष्ट्रीय दलों से, 250 राज्य दलों से, 362 गैर-मान्यता प्राप्त दलों से और 461 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। चुनाव में 315 उम्मीदवार आपराधिक पृष्ठभूमि वाले भी हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि राज्य में 14,684 मतदान केंद्रों पर 24689 मतदान बूथ और 51 सहायक बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 2013 की पहचान नाजुक और 2952 संवेदनशील इलाकों में की गई है। यहां 1196 आदर्श मतदान केंद्र, 196 महिला संचालित मतदान केंद्र और 70 पीडब्ल्यूडी प्रबंधित मतदान केंद्र हैं। सभी मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग की जा रही है।

तीन विशेष राज्य पर्यवेक्षकों के अलावा, चुनाव आयोग ने चुनाव संचालन पर गहरी नजर रखने के लिए 65 सामान्य पर्यवेक्षक, 50 व्यय पर्यवेक्षक और 29 पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। मतदान कर्मियों की सहायता के लिए 2083 सेक्टर अधिकारियों को तैनात किया गया है। पंजाब में कांग्रेस, आप, शिअद-बसपा ( शेष पज 8 )

# कनाडा में तीन शैक्षणिक संस्थान बंद भारत के दो हजार छात्र सड़क पर

## ● भारतीय उच्चायोग ने चेताया- एडमिशन और फीस देने से पहले कॉलेजों की साख की जांच करें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कनाडा** में तीन शैक्षणिक संस्थान अचानक बंद कर दिए जाने से 2,000 से अधिक भारतीय छात्र सड़क पर आ गए हैं। ऐसे हालात को ध्यान में रखते हुए ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने शनिवार को भारतीय नागरिकों को फीस का भुगतान करने से पहले वहां के कॉलेजों की साख की जांच करने की सलाह दी है। अमेरिका-कनाडा सीमा पार करने के लिए कोरोना के लिए अनिवार्य टीकाकरण के विरोध में कनाडा के सैकड़ों ट्रक ड्राइवरों द्वारा ओटावा में विरोध के मद्देनजर शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया था।

भारतीय दूतावास ने चेतावनी जारी करते हुए फंसे छात्रों को आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे का हल जल्द करने के लिए स्थानीय अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के संपर्क में है। प्रभावित छात्रों में ज्यादातर पंजाब, हरियाणा और गुजरात से हैं। कनाडा में चल रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर राइजिंग फीनिक्स इंटरनेशनल इंक द्वारा संचालित तीन संस्थानों को बंद करने की सूचना के बाद कथित तौर पर छात्रों को बीच में ही छोड़ दिया गया। कॉलेजों को बंद करने से उनमें से कम से कम आधे की आव्रजन स्थिति खतरे में पड़ गई है। तीनों निजी कॉलेजों और एक भर्ती फर्म ने लेनदार (ऋणदाता) संरक्षण के लिए जनवरी के मध्य में रिपोर्ट दायर की और कथित तौर पर दावा किया कि कोरोना महामारी के कारण वो वित्तीय संकट में है। रिपोर्ट के अनुसार इस बीच फीस और यात्रा पर लाखों रुपये खर्च करके वहां पहुंचे छात्रों ने अपनी छात्र स्थिति खो दी। इससे उनका वीजा और अन्य दस्तावेज अमान्य हो गए। जानकारी के अनुसार, मॉन्ट्रियल के तीन कॉलेजों में 1,173 छात्र व्यक्तिगत रूप से पढ़ रहे थे, जबकि 637 पंजाब और अन्य स्थानों पर घर से ऑनलाइन कक्षाएं ले रहे थे।

वे कनाडा में कैंपस में जाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। जहां कुछ माता-पिता ने अपने जीवन भर की बचत खो दी, वहीं अन्य ने अपने बच्चों को विदेश भेजने के लिए ऋण लिया था। एडवाइजरी में शुक्रवार को कहा गया कि उच्चायोग से भारत के कई छात्रों ने संपर्क किया है, जिन्हें राइजिंग फीनिक्स इंटरनेशनल इंक द्वारा संचालित तीन संस्थानों में नामांकित किया गया था। इनमें एम कॉलेज एच मॉन्ट्रियल, शेरब्रूक में सीईडी कॉलेज और लॉन्गयूइल में सीसीएसक्यू कॉलेज, सभी क्यूबेक ( शेष पज 8 )

# स्मार्ट कक्षाएं बनाने वाले को कह रहे आतंकी: केजरीवाल

## ● दिल्ली के मुख्यमंत्री ने पंजाब चुनाव से पहले विरोधियों पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पंजाब** में अलगाववादी विचारधारा को हवा देने के आरोपों के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को राजनीतिक विरोधियों पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को वे 'आतंकवादी' कह रहे हैं, उसने राष्ट्रीय राजधानी के सरकारी स्कूलों में 12,340 स्मार्ट कक्षाएं बनायी हैं।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने दावा किया कि देश के सभी 'भ्रष्ट' लोग उनके खिलाफ एकजुट हो गए हैं। केजरीवाल का यह बयान ऐसे समय आया है जब उनकी पार्टी पंजाब जैसे राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ रही है और वहां 20 फरवरी को ही मतदान



है। केजरीवाल ने दावा किया कि वह बाबा साहेब आंबेडकर और शहीद भगत सिंह के सपनों को साकार कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता कुमार विश्वास द्वारा पंजाब में अलगाववादियों का समर्थन करने का आरोप लगाए जाने के बाद केजरीवाल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के निशाने पर आ गए हैं।

केजरीवाल ने कुमार विश्वास के आरोपों को हास्यास्पद करार दिया है। उन्होंने कहा कि वह (केजरीवाल) 'दुनिया का सबसे मीठा आतंकवादी है' जो स्कूल और अस्पताल बना रहा है।' आप नेता ने शनिवार को दिल्ली के सरकारी ( शेष पज 8 )

## विश्वास को दी गई 'वाई' श्रेणी सुरक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता कुमार विश्वास को शनिवार को 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का फैसला किया। सूत्रों ने कहा कि विश्वास ने 'आप' के संयोजक तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर अलगाववादियों का समर्थक होने के आरोप लगाए थे, जिसके मद्देनजर खुफिया जानकारियों के आधार पर केंद्र ने विश्वास की सुरक्षा और उन्हें होने वाले संभावित खतरों की समीक्षा की। सूत्रों ने कहा कि विश्वास को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 'वाई' श्रेणी ( शेष पज 8 )

# मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर सेना के दो जवान बलिदान



शोपियां में हुई मुठभेड़ के बाद श्रीनगर में सतर्क सुरक्षाबल

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के अत्यधिक संवेदनशील शोपियां जिले में शनिवार को हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया और सेना के दो जवान शहीद हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर रेंज) विजय कुमार ने यहां बताया कि शोपियां में जैनापुरा इलाके के चेरमार्ग में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी की और वहां तलाशी अभियान चलाया।

उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान में शामिल सुरक्षाकर्मियों ने मानक परिचालन प्रक्रिया का अनुपालन किया और कुछ घरों को घेर लिया और उनसे असैन्य लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। उन्होंने बताया कि जब तलाशी टीम गौहर अहमद भट ( शेष पज 8 )

# यूक्रेन के सैन्य अधिकारी मोर्चे पर गोलाबारी की चपेट में आए

## ● बचने के लिए क्षेत्र में बनाए गए बमरोधी आश्रय स्थल में शरण ली

**एपी।** मास्को

**पूर्वी** यूक्रेन में संघर्ष वाले मोर्चे के दौरे के दौरान यूक्रेन के शीर्ष सैन्य अधिकारी वहां हुई गोलाबारी की चपेट में आ गए। अधिकारियों ने गोलाबारी से बचने के लिए क्षेत्र में बनाए गए बमरोधी आश्रय स्थल में शरण ली। क्षेत्र के दौरे पर गए एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार ने यह जानकारी दी। इससे पहले शनिवार को, पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी नेताओं ने युद्धग्रस्त क्षेत्र में हिंसा और पश्चिम में इस आशंका के बीच शनिवार को पूर्ण सैन्य लामबंदी का आदेश दिया कि रूस इस संघर्ष का इस्तेमाल हमले के बहाने के रूप में कर सकता है। यूक्रेन और रूस समर्थित विद्रोहियों के कब्जे वाले दो क्षेत्रों ने एक-दूसरे पर तनाव बढ़ाने का



यूक्रेन के नोवोलुहान्स्के में शनिवार को एक सैनिक रूस समर्थक अलगाववादियों द्वारा दागे गए गोले से हुए एक गड्ढे को देखता हुआ

आरोप लगाया। रूस ने शनिवार को कहा कि पूर्वी यूक्रेन के सरकार के कब्जे वाले हिस्से से दागे गए कम से कम दो गोले सीमा पार गिरे। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने दावे को एक फर्जी बयान बताते हुए खारिज कर दिया। यूक्रेन की सेना ने कहा कि दोनेत्स्क क्षेत्र के सरकार के कब्जे वाले हिस्से में शनिवार तड़के गोलाबारी में एक सैनिक की मौत हो गई। वहीं पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी नेताओं ने क्षेत्र में हिंसा बढ़ने और इसकी आड़ में रूस के आक्रमण करने को लेकर पश्चिमी देशों की आशंका के बीच शनिवार को पूर्ण सैन्य लामबंदी का आदेश दिया। दोनेत्स्क क्षेत्र में रूस समर्थक अलगाववादी सरकार के प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने शनिवार को एक बयान जारी कर पूर्ण सैन्य लामबंदी की घोषणा की और रिजर्व बल के सदस्यों से सैन्य भर्ती कार्यालय में आने का अनुरोध किया।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,832 | |
| निफ्टी | 17,276 | |
| सोना | 50,037 | /10g |
| चांदी | 63,869 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एनआईए ने जम्मू-कश्मीर और राजस्थान में चलाया तलाशी अभियान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवाद की साजिश के एक मामले में शनिवार को जम्मू कश्मीर और राजस्थान में कई स्थानों पर तलाशी ली। एनआईए के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि मामले में अब तक 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एनआईए ने कहा कि जम्मू कश्मीर के सोपोर, कुपवाड़ा, शोपियां, राजौरी, बडगाम और गांदेरबल तथा राजस्थान के जोधपुर जिले में आठ स्थानों पर तलाशी ली गई। प्रवक्ता ने कहा, आज की गई तलाशी के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, सिम कार्ड और डिजिटल स्टोरेज डिवाइस जब्त किए गए है।

# रिम्स में लालू का दरबार बंद सिर्फ शनिवार को मुलाकात

**भाषा।** रांची

**रांची** के रिम्स में भर्ती राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के अस्पताल वार्ड में दरबार लगाने की खबरों के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद जेल प्रशासन ने अब कड़ा रुख अपना लिया है और उनके दरबार पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अब सिर्फ शनिवार को लालू यादव की सहमति से ही उनसे मिलने की अनुमति दी जाएगी। बिरसा मुंडा जेल के अधिकारियों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि 15 फरवरी को चारा घोटाले में दोषी करार दिए जाने के बाद राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में इलाज के लिए भर्ती लालू प्रसाद यादव लगातार अपने वार्ड में दरबार लगा रहे थे, जिसे देखते हुए उनसे मिलने वालों पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि अब सिर्फ तीन लोगों को ही लालू



यादव की सहमति से केवल शनिवार को ही उनसे मुलाकात करने की अनुमति दी जाएगी। इससे पहले लालू प्रसाद से लोगों के बेरोकटोक मिलने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद जेल प्रशासन और रिम्स की भारी किरकिरी हुई। चारा घोटाला मामले में लालू यादव की सजा पर विशेष सीबीआई अदालत यहां 21 फरवरी को सुनवाई करेगी। इस बीच, रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक हामिद अख्तर की ओर से शुक्रवार को बयान भी जारी किया गया कि लालू प्रसाद से मुलाकात के लिए शनिवार का दिन तय किया गया है।

# कोरोना महामारी खत्म होने की सोच खतरनाक

## ● कुछ देशों में फैली अफवाह पर डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडनॉम घंब्रेयियस की चेतावनी, सतर्कता बरतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ओमीक्रोन** वैरिएंट के कम घातक होने व कुछ देशों में उच्च वैक्सीन कवरेज के साथ लोगों के बीच अफवाह है कि कोरोना महामारी खत्म हो गई है। इस पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस एडनॉम घंब्रेयियस ने शनिवार को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि ऐसा सोचाना या सोच अभी खतरनाक हो सकती है।

जर्मनी के म्यूनिख में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन 2022 में एक लाइव सत्र के दौरान उन्होंने जोर देते हुए कहा कि दुनिया का जोर महामारी को



जालंधर में चुनाव ड्यूटी पर जाने से पूर्व तापमान की जांच करवाती एक महिला कर्मचारी

समाप्त करने पर होना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी एक नई लैब स्टडी के बाद आई है, जिसमें पता चला है कि ओमीक्रोन का सब वैरिएंट बीए-2, डेल्टा और पहले से पहचाने गए कोविड-19 के वैरएंट गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। भारत सहित विभिन्न देशों ने भी कोविड मामलों में गिरावट का हवाला देते हुए प्रतिबंधों में ढील देना शुरू कर दिया है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा कि ऐसे में अधिक संक्रामक और खतरनाक वैरिएंट के वायरस फैलने और उभरने के लिए आदर्श स्थितियां हैं। महामारी के अपने आकलन के बारे में विचार रखते हुए घेब्रेयियस ने कहा कि पहले विस्फोट हुआ, फिर घट गया, और फिर से विस्फोट हो गया। उन्होंने कहा कि आज से दो साल पहले जब यह महामारी से पहली बार लोगों को सामना करना पड़ा था तब हम में से किसी ने कल्पना नहीं की थी हम महामारी के तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहे होंगे। उन्होंने आगाह किया कि वास्तव में स्थितियां अधिक संक्रमणीय और खतरनाक वैरिएंट के उभरने के लिए आदर्श हैं। लेकिन हम इस साल वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में कोविड ( शेष पज 8 )

## 80 प्रतिशत भारतीय वयस्कों का पूर्ण टीकाकरण: मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि कोविड-19 के खिलाफ देश की 80 फीसदी वयस्क आबादी का पूर्ण टीकाकरण किया जा चुका है।



आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक देश में कोविड-19 रोधी टीके की कुल 175 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। मांडविया ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सबका प्रयास मंत्र के साथ देश 100 प्रतिशत टीकाकरण की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक देश की करीब 96.5 फीसदी वयस्क आबादी को कोविड-19 टीके की कम से कम एक खुराक लगाई जा चुकी है। इस आंकड़े के मुताबिक 15 से 18 साल की उम्र वर्ग में दो करोड़ से अधिक लोगों का टीकाकरण हो चुका है।

# शहर में बहुमंजिला इमारतों के निर्माण की होगी जांच

## अधिकारियों के साथ बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ ने लिया बड़ा फैसला

- मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने किया समिति का गठन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण ने शहर में ऊंची इमारतों के निर्माण की जांच करवाने का फैसला लिया है। इसके लिए शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सीईओ ने अधिकारियों की समिति का गठन किया है। इतना ही नहीं यह समिति अध्ययन करके हाईराइज बिल्डिंगों के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर भी तैयार करेगी।

आपको बता दें कि इस तरह की जांच शहर में पहली बार की जा रही है। इससे पहले शाहबेरी में इमारतों की जांच की गई थी। वह प्राधिकरण ने आईआईटी दिल्ली से करवाई थी। गुरुग्राम में चिंटल पैराडिसो सोसाइटी की घटना को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी हाईराइज बिल्डिंगों में स्ट्रक्चरल सेफ्टी के लिए उठाए जा रहे कदमों का फि र से विस्तृत अध्ययन कराने का निर्णय लिया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने इसके लिए समिति बना दी है। यह समिति आईआईटी के विशेषज्ञों की मदद से परखेगी कि हाईराइज बिल्डिंगों के स्ट्रक्चरल सेफ्टी को और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है, ताकि ग्रेटर नोएडा में बनने वाली बहुमंजिला इमारतों की मजबूती में कोई कसर न रहे।

बिल्डरों द्वारा निर्मित हाईराइज बिल्डिंगों में रहने वाले परिवारों की सुरक्षा के मद्देनजर स्ट्रक्चरल डिजाइन परखने के मसले पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने अपने अधीनस्थों के साथ बैठक की। उन्होंने प्राधिकरण में तय उन मानकों



आधिकारियों के साथ बैठक करते प्राधिकरण सीईओ नरेंद्र भूषण।

का रिव्यू किया, जिनके पूरा होने पर ही बहुमंजिला इमारतों के लिए ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट या कंपलीशन सर्टिफि केट दिया जाता है।

सीईओ ने स्ट्रक्चरल सेफ्टी का विस्तृत अध्ययन कराने के लिए अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमनदीप डुली की अध्यक्षता में समिति बना दी है। इसमें महाप्रबंधक प्रोजेक्ट, महाप्रबंधक नियोजन, ओएसडी बिल्डर, महाप्रबंधक वित्त व महाप्रबंधक विधि को सदस्य बनाया गया है।

यह समिति आईआईटी दिल्ली या फि र उसके जैसी किसी संस्था के विशेषज्ञों की मदद से स्ट्रक्चरल सेफ्टी सर्टिफि केट के मौजूदा प्रावधानों का अध्ययन करेगी। इन ऊंची इमारतों की सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए समिति अगले 15 दिन में एक स्टैंडर्ड प्रारूप भी तैयार करेगी। उस प्रारूप को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक के समक्ष रखा जाएगा।

बोर्ड से मंजूरी मिलने पर उसे लागू कर दिया जाएगा, जिसके बाद बिल्डरों को हाईराइज बिल्डिंगों की स्ट्रक्चरल सेफ्टी का पूरा ब्योरा उसी प्रारूप में देना होगा, तभी उसे कंपलीशन या फिर ऑक्यूपेंसी सर्टिफि केट जारी किया जाएगा। सीईओ ने कहा कि यह कदम बहुमंजिला इमारतों की सुरक्षा का और पुख्ता करने के लिए उठाया गया है। इस बैठक में एसीईओ अमनदीप डुली, जीएम प्लानिंग मीना भार्गव, ओएसडी बिल्डर संतोष कुमार, जीएम आरके देव, डीजीएम केआर वर्मा आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने दी बैंक में आग लगाने की धमकी

**गाजियाबाद।** विजयनगर थानाक्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी से झगड़े के बाद एक युवक द्वारा बैंक में आग लगाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली राशिका ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नवंबर 2019 में उनकी शादी मोहल्ला महाजनान मुरादनगर निवासी सूर्यकांत के साथ हुई थी। पिछले साल उन्होंने पति के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया था, लेकिन पति के माफ ी मांगने पर उन्होंने फैसला कर लिया था।

राशिका का कहना है कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा की विजयनगर शाखा में कार्यरत हैं। गुरुवार शाम साढ़े 6 बजे ड्यूटी खत्म करके वह घर जा रही थीं, तभी पति ने फ ोन करके गाली.गलौच की। इतना ही नहीं, पति ने उनके ब्रांच मैनेजर राहुल सिन्हा को भी फोन किया।

## धोखाधड़ी कर दुबई भाग रहा कारोबारी परिवार समेत धरा

- तमिलनाडु निवासी पीड़ित ने नोएडा में दर्ज कराया था केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने के बाद कारोबारी अपने परिवार के साथ दुबई भाग रहा था, लेकिन उससे पहले ही मुंबई एयरपोर्ट पर उसको गिरफ्तार कर लिया गया है। कारोबारी के पकड़ने की सूचना मुंबई एयरपोर्ट द्वारा नोएडा पुलिस को दी गई। नोएडा पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि कारोबारी को गिरफ्तार कर नोएडा पुलिस वापस ला सकती है। कारोबारी के साथ उसकी मां और उसकी बहन भी है।

नोएडा के एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि वैभव आहूजा गारमेंट्स कारोबारी हैं। वैभव आहूजा के खिलाफ वर्ष 2021 में सेक्टर-39 कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। यह मुकदमा तमिलनाडु के रहने वाले एक व्यक्ति ने दर्ज कराया था। रिपोर्ट के मुताबिक वैभव आहूजा ने गारमेंट कारोबार का दुबई में बिजनेस शुरू करने का झांसा दिया था। इस तरीके से वैभव आहूजा ने साढ़े 6 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की थीं।

पीड़ित ने मुकदमा दर्ज करवाते समय वैभव आहूजा के अलावा सुनील आहूजा, तान्या आहूजा और राहुल आहूजा के खिलाफशिकायत दी थी। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने काफी गंभीरता से जांच शुरू कर दी।

इस मामले में नोएडा पुलिस ने आशंका जाहिर की थी कि वैभव आहूजा विदेश भाग सकता है। इसलिए नोएडा पुलिस ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को पत्र लिखकर आरोपियों के विदेश भागने की आशंका जताई थी।

# गृहकर वसूलने को निगम ने भेजा नोटिस

## *जिले के सरकारी विभागों पर 115 करोड़ रुपए हैं बकाया*

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम ने बकाएदारों से टैक्स वसूली के लिए शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। निगम का हाउस टैक्स के बकाएदारों पर करीब 125 करोड़ रुपए बकाया है। इनमें से करीब 115 करोड़ रुपए सरकारी विभागों पर बकाया है, इन सरकारी विभागों से बकाया वसूलने के लिए नोटिस जारी किए गये है।

इनमें पुलिस विभाग, जीडीए, डाक विभाग, दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग भी शामिल हैं। नोटिस भेजकर संबंधित विभागों से बकाया संपत्तिकर




जमा कराने के लिए कहा गया है।

नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर कुर्की की कार्रवाई जारी है। वहीं, अब सरकारी विभागों से भी सख्ती से वसूली करेगा। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डा संजीव सिन्हा ने बताया कि पुलिस विभाग पर 7.68 करोड़ रुपये, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण पर 5.02 करोड़ रुपये, दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन पर 45.74 करोड़ रूपये, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग पर 6.10 करोड़ रुपये, डाक विभाग पर 1.33 करोड़ रुपये और नवयुग मार्केट स्थित नगर निगम की बिल्डिग में एनसीआर प्लानिग बोर्ड के कार्यालय पर 68.87 लाख रुपये का संपत्तिकर बकाया है। कई विभाग तो ऐसे हैं जो तीन.चार साल से संपत्तिकर जमा नहीं कर रहे हैं। हर साल जब संपत्तिकर जमा कराने के लिए कहा जाता है तो वह टाल देते हैं, बकाया संपत्तिकर जमा न होने के कारण शहर में विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं।

# स्पा सेंटर बिल्डिंग में फिर लगी आग, कोई हताहत नहीं

- दो दिन पहले हुई थी महिला मैनजेर और प्रॉपर्टी डीलर की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर के सेक्टर-53 स्थित एक स्पा सेंटर में 2 दिनों पहले आग लग गई थी। अब एक बार फि र स्पा सेंटर वाली बिल्डिंग में दोबारा आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल नोएडा पुलिस के अधिकारी और फ ायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल आग काबू पा लिया गया है। इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थोड़ी देर पहले पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि नोएडा के सेक्टर.24 थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर.53 में स्थित आशीर्वाद कॉन्पलेक्स में आग लग गई है। आग आशीर्वाद कॉन्पलेक्स के ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी, जिसके बाद तुरंत नोएडा पुलिस टीम और फ ायर ब्रिगेड टीम पहुंची। पुलिस टीम ने फ ायर ब्रिगेड टीम की मदद से आग पर काबू पा लिया है। इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

# हादसे में मौत के बाद टूटी अफसरों की नींद

## एनएचएआई ने शुरू कराया हाइवे पर गड्ढे भरने का कार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एनएचएआई की आखिरकार नींद टूट गई है, लेकिन यह नींद एक युवक की मौत के बाद टूटी। कुछ दिनों पहले ग्रेटर नोएडा के नेशनल हाईवे-91 पर लुहारली टोल प्लाजा के पास ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के नीचे एक सड़क हादसा हुआ था। इस हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। युवक की मौत के बाद एनएचएआई की नींद टूटी और नेशनल हाईवे पर गड्ढे भरने का काम शुरू हो गया है।

नेशनल हाईवे पर गाजियाबाद के छपरौला से लेकर लुहारली टोल प्लाजा के बीच जगह-जगह सड़क में गड्ढे बने हुए हैं। इसकी वजह से आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे थे। दादरी कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को वीआईटी चौकी के समीप हादसे में एक बाइक सवार



युवक की मौत हो गई थी। इसी हादसे में बाइक पर पीछे बैठा युवक घायल हो गया था। वहीं, बुधवार को भी एक बाइक सवार युवक गड्ढे में गिरने से घायल हुआ था। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में लोगों ने बताया कि एनएचएआई को काफी बार शिकायत दी गई, लेकिन किसी भी अफ सर को कोई असर नहीं पड़ा। लोगों का आरोप है कि सड़क में बने गड्ढों से रोजाना हादसे हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



जरूरतमंद लोगों को कपड़े वितरित करते नवरात्रा सेवक दल के पदाधिकारी।

### जरूरतमंदों के लिए चलाया हेल्पिंग ड्राइव अभियान

**नोएडा।** नवरात्रा सेवक दल द्वारा शनिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मदिन पर हेल्पिंग ड्राइव चलाया गया। जिसमें जरूरतमंद लोगों को जरूरत की चीजें दी गई। जरूरतमंदों के लिए चलाई गई हेल्पलाइन हेल्पिंग 4 जरूरतमंद के द्वारा इन्होंने अलग.अलग जगहों पर लोगों को दवा, राशन, कपड़े, मास्क और सैनिटाइजर आदि देकर लोगों को राहत प्रदान की। इनकी पूरी टीम के सहयोग से और बहुत सारे सामाजिक संगठन के साथ होने से इस मुहिम को और बल मिला। जिससे इस मुहिम को अच्छी तरीके से संपन्न कर पाए। सदस्यों ने सभी लोगों का साथ और सहयोग देने के लिए ह्दय से आभार और धन्यवाद कहा। नवरात्र सेवक दल पिछले 5 से अधिक सालों से निरंतर समाज सेवा में लगा हुआ है। निरंतर असहाय लोगों की सहायता के लिए निरंतर मुहिम चला रहा है और आगे भी जारी रहेगा।



विवि में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

### गलगोटिया विवि में फैकल्टी स्पोर्ट्र्स का आयोजन

**नोएडा।** गलगोटियाज विश्विद्यालय के प्रांगण में तीन दिवसीय फैकल्टी स्पोर्ट्स लीग संकल्प का भव्य शुभारम्भ किया गया। जिसमें ग्रेटर नोएडा की विश्वविद्यालयों के साथ साथ कॉर्पोरेट कंपनियों की कुल 130 टीमें भाग ले रही हैं। गलगोटियाज फैकल्टी स्पोर्ट्स लीग में अगले तीन दिनों में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्किटबाल, कबड्डी और एथलेटिक्स खेलों का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति सुनील गलगोटिया ने मशाल और ट्रॉफ ी का अनावरण करते हुए प्रतियोगिता की शुरूआत की। मुख्य कार्यकारी ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग है। प्रतियोगी का जीतना हारना कोई मायने नहीं रखता, खेल में भाग लेना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में एनसीसी की सलामी परेड और छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिता के पहले दिन ऐथलेटिक्स के मैचो का आयोजन किया गया।

### डिवाइडर बनाने को ट्रैफिक पुलिस ने लिखा पत्र

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक रोड पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास बिना परमिशन के डिवाइडर को तोड़ने के मामले में ट्रैफिक पुलिस ने जीडीए को लेटर लिखकर उसे बनवाने के लिए कहा है। एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा द्वारा भेजे गए पत्र के बाद जीडीए की तरफसे वहां कुछ ब्रेकर लगाने का कार्य तो किया गया है। हालांकि डिवाइडर को अभी ठीक नहीं किया गया है। जिससे हादसे होने का डर है।

# मेडिकल डिवाइस पार्क का प्रचार-प्रसार करेगा प्राधिकरण

## योजना में बड़ी कंपनियों को आकर्षित करने को देश में निकाले जाएंगे रोड शो

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- पहले चरण में 200 एकड़ में लांच होगी योजना

यमुना प्राधिकरण उत्तर भारत के पहले मेडिकल डिवाइस पार्क में बड़ी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए प्रचार-प्रसार करेगा। प्राधिकरण योजना निकालने से पहले देश-विदेश में इसका प्रचार करेगा। साथ ही कई शहरों में योजना को लेकर रोड शो भी निकाले जाएंगे।

रोड शो और देश-विदेश में प्रचार करने के पीछे प्राधिकरण का उद्देश्य है कि मेडिकल के पास पार्क में बड़ी और दिग्गज कंपनियां को लाना है। ताकि एक बेहतर मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित हो सके।

प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क को विकसित किया जाएगा है। इस पार्क को 350 एकड़ की जमीन पर बनाया जाएगा है। यह योजना चुनाव के बाद लांच की जा सकती है। योजना को दो चरणों में लांच किया जाएगा। पहले चरण के अंदर 200 एकड़ की योजना लांच होगी। साथ ही प्राधिकरण इस मेडिकल डिवाइस पार्क में देश-विदेश की बड़ी कंपनियों को लाने की तैयारी कर रहा है। जिसके लिए प्राधिकरण द्वारा देश.विदेश में इस योजना का प्रचार कराया जाएगा। कई बड़े शहरों में रोड शो के जरिए भी इस योजना का प्रचार होगा। जिसकी तैयारियां की जा रही हैं। यह सभी कार्य चुनाव के बाद किए जाएंगे।

दो महीने पहले प्राधिकरण द्वारा देश.विदेश की फ ार्मा कि बड़ी और दिक्कत कंपनियों से संवाद किया गया था। जिससे यह पता चला कि कंपनियां मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश करने के लिए तैयार हैं। अब सरकार और प्राधिकरण यहां पर कंपनियों को अनुकूल मोहलत देंगे, जिससे अच्छे और बेहतर तरीके से कार्य हो सके।

उत्तर प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क बनाने की मंजूरी केंद्र सरकार द्वारा दे दी गई थी। केंद्र सरकार मेडिकल डिवाइस पार्क के विकास में 100 करोड़ रुपए का सहयोग करेगी। जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा किस्तों में पैसे दिए जाएंगे। मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए केंद्र सरकार ने पहली किस्त के तौर पर 13 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं।

# टैक्स चोरी में नामी पान मसाला कंपनी पर लगाया जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

वाणिज्य कर विभाग ने पान मसाला बनाने वाली कंपनी पान फ्रें ग्नेंस प्राइवेट लिमिटेड पर 445.76 करोड़ का टैक्स और अर्थदंड लगाया है।

अधिकारियों ने बताया कि बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंपनी के खिलाफ वर्ष 2019 में एसआईबी जांच हुई थी। जांच पूरी होने के बाद कंपनी के सालाना टर्न ओवर से कई गुना अधिक बिक्री मिली। इसके अलावा ई.वे बिल संबंधी अनियमितताएं भी सामने आईं। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड.1 विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि के.पान फ्रें ग्नेंस कमला पसंद और राजश्री के लिए उत्पादन करती है। जुलाई 2019 में मुख्यालय के निर्देश पर विशेष अनुसंधान शाखा एसआईबी ने कंपनी पर छापा मारा।

इस दौरान कंपनी से उत्पादन और बिक्री के रिकॉर्ड अधिकारियों ने सील किए थे। इनमें कंप्यूटर, लैपटॉप, बिल बुक, ई.वे बिल सहित अन्य दस्तावेज सील कर विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच शुरू की गई।

## बोर्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन होगी कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति

**गाजियाबाद।** शासन ने पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए कक्षा 10 और 12वीं के बोर्ड परीक्षा के लिए कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी ऑनलाइन तय किए जाने का फैसला किया है।

बता दें कि कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन मार्च के आखिरी सप्ताह या अप्रैल के पहले सप्ताह में किए जाने की उम्मीद है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर परीक्षाओं की तिथियों का ऐलान नहीं किया गया है। जल्द ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी।

# ट्रैक्टर हटाने के विवाद में चाकू से किया वार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- बुजुर्ग का कान कटकर हुआ अलग

कोतवाली क्षेत्र के गांव सीकरी कलां में शुक्रवार देर शाम ट्रैक्टर हटाने को लेकर हुए विवाद में आरोपितों ने बुजुर्ग को पहले खूब पीटा। बाद में उनके चेहरे पर चाकू से वार कर दिया। जिससे बुजुर्ग का कान कटकर शरीर से अलग हो गया। चीख.पुकार सुनकर जब आसपड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए।

पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सीकरी कलां गांव के मनोज शर्मा निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। उनके अनुसार, पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग उनके घर के बाहर रास्ते पर आए दिन ट्रैक्टर खड़ा कर देते हैं, जिससे आने.जाने में परेशानी होती है। कई बार इसको लेकर विवाद भी हो चुके हैं। शुक्रवार देर शाम भी आरोपियों ने ट्रैक्टर वहीं पर खड़ा कर दिया।

इस बीच मनोज ड्यूटी से घर लौट रहे थे, ट्रैक्टर खड़ा होने के कारण वे आगे नहीं जा सके तो उन्होंने आरोपियों से ट्रैक्टर हटाने के लिए कहा। आरोप है कि इसी बात पर आरोपी भड़क गए। उन्होंने लाठी.डंडों से उन्हें खूब पीटा। इससे भी जब उनका मन नहीं भरा तो एक आरोपी ने चाकू निकालकर उनपर वार करने शुरू कर दिए। इसमें चाकू के वार से मनोज शर्मा का कान कटकर शरीर से अलग हो गया। मनोज के बेटे के मुताबिक, कान कटने से मनोज के सुनने की क्षमता भी कम हो गई।

वहीं, मामले में एसएचओ मोदीनगर अनीता चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर सीकरी कलां के नितिन, नीरज व मोहित के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायल को मेडिकल परीक्षण कराया गया है।



हादसे के दौरान सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई फुटेज।

# सोसायटी की 16वीं मंजिल से गिरकर 11 वर्षीय बच्ची की मौत

## *हादसा या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस*

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर में एक दर्दनाक मामला सामने आया है। नोएडा की एक हाउसिंग सोसायटी में रहने वाली 11 वर्षीय बच्ची 16वीं मंजिल से नीचे गिर गई। इस दर्दनाक घटना में बच्ची की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिरी। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

नोएडा सेक्टर-113 कोतवाली पुलिस के थाना अध्यक्ष शरद कांत ने बताया कि सेक्टर-74 में स्थित अजनारा ग्रैंड हाउसिंग सोसाइटी में रवि शर्मा अपने परिवार के साथ रहते हैं। रवि शर्मा की एक 11 साल की बेटी है, जिनका नाम स्नेहा है। उनको सूचना मिली कि बीती देर रात को 11 वर्षीय स्नेहा संदिग्ध परिस्थितियों में 16वीं मंजिल से नीचे गिर गई है। जिसमें बच्ची की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि आखिर बच्ची की मौत कैसे हुई है, उन्होंने बताया कि सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, सोसायटी के लोगों में चर्चा है कि बच्ची ने आत्महत्या की है।

वहीं एक दूसरे मामले में ग्रेनो के कासना थाना क्षेत्र स्थित डाढ़ा गांव में रहने वाले एक 24 वर्षीय युवक ने मानसिक तनाव के चलते फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है।

# शहर स्वच्छ रखने को निगम ने शुरू किया अभियान

## कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्षद, आरडब्ल्यूए और संभ्रात लोगों की मदद लेगा विभाग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस बार शहर के साथ हरनंदी नदी को भी स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नगर निगम ने कवायद शुरू कर दी है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो नगर निगम स्वच्छता की रैंकिंग में पिछड़ जाएगा। इसलिए शहर को गंदा करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सड़क पर कूड़ा फेंकते हुए पकड़े गए तो 100 रुपये से लेकर 500 रुपये का जुर्माना भरना होगा और हरनंदी नदी में पहली बार मलबा डालते हुए पकड़े गए तो 50 हजार रुपये और इसके बाद प्रत्येक बार पांच हजार रुपये जुर्माना देना होगा। शहर में गंदगी करने वालों को पकड़ना नगर निगम के लिए आसान होगा। पहली बार में ऐसे स्थानों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, जहां सड़क पर कूड़ा फेंका



फाइल फोटो

जाता है। प्रत्येक जोन में कार्रवाई के लिए सफ ाई नायकों की अध्यक्षता में एक टीम बना दी गई है। इसमें स्थानीय पार्षद, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी और संभ्रांत लोगों की मदद ली जाएगी। गंदगी करते हुए पकड़े जाने पर सफ ाई नायक संबंधित व्यक्ति का चालान करेंगे, उनको रसीद बुक दे दी गई है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार रोजाना समीक्षा करेंगे, यदि कहीं पर गंदगी की शिकायत मिली तो सफ ाई नायक से जवाब तलब किया जाएगा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में इस बार

- हरनंदी नदी में कूड़ा डाला तो भरना पड़ेगा जुर्माना

नागरिकों से फीडबैक लेने के दौरान कई नए सवाल भी पूछे जाएंगे। जिनमें यह जानकारी ली जाएगी कि क्या आप कचरा अलग.अलग करके देते हैं, क्या आपसे कचरा शुल्क अलग से लिया जाता है, क्या आपको पता है कि कचरा सड़क पर फेंकने पर जुर्माना लग सकता है। इन सवालों के जवाब नागरिकों को भरने होंगे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार ने बताया कि शहर में सड़क हो या नदी, यदि किसी ने गंदगी की तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों को जागरूक किया गया है जो लोग शहर की स्वच्छता से खिलवाड़ करेंगे, उनके खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# 240 सरकारी स्कूलों में 12,430 अत्याधुनिक क्लास रूम तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की सरकार शिक्षा के क्षेत्र को लगातार बेहतर बनाने की कोशिश कर रही है। इसी दिशा में उसने एक नया कदम बढ़ाया है। उसने राजधानी दिल्ली के सरकारी 240 स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को 12430 नये स्मार्ट क्लास रूम की सौगात दी है। यहां अब अफसरों, जजों, रिक्शे वाले और मजदूर के बच्चे एक ही डेस्क पर बैठकर पढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को राजोकरी स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय में आयोजित समारोह इनका उद्घाटन किया।

इस दौरान उन सभी स्कूलों की पट्टिकाएं लगाई गई थी, जहां-जहां नए क्लास रूम बनाए गए हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा वह स्कूल नहीं बना रहे, बल्कि देशभक्त बनाने की फैक्ट्रियां बना रहे हैं।

यहां से बच्चे कट्टर देशभक्त बन कर निकलेंगे। भगत सिंह ने इंकलाब जिंदाबाद का नारा दिया था। आज वह इंकलाब जिंदाबाद, शिक्षा क्रांति जिंदाबाद नारा दे रहे है।

अरविंद केजरीवाल ने वह बाबा साहिब अंबेडकर और शहीद भगत सिंह के सपने को पूरा कर रहे है। पिछले 7 सालों में 20 हजार क्लास रूम बनाए हैं।

दूसरे राज्यों की राज्य सरकारों और केंद्र सरकार ने मिलाकर भी देशभर में इतने क्लास रूम नहीं बनाए। 75 साल पहले से गरीबों के बच्चों को भी इतनी अच्छी शिक्षा मिलनी शुरू हो गई होती, तो आज देश कहां से कहां पहुंच जाता।

नेताओं को स्कूल बनवाने से सबसे ज्यादा डर लगता है। क्योंकि शानदार स्कूल बन गए, तो उनको जाति-धर्म के नाम पर वोट मिलने बंद हो जाएंगे। देश के कई निजी स्कूलों में भी इतनी शानदार व्यवस्था नहीं है, जितनी आज दिल्ली सरकारी स्कूलों में है।

इसी का परिणाम है कि स्कूलों के बहुत शानदार नतीजे आने लगे हैं। किसी ने सोचा नहीं था कि एक वक्त ऐसा आएगा, जब सरकारी स्कूलों के नतीजे प्राइवेट स्कूलों से ज्याद बेहतर आने लगेंगे। इस साल 3.70 लाख बच्चों ने निजी स्कूलों से नाम कटवा कर सरकारी स्कूलों में दाखिला लिया है। इससे बड़ा प्रमाण पत्र और क्या हो सकता है कि दिल्ली के अंदर शिक्षा क्रांति आ रही है।

## धीरे-धीरे डिजिटल क्लास रूम की तरफ बढ़ रहे : उप मुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि उन्होंने स्कूलों में पढ़ाने के तौर तरीके भी बदले हैं। लाखों बच्चे इस संकल्प के साथ इन स्कूलों में प ?ाई कर रहे हैं कि आगे चलकर वह नौकरी ढूंढने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनेंगे। क्योंकि देश में बेरोजगारी, गरीबी और अर्थ व्यवस्था को आगे बढ़ाने की समस्या है। जिन स्कूलों का उद्घाटन हुआ है, वो अब स्मार्ट क्लास हैं और अब वो धीरे-धीरे डिजिटल क्लास रूम की तरफ भी बढ़ रहे है। पिछले बजट में ऐलान किया था कि चार-पांच साल के अंदर सभी क्लास रूम को आधुनिक डिजिटल क्लास रूम में बदल देंगे। बच्चे अब डिजिटल फार्मेट में पढ़ सकेंगे।

## शिक्षकों के 24,000 पद खाली, कैसे सुधरेगा शिक्षा का स्तर : भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने केजरीवाल सरकार के शिक्षा व्यवस्था पर निशाना साधा है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि पंजाब चुनावों से ठीक एक दिन पहले किए गए उद्घाटन से सिर्फ पंजाब की जनता को भ्रमित करने की कोशिश की गई है। केजरीवाल यह बताएं कि पिछले सात सालों में कितने सरकारी स्कूल खोले हैं। इस दौरान एक भी नया स्कूल नहीं खुला, बल्कि सरकार के 16 स्कूल बंद जरूर हो गये हैं। केजरीवाल अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रहे है। उन्होंने सवाल किया कि अगर क्लास रूम बढ़ाए गए हैं तो सीएम यह बताएं कि उन क्लास रूम में पढ़ाने के लिए टीचर कहां हैं। इस वक्त 745 सरकारी स्कूलों में प्रिंसिपल और 418 स्कूलों में वाइस प्रिंसिपल नहीं हैं। शिक्षकों के 24 हजार 500 पद खाली पड़े हैं। 22 हजार गेस्ट टीचर्स में से कई हजार टीचर्स की नौकरी चली गई है और आज तक किसी एक भी गेस्ट टीचर को पक्का नहीं किया गया। इससे शिक्षा के स्तर में भारी गिरावट आई है।

# गाजीपुर-सीमापुरी में एक ही शख्स ने रखा विस्फोटक



● दोनों बम का डिजाइन और उनमें इस्तेमाल सामग्री समान थी : राकेश अस्थाना



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गाजीपुर और पुरानी सीमापुरी में मिली आईईडी की जांच कर रही पुलिस ने पाया है कि दोनों आईईडी का डिजाइन और उनमें इस्तेमाल सामान समान हैं।

साथ ही दोनों जगहों के नजदीक खड़ी मोटरसाइकिल भी चोरी की गई थी। जांच टीम को अंदेश है कि एक महीने के भीतर दो स्थानों पर आईईडी रखने वाला व्यक्ति एक ही है। इस दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों का रेखाचित्र तैयार कराया है। सुरक्षा एजेंसियों को भरोसा है कि आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे। पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने शुक्रवार को कहा था कि ओल्ड सीमापुरी स्थित एक घर से बृहस्पतिवार को मिली आईईडी और 17 जनवरी को गाजीपुर की फूल मंडी में रखे विस्फोटक को शहर के सार्वजनिक स्थानों पर धमाके की मंशा से तैयार किया गया था।

ऐसी गतिविधि बिना स्थानीय मदद के संभव नहीं है। जांचकर्ताओं ने खुलासा किया कि दोनों इम्प्रोवाइस्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का निर्माण अमोनियम नाइट्रेट और आरडीएक्स मिलाकर कर किया गया था, जिन्हें नियंत्रित अवस्था में निष्क्रिय किया गया और इसमें कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस आयुक्त के अनुसार गाजीपुर के घटनास्थल के पास से जुटाए गए सीसीटीवी फुटेज में आईईडी के नजदीक एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल खड़ी दिखी जबकि ओल्ड सीमापुरी में आईईडी बरामद करने के बाद दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन के नजदीक उसी तरह की बाइक मिली। छानबीन में पता चला है कि बाइक चोरी की है। यह वही मोटरसाइकिल है, जो गाजीपुर से मिली सीसीटीवी तस्वीरों में दिखाई दी है।

## तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार, सोने की 636 सिगरेट बरामद

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शारजाह से लौटे दो भारतीय यात्रियों को सीमा शुल्क विभाग ने तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन दोनों के पास विदेश में बने सिगरेट और सोने के पेस्ट बरामद किए गए हैं।

आरोपियों के पास से 268 ग्राम सोना पेस्ट रूप में बरामद किया गया जिसकी कीमत 12,20,090 रुपये आंकी गई है। सीमा शुल्क विभाग आयुक्त के अनुसार बृहस्पतिवार को यूएई से लौटे दो भारतीय यात्रियों को विमानतल के टर्मिनल-3 पर रोका गया। शक होने पर दोनों की तलाशी में उनके पास से विदेश में निर्मित सिगेरट के 636 'डंडे' बरामद किये गए जिनका मूल्य 9,54,000 रुपये है।

# माता गुजरी अस्पताल में होगा मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर

● दक्षिणी निगम व रोटरी क्लब, दिल्ली प्रीमियर साथ समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी निगम के माता गुजरी अस्पताल ,तिलक नगर में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर स्थापित किसर जाएगा। मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बनाने हेतु आयुक्त ज्ञानेश भारती , अतिरिक्त आयुक्त रणधीर सहाय और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में रोटरी क्लब, दिल्ली प्रीमियर और निगम के अस्पताल प्रशासन विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। रोटरी क्लब 50 लाख रुपये की सहायता कर ऑपरेशन थियेटर स्थापित करेगा।

साथ ही एनेस्थीसिया उपकरण और अन्य ज़रूरी मेडिकल सामान भी प्रदान करेगा। माता गुजरी अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर स्थापित हो जाने से विभिन्न प्रकार की सर्जरी, प्रसूति सर्जरी, आदि की जा सकेंगी और मरीज़ों को व्यापक स्तर पर इसका लाभ पहुँचेगा। दक्षिणी निगम द्वारा माता गुजरी अस्पताल को 100 बिस्तरों वाला मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल बनाने के लिए विभिन्न क़दम उठाए जा रहे हैं व मेड़िकल सुविधाओं को सुदृढ़ कर रहा है, जिससे लोगों को बेहतर इलाज मिल सके। ऑपरेशन थियेटर किसी भी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का एक अभिन्न अंग है ।

सीमित संसाधनों और वित्तीय चुनौतियों के बावजूद माता गुज़री अस्पताल में अत्याधुनिक मेडिकल सुविधाएँ प्रदान की जा रही है। पिछले वर्ष ही अस्पताल में बच्चों व नवजात शिशु के लिए एनआइसीयू, बाल चिकित्सा वार्ड, नए डायलिसिस केंद्र स्वास्थ्य सेवाओं का भी लोकार्पण किया गया।

# बुराड़ी में दोस्त के घर में मिला युवती का शव

● पुलिस को गला दबाकर हत्या का शक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के बुराड़ी इलाके में युवती का शव उसके मित्र के घर के बरामद किया गया।

पुलिस को शुक्रवार रात करीब आठ बजे कॉल करके बुराड़ी में कौशिक एन्क्लेव के बी-ब्लॉक में एक युवती की हत्या किए जाने के संबंध में सूचना दी गई थी।

पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा कि मौके पर पहुंचने पर कॉल करने वाली प्रियंका बिष्ट ने बताया कि जब वह शाम को अपने घर पहुंची तो उसने अपनी मित्र प्रियंका साहा को कमरे में मृत पाया। साहा की मां ने पुलिस को बताया कि प्रियंका बिष्ट के पति अमन बिष्ट ने शुक्रवार दोपहर को उनकी बेटी को फोन किया था। पुलिस ने बताया कि अमन ने साहा को अपनी पत्नी के लिए साड़ी खरीदने में मदद के लिए बुलाया था। ऐसा लगता है कि साहा की हत्या गला दबाकर की गई है।

हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। साहा की अगले महीने शादी होने वाली थी। बुराड़ी पुलिस थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। अमन फरार है और पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

## शरजील इमाम के खिलाफ चार्जशीट पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली हिंसा मामले के आरोपी शरजील इमाम के खिलाफ दाखिल दूसरी पूरक चार्जशीट के आधार पर आरोप तय करने के मामले पर सुनवाई टाल दी है। कोर्ट ने इस मामले पर 26 फरवरी को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया।

पुलिस ने शरजील के खिलाफ दूसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने एक मामले में शरजील की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने 24 जनवरी को ही इमाम के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने राजद्रोह समेत दूसरी धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है।

# कवियों का अपमान करने के लिए केजरीवाल माफी मांगें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कवियों के एक समूह ने सीएम अरविंद केजरीवाल से कवियों का अपमान करने के लिए कवियों से माफी मांगने को कहा है।

कवियों का अरोप है कि केजरीवाल ने अपने पूर्व सहयोगी कुमार विश्वास के आरोपों का खंडन करते हुए तथाकथित रूस से कवियों का अपमान किया। विश्वास ने आरोप लगाया था कि केजरीवाल को खालिस्तान समर्थक तत्वों के साथ सहानुभूति थी। एक खुले पत्र में कवियों ने कहा कि वे केजरीवाल द्वारा उनका उपहास करने के कथित प्रयास से आहत हैं और कहा कि उन्हें कवियों का ''अपमान'' करने के बजाय आरोपों का मुकाबला करने के लिए तथ्यों के साथ बात करनी चाहिए थी।

पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले 40 कवियों में गजेंद्र सोलंकी और दिनेश रघुवंशी शामिल हैं। कवियों ने यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल पंजाब में 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान एक कथित खालिस्तान समर्थक आतंकवादी के घर पर रुके थे।

## संक्षिप्त समाचार



### कोरोना के 635 नए मामले, सक्रमण घटी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 635 नए मामले सामने आए और महामारी से दो मरीजों की मौत हो गई। इस दौरान संक्रमण दर डेढ़ फीसदी से नीचे यानी 1.13 प्रतिशत दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार राजधानी में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 18,55,409 हो गए और मृतकों की संख्या 26,097 पर पहुंच गई। एक दिन पहले 56,199 नमूनों की जांच की गई थी। शुक्रवार को संक्रमण के 635 मामले सामने आए थे और संक्रमण दर 1.22 प्रतिशत थी।

### हजारों महिलाओं का लाल किले पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर देश विरोध मानसिकता का आरोप लगाते हुए लाल किले के सामने हजारों की संख्या में विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। विरोध प्रदर्शन में महिलाओं ने देश के टुकड़े करने और अलग राष्ट्र बनाने की मानसिकता वाले अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में भाजपा के कई गणमान्य नेता एवं प्रदेश के पदाधिकारियों ने केजरीवाल के खालिस्तानी सोच का पुरजोर विरोध किया। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी बैजयंत जय पांडा ने कहा किकेजरीवाल द्वारा दिया गया बयान बेहद ही गंभीर और संवेदनशील है।केजरीवाल की देश विरोधी मानसिकता देश के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पंजाब को बांटने की बात करने वाले केजरीवाल को भी पता है कि पंजाब का एक बार बंटवारा हो चुका है। उन्होंने कहा कि पंजाब और भारत का बंटवारा कर नए राष्ट्र का पहला प्रधानमंत्री बनने का सपना संजोए है।

# पश्चिमी विक्षोभ बेअसर, अब राजधानी में बढ़ने लगी गर्मी

● सुबह-शाम हल्की ठंड महसूस की जा रही है, अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान बढ़ेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिमी विक्षोभ बेअसर होने से अब गर्मी बढ़ रही है। दिल्ली-एनसीआर में ठंड पीछे छूटती जा रही है और गर्मी दस्तक दे चुकी है।

इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शुक्रवार शाम को हुई बूंदाबांदी भी बेअसर रही। शनिवार सुबह इसका कोई असर नहीं पड़ा। इसके साथ ही आने वाले दिनों में भी गर्मी इसी तरह धीरे-धीरे बढ़ती रहेगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार ही, शनिवार सुबह दिल्ली-एनसीआर में बेहद कम प्रभाव डालने वाला कोहरा रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का औसत तापमान है। आईएमडी ने बताया सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत दर्ज की गई। दिन भर तेज हवाएं चलती रही और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को दिन के समय तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान लगाया है।

हालांकि सोमवार को मौसम सामान्य रहेगा। सुबह हल्का कोहरा पड़ने का अनुमान है। अगले सप्ताह 22 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इस वजह से 22 व 23 फरवरी को कुछ इलाकों में हल्की फुहार पड़ सकती है।

# गुरु रविदास और संत गाडगे की जयंती मनाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने अपने आवास पर संत शिरोमणि गुरु रविदास और संत गाडगे महाराज की जयंती मनाई। साथ ही उन्होंने गुरु रविदास और संत गाडगे, भगवान बुद्ध, ज्योतिबा राव फुले, संत कबीर दास की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया।

इस मौके पर राजेंद्र पाल गौतम ने संत गुरु रविदास का दोहा ऐसा चाहूँ राज मैं जहाँ मिलै सबन को अन्न। छोट बड़ो सब सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न। सुनाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

संत का सपना था कि हर जाति के व्यक्ति को एक सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिले और अमीर- गरीब सभी को समान अवसर मिले। उन्होंने यह बताया कि कैसे सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में उनकी सरकार शिक्षा के माध्यम से संत रविदास के इस सपने को पूरा कर रही है।

अब दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अमीर और गरीब दोनों के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा मिल रही है।

# कमला मार्किट में बनी पहली गुलाबी पुलिस चौकी

## महिला पुलिसकर्मी करेंगी सेक्स वर्कर्स के जीवन में बदलाव लाने की कोशिश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



करोल बाग में पिंक बूथ की सफल स्थापना के बाद दिल्ली पुलिस ने कमला मार्किट थाने में गुलाबी चौकी लगाई है। चौकी का उद्घाटन मध्य जिला उपायुक्त ने किया।

इसकी शुरू होने से श्रद्धानंद मार्ग पर रहने वाले नागरिकों की शिकायत का जल्द निवारण होगा। इस चौकी पर सिर्फ महिला पुलिसकर्मी हैं। ये कर्मी इलाके में रहने वाले कमजोर लोगों के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।

वहीं चौकी क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं की वास्तविक शिकायतों को पूरा करेगी और उनकी शिकायतों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करेगी। गुलाबी चौकी इन लड़कियों के लिए पुलिस स्टेशन का दौरा किए बिना एक सुरक्षित शिकायत निवारण तंत्र प्रदान करने का एक प्रयास है।

चौकी के भूतल महिलाओं की शिकायतों को सुनने के लिए बनाया गया है। पहली मंजिल को एक हॉल में बदल दिया गया है जहां सिलाई मशीनें रखी गई हैं। चौकी में महिलाओं के लिए कंप्यूटर भी हैं। एम्स के नर्सिंग स्टाफ को भी सात महिलाओं को नौकरी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद से महिलाएं शहर के अस्पतालों और क्लीनिकों में सहायक के रूप में काम कर सकती हैं।

इसके अलावा, उन्हें 'दीया और बर्तन' बनाने जैसी छोटी गतिविधियों में भी लगाया जा रहा है ताकि वे पैसा कमा सकें और स्वतंत्र हो सकें। इसके अलावा मध्य जिले में रहने वाली लड़कियों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान के लिए माता सुंदरी कॉलेज और राजिंदर नगर सहित आठ और गुलाबी बूथों की स्थापना की जा रही है। उद्घाट समारोह में बाजार कल्याण संघों के सदस्य एवं मध्य जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की इस पहल का स्थानीय लोगों और बाजार संघों ने स्वागत और प्रशंसा की है। सभी नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लक्ष्य के साथ सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में सार्वजनिक स्थानों पर हर प्रकार के अपराध को रोकने के लिए किया जा रहा है। उम्मीद है कि सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की इस नई पहल से दिल्ली के निवासी अधिक सुरक्षित और सुरक्षित महसूस करेंगे।

## दिल्ली पुलिस के स्थापना सप्ताह पर साइकिल रैली



नई दिल्ली दिल्ली पुलिस के 75वां स्थापना सप्ताह के मौके पर द्वारका पुलिस द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। इसमें जिले के कई आला अधिकारी, पुरुष व महिला पुलिसकर्मी समेत छोटे-छोटे बच्चों ने भी भाग लिया। यह रैली द्वारका जिला पुलिस मुख्यालय से शुरू होकर वेगास मॉल होते हुए फिर जिला पुलिस मुख्यालय वापस आकर सम्पन्न हुई। एडिशनल डीसीपी ने फ्लैग ऑफ करते हुए इस रैली की शुरुआत की। रैली संपन्न होने के बाद इस कार्यक्रम का आयोजन करने में द्वारका पुलिस का सहयोग करने वाले गणमान्य लोगों को एडिशनल डीसीपी ने धन्यवाद किया। यह रैली सुबह सवा सात बजे शुरू हुई। रैली में लोगों ने खूब जोश और खरोस के साथ भाग लिया।



## सीएम आवास पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की युवा शाखा ने शनिवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के नजदीक विरोध प्रदर्शन किया। आप के पूर्व नेता और कवि कुमार विश्वास द्वारा केजरीवाल पर पंजाब में अलगाववादियों का समर्थन करने संबंधी आरोप लगाए जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने हमला किया है। आप सुप्रीमो ने कुमार विश्वास के आरोपों को 'हास्यास्पद' बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि देश के 'भ्रष्ट' लोगों ने उनके खिलाफ हाथ मिला लिया है। भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल और आप के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चंदगीराम अखाड़े से मुख्यमंत्री आवास तक मार्च किया। हालांकि, पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग पर रोक दिया। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी. ने कहा कि हर कोई चाहता है कि केजरीवाल उन आरोपों का जवाब दें।

# क्षेत्र का समग्र विकास ही प्राथमिकता: विधायक

## सत्यप्रकाश जरावता ने सेक्टर-85 में किया नाले के निर्माण का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-85 में सिकंदरपुर बढ़ा गांव के पास नाले के निर्माण के शुभारंभ अवसर पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता का स्वागत करते भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव।

**पटौदी** के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने शनिवार को सिकंदरपुर बढ़ा गांव सेक्टर-85 स्थित ओरिस सोसायटी के सामने करीब पांच साल से लंबित पड़े नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम मानेसर के जोन-2 में करीब साढ़े 4 करोड़ रुपये के कार्यों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास कराना ही प्राथमिकता है। विकास में किसी भी तरह की ना तो कमी छोड़ी जा रही और ना ही कोई भेदभाव किया जा रहा। सभी क्षेत्रों का समुचित और निष्पक्ष विकास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार सिर्फ गुरुग्राम ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में विकास के कार्यों को तत्परता और प्रमुखता से करा रहा है। विधायक ने कहा कि मानेसर नगर निगम के गठन के बाद क्षेत्र का विकास और भी तेजी से हो रहा है। चाहे सड़कें हो या कोई अन्य सामूहिक कार्य, सभी कार्य बेहतरी से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी लगातार क्षेत्र के विकास करा रहे हैं। हाल ही में मानेसर में 500 बेड का ईएसआईसी अस्पताल का शिलान्यास करने के साथ यहां नर्सिंग कालेज बनाने की घोषणा से क्षेत्र को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर सरकार प्रदेश को विकास के मामले में आगे बढ़ा रही है।

इस अवसर पर भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुन्दर लाल सरपंच ने कहा कि इस नाले के निर्माण से क्षेत्र की काफी बड़ी समस्या का समाधान हो जाएगा। विधायक को जब इस बारे में अवगत कराया गया तो उन्होंने इस पर बारीकी से चर्चा की। अधिकारियों को भी इसके निर्माण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विधायक सत्यप्रकाश जरावता की ओर से मानेसर नगर निगम के अधीन गांवों समेत पटौदी विधानसभा के सभी गांवों के सामूहिक कार्यो को कराया जा रहा है। सीमा राघव सरपंच बढ़ा, हरजस सरपंच रामपुरा, प्रदीप सरपंच नौरंगपुर, दयाराम चेयरमैन, डाक्टर महाबीर यादव ओरिस सोसायटी, राकेश ओरिस सोसायटी, रिषभ ओरिस सोसायटी, सतीश सरपंच डाबोदा, अमरेश, धर्मबीर यादव, लालाराम, बलवंत सिंह, दमन यादव, सत्तू प्रधान, ओमप्रकाश मेम्बर, सूबेदार धर्म सिंह, सूबेदार देशराज यादव, संजय यादव, स्नेहलता, अनु यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## निरंकारी भवन के आसपास 23 को चलेगा सफाई अभियान

**गुरुग्राम।** सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज के पावन आशीर्वाद से निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्म दिवस 23 फरवरी बुधवार को गुरुग्राम के बसई रोड और सेक्टर-31 तथा अन्य निरंकारी भवनों के आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान प्रांगण व आसपास के क्षेत्र, आवागमन के मार्गों आदि में सफाई की जाएगी।

प्रदूषण अन्दर हो या बाहर, दोनों ही जगह हानिकारक है। निरंकारी भक्त इसलिए मन और वातावरण को स्वच्छ रखने में प्रयासरत रहते हैं। मानवीय जीवन का अर्थ ही यही है कि दूसरों के लिए काम आया जाये। अध्यात्म की दृष्टि में मन व आत्मा की सफाई प्रभु निरंकार को स्मरण करने तथा इसके सत्संग से हो जाती है।

## युवा आबादी का राष्ट्रहित में हो दोहन: वीके चतुर्वेदी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय और यूथ4नेशन राष्ट्रीय मिशन के संयुक्त तत्वावधान में जूम ऐप के माध्यम से ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का विषय युवा देश के लिए रखा गया।

कार्यक्रम का आयोजन गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में छात्र कल्याण विभाग द्वारा किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। श्री चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा और सक्षम देश है। जिसकी 65 फीसदी जनसंख्या 35 वर्ष से कम उम्र की है। यह हमारे लिए अवसर है। जिसका हमें राष्ट्रहित में दोहन करना है। मुख्य वक्ता ने विवेकानंद की चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवा शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण होता है। हम एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करें, जिसमें देश भक्ति भरी गई हो।

# हरियाणा के हर गांव में वन क्षेत्र बढ़ाने की है जरूरत: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सुल्तानपुर नेशनल पार्क में भ्रमण करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**राज्यपाल** बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि हरियाणा सरकार नैचुरल फोरेस्ट्री और ग्रीनरी को संतुलित ढंग से विकसित कर रही है। प्रदेश में इस कार्य के लिए 770 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर गांव में वन क्षेत्र बढ़ाने की जरूरत है। यह बात उन्होंने शनिवार को यहां सुल्तानपुर नेशनल पार्क का भ्रमण करने के दौरान कही। उन्होंने सुल्तानपुर नेशनल पार्क में पौधारोपण किया और रामसर साइट घोषित सुल्तानपुर वेटलैंड का भ्रमण किया।

राज्यपाल ने रूचि लेकर बर्ड वॉचिंग की और पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने पार्क परिसर में बने इंटप्रेटेशन सेंटर का भी अवलोकन किया, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों की फोटो के साथ उनके अलग अलग देशों से यहां आने के रूट, खानपान, आदतों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। यह ज्ञानवर्द्धक जानकारी प्राप्त करके वे बहुत प्रसन्न हुए और कहा कि स्कूल और कालेज के विद्यार्थियों को इस वेटलैंड का भ्रमण करवाएं, ताकि उन्हें पशु-पक्षियों के बारे में जानकारी मिले और वे उनके प्रति प्रेम की भावना रखें। राज्यपाल को बताया गया कि सुल्तानपुर नेशनल पार्क में हर वर्ष विश्व के विभिन्न देशों से 100 से अधिक प्रजातियों के लगभग 50,000 पक्षी यहां आते हैं।

राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने कहा कि प्रदेश के हर गांव में वृक्ष व पौधे लगाने और वन क्षेत्र बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए नए इनिशिएटिव लेने चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आम जनता को ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने को प्रेरित किया जाना चाहिए। सभी में यह भावना पैदा हो कि पशु-पक्षियों की सुरक्षा करना हमारा धर्म है। पशु पक्षियों के प्रति सभी में दया का भाव हो। राज्यपाल ने कहा कि मानव जाति व पशु-पक्षी की आपस में निर्भरता होती है, ऐसे में हमें उनके प्रति वैसा ही व्यवहार व प्रेम करना चाहिए जैसा हम आमजन से करते हैं।

## निकाय चुनाव जल्द होने की आशंका से राजनीतिक गतिविधियां बढ़ीं

एन रोहिल्ला। सोहना

**प्रदेश** में जल्द ही निकाय चुनाव होने की आशंका से राजनीति गतिविधियां बढ़ने लगी है। राजनीति पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की तलाश शुरू कर दी है। जिसके लिए पार्टियों के संगठनों ने बैठकों का दौर शुरू कर दिया है।

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में होने वाले 42 नगरपालिका, नगर परिषद चुनावों जल्द ही कराएं जाने के संकेत दिए जाने से राजनीति सगर्मियां तेज होने लगी हैं। इस बार प्रदेश में निकाय चुनाव पार्टी सिम्बल पर होने को लेकर जहां राजनीति दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों को उतारने को लेकर खोज शुरू कर दी है। वहीं पार्टी के सिम्बल पर चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशियों ने टिकट के लिए दौड़ लगाने के लिए लंगोट कसना शुरू कर दिया है। चुनाव मैदान में पार्टी के सिम्बल लेने के लिए अपने आकाओं के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंच रहे हैं।

**राजनीति पार्टियों ने बैठकें शुरू :** बीते एक 10 दिन के अंदर दो राजनीति पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं की बैठकें सोहना में की है। 8 फरवरी को जननायक जनता दल की पार्टी के दिग्विजय सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक सोहना में करके निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट जाने को कहा। वहीं इस अवसर पर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे दर्जनभर उम्मीदवारों ने टिकट की ताल ठोंक दी। शुक्रवार को भाजपा संगठन की बैठक सोहना कॉम्पलैक्स में हुई। संगठन महामंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ निकाय चुनाव में तैयारियों का जायजा लिया और चुनाव में विजयी होने के लिए मूलमंत्र दिए गए।

**डोर टू डोर का दौरा :** इस बार सोहना नगर परिषद चेयरमैन का पद महिला अनुसूचित जाती के लिए आरक्षित है। चुनाव मैदान में उतरने वाली महिलाओं ने अपना डोर टू डोर जनसम्पर्क साधने में जुटी हुई है। ताकि चुनाव से पहले मतदाताओं के सामने अपनी पहचान बना सके। वह बात अलग है कि अभी अपने चुनाव प्रचार में वे किसी राजनीति दल का सिम्बल लेकर नहीं चल रही है।

# लड़की ने शादी से पहले दहेज लोभी लड़के समेत सात पर दर्ज कराया मुकदमा

## क्रेटा गाड़ी के टॉप मॉडल को लेकर लड़के ने शादी से किया था इंकार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना निवासी द्वारा बेटी की शादी में देने के लिए खरीदी गई क्रेटा गाड़ी।

**शादी** से पहले क्रेटा टॉप मॉडल गाड़ी मांगने वाले लड़के समेत उसके परिजनों पर लड़की ने शादी से दो दिन पहले थाना पहुंच मामला दर्ज कराया। लड़की ने आरोपियों के खिलाफ अदालत में ठोंक कर बयान दिए। पुलिस जल्द ही दहेज के लोभियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

शहर के इंडरी मोड वार्ड 10 में रहने वाली गरिमा पुत्री सतीश जांगड़ा ने बताया कि उसके पिता ने दिल्ली उत्तम नगर निवासी रोबिन पुत्र पवन शर्मा के साथ 11 अप्रैल 2021 को रिश्ता तय किया था। दोनों की पक्षों की सहमति से 18 फरवरी को शादी तय होना हुआ था। शादी की तैयारियों के दौरान बुधवार को लड़का रोबिन ने उसे वाट्सअप कॉल करके शादी में मिलने वाली गाड़ी की जानकारी ली। रोबिन ने शादी में क्रेटा टॉप मॉडल गाड़ी ने मिलने पर गुरुवार की सुबह गरिमा को फोन करके शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता गरिमा ने रोबिन द्वारा मॉडल गाड़ी की मांग करने की बात जबकि अपने परिजनों को बताई तो उनके पैरों के नीचे से जमीन निकलने लगी। गरिमा ने सिटी थाना में पहुंच दहेज के लोभी रोबिन, रोबिन की मां सुषमा, ससुर पवन शर्मा, रोबिन की बहन बबली, पवन शर्मा के चाचा रतनलाल, रोबिन की दादी बिमला के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने पीड़िता लड़की की शिकायत पर नामजद सात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**शादी की तैयारी में खर्च हो चुके हैं 50 लाख :** लड़की गरिमा के पिता सतीश जांगड़ा ने बताया कि उसने बेटी को शादी में देने के लिए करीबन 15 लाख रुपये के गाड़ी खरीदी थी। इसके अलावा शादी की तैयारी में अब तक उसके 50 लाख रुपये खर्च हो गए हैं। जिसमें शादी का मंडप समेत बारातियों का खाना, कपड़े आदि शामिल हैं।

### लड़का शुरू से ही कर रहा था दहेज की मांग

**गरिमा** ने बताया कि रोबिन ने रिश्ता जुड़ने के साथ ही अपनी हाई प्रोफाइल मांगों को उसके सामने रखना शुरू कर दिया था। लेकिन उसके पिता ने उसकी खुशियों के लिए अपनी जरुरत से अधिक पैसा शादी में खर्च कर रहे थे। जिसमें हीरे की अंगूठी तक रोबिन ने मांगी थी। शादी पंडाल से लेकर मंडल और खाना आलीशान होने की मांग रोबिन द्वारा की गई।

“ पीड़िता गरिमा की शिकायत पर नामजद सात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद शुक्रवार को अदालत में बयान दर्ज करा दिए हैं। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

**उमेश कुमार**
**सिटी थाना प्रभारी सोहना**

# स्वास्थ्य विभाग का वैक्सीनेशन और टीकाकरण अभियान जारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



.सोहना के नागरिक अस्पताल में कोरोना वैक्सीनेशन कराता किशोर।

**स्वास्थ्य** विभाग आम नागरिकों को कोरोना संक्रमण से बचाव और सुरक्षा के लिए चलाई जा रही योजनाओं को बरकरा रखे हुए है। विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में हर दिन 200 से 250 लोगों को वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसके साथ-साथ कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए अस्पताल से बाहर शिविर लगाने का प्रक्रिया लगातार चलाई जा रही है।

प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण के दौरान लगाए गए प्रतिबंधों को भले ही समाप्त कर दिया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग आज भी कोरोना संक्रमण को हल्के में नहीं ले रहा है। सोहना के नागरिक अस्पताल प्रशासन द्वारा कोरोना वैक्सीनेशन से लेकर संक्रमितों की पहचान के लिए चलाए जा रहे अभियानों को बरकरार रखे हुए है। कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए नागरिक अस्पताल में नियमित रुप से एक काउंटर चलाया जा रहा है। जहां पर 50 से 60 नागरिक कोरोना टेस्ट कराने के लिए पहुंच रहे हैं। इसके अलावा नागरिक अस्पताल से बाहरी क्षेत्र में एक शिविर हर दिन चलाया जा रहा है। जहां पर भी 50 से 60 लोगों की कोरोना जांच की जा रही है।

### सोसायटियों में भी लगेंगे शिविर

**नागरिक** अस्पताल से एक टीम शहरी क्षेत्र में बनी सोसायटियों में कोरोना संक्रमण जांच के लिए हर दिन जाएगी। डॉक्टर गरिमा ने बताया कि कई सोसायटियों से संक्रमण जांच के शिविर लगाने की मांगें आ रही हैं, क्योंकि सोसायटियों में रहने वाले नागरिक सैकड़ों की संख्या बाहर आते व जाते हैं।

### 200 से 250 किशोरों को वैक्सीनेशन हर दिन

**नागरिक** अस्पताल की तरफ से वैक्सीनेशन करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। 15 से 18 उम्र वाले किशोरों से लेकर 18 से अधिक उम्र वाले नागरिक और 60 से अधिक उम्र वाले नागरिकों को बूस्टर डोज लगाने का कार्य हर दिन चल रहा है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए 5 टीम कार्य कर रही है। जो एक दिन में करीब 250 नागरिकों को वैक्सीनेशन कर रही है।

उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार

“ कोरोना जांच और वैक्सीनेशन का कार्य गतिमान है। विभाग आम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दोनों अभियानों को जारी रखे हुए हैं।

**नवल किशोर**
**( एसएमओ नागरिक अस्पताल )**

# प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे: बरती लापरवाही से करदाता परेशान

## एजेंसी ने सिर्फ दो कर्मी शुद्धीकरण के लिए परिषद कार्यालय में बिठाए

## त्रुटियों को ठीक कराने के लिए प्रतिदिन 1 से 15 नागरिक पहुंच रहे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना नगर परिषद कार्यालय में प्रॉपर्टी टैक्स में पाए जा रही गलतियों को दुरुस्त कराने वालों की लगी लंबी लाइन।

**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में चार वर्ष पहले किए प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे में एजेंसी कर्मियों द्वारा बरती गई लापरवाहियों का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। नागरिकों को प्रॉपर्टी टैक्स के नोटिस में त्रुटियों को ठीक कराने के लिए घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। नगर परिषद ने नागरिकों की बढ़ती लाइन को देखते हुए एजेंसी को कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए पत्र लिखा है।

वर्ष 2018 में नगर परिषद के सभी 21 वार्डों में प्रॉपर्टी का सर्वे करने की जिम्मेदारी याशी एजेंसी को दी गई थी। एजेंसी कर्मियों द्वारा सर्वे कार्य को संतोषजन नहीं किया। जिसके कार्य में प्रारंभ से लेकर आज तक सवालियां निशान ही लगते आ रहे हैं। एजेंसी कर्मियों की लापरवाही नागरिकों को दुख दे रही है। करीब एक माह पहले एजेंसी कर्मियों ने शहर के अलग-अलग वार्डों में प्रॉपर्टी टैक्स वितरण कार्य की शुरुआत की थी।

साथ के साथ ही एजेंसी ने अपने दो कर्मचारियों को प्रॉपर्टी टैक्स में नाम, पता, और जमीन पैमाइश में पाए जाने वाली गलतियों की शुद्धीकरण कराने के लिए परिषद कार्यालय में बैठा दिया है। परिषद कार्यालय में प्रॉपर्टी टैक्स की त्रुटियों को ठीक कराने के लिए एक दिन में 100 से 150 नागरिक पहुंच रहे है। जिनमें से 40 से 50 नागरिकों नंबर आता हैं। 70 से 80 नागरिक घंटा अपना नंबर आने के लिए लाइन में लगने के बाद भी बैरंग अपने घरों को लौट रहे हैं।

### एजेंसी को पत्र के बाद भी नहीं बढाए कर्मचारी

**नगर** परिषद प्रशासन की तरफ से एजेंसी के डीएमसी को पत्र लिखते हुए प्रॉपर्टी टैक्स की गलतियों को दूर करने के लिए कर्मचारियों की संख्या में बढोत्तरी किए जाने की मांग की गई थी। लेकिन परिषद द्वारा पत्र लिखने के बाद भी एजेंसी अपने कर्मचारियों की संख्या को नहीं बढ़ा रही है। जिसको लेकर शहरवासियों में एजेंसी के खिलाफ भारी रोष पनपने लगा है।

### फार्म हाउस मालिकों को तो नोटिस ही नहीं दिए

**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में से लगती अरावली पहाड़ी में पूर्णरूप से निर्मित फार्म हाउसों को एजेंसी की तरफ से चार वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रॉपर्टी टैक्स के नोटिस नहीं दिए गए है। सोहना शहर से लगती अरावली पहाड़ी में गोल्डन हाइट में 70 के लगभग फार्म हाउस है तथा परिषद के वार्ड एक रायसीना में लगती अंसल क्षेत्र में 100 के लगभग फार्म हाउस हैं।

“ कार्यकारी अधिकारी की तरफ से एजेंसी व डीएमसी को पत्र लिखे जाने के बाद कर्मचारियों की संख्या में बढ़ाई नहीं गई है। नागरिकों की परेशानी दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है।

**रवि शर्मा**
**( प्रॉपर्टी टैक्स क्लर्क )**

## संक्षिप्त समाचार

### सूर्य नमस्कार से होता है विद्यार्थियों का चहुमुखी विकास



**सोहना।** राजकीय स्कूलों में सूर्य नमस्कार के साथ-साथ योग क्रियाओं के अभ्यास से विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास हो रहा है। विद्यार्थियों योग क्रियाओं में पूरा ध्यान देकर कर रहे हैं। शनिवार को सांप की नंगली राजकीय मिडिल स्कूल नियमित चल रही योग क्रिया और सूर्य नमस्कार को लगातार 100 बार सूर्य नमस्कार करके रिकार्ड बनाया। योग प्रशिक्षण अध्यापक धर्मेन्द्र यादव कोरोना काल के बाद से स्कूल खुलने के पहले दिन से योग कक्षा चला रहे है। जिसमें स्कूल का शिक्षक स्टाप ऊषा पाहुजा, निखिलेश रोहिल्ला, सुरेन्द्र मलिक और मुख्याध्यापक विजयपाल भाग ले रहे है। विजयपाल ने विद्यार्थियों को योग क्रियाओं और सूर्य नमस्कार से होने वाले लाम की जानकारी दी। विद्यार्थियों को जीवन में योग क्रियाओं और सूर्य नमस्कार दिन चर्या में बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने विद्यार्थियों से योग क्रियाओं और सूर्य नमस्कार पर आधारित प्रश्न पूछे गए जिनका सभी विद्यार्थियों ने शत प्रति शत जवाब दिए गए।

### धर्म संस्कृति के संवाहक थे छत्रपति शिवाजी: बंडारू दत्तात्रेय

**गुरुग्राम।** छत्रपति शिवाजी महाराज एक पराक्रमी योद्धा होने के साथ राष्ट्र भक्ति, कर्तव्य परायणता, धर्म संस्कृति के संवाहक थे। उन्होंने अपने संघर्षमयी जीवन में देश और धर्म की रक्षा के लिए मुगल शासकों से लड़ाईयां लड़ी। ये बातें हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शनिवार को शिवाजी महाराज के जन्मदिवस पर उन्हें याद करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतापी योद्धा को नमन करते हुए उन्हें गर्व हो रहा है। देश स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के रूप में इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। शिवाजी महाराज जैसे योद्धाओं के बलिदान की बदौलत आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। श्रीदत्तात्रेय ने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने शासनकाल में गरीबों, वंचितों और महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य किया। वह किसी भी धर्म के विरोधी नहीं थे। अपने शासनकाल में उन्होंने समभाव का वातावरण तैयार किया। शिवाजी महाराज की जीवन शैली, चरित्र व उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है। युवा पीढ़ी आज उनकी शिक्षाओं व देशभक्ति के जज्बे को अपने जीवन में अपनाएं यही शिवाजी महाराज को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### वन स्टॉप सेंटर ने किया जागरुकता कार्यक्रम आयोजित




**गुरुग्राम।** महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने में वन स्टॉप सेंटर जुटा हुआ है। पीड़ित महिलाओं को यह सेंटर न्याय उपलब्ध कराने में भी कोई कोर कसर बाकी नहीं रख रहा है। सेंटर प्रभारी पिंकी ने बताया कि शनिवार को जैकबपुरा स्थित राजकीय कन्या विद्यालय में केंद्र द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं को महिलाओं व युवतियों से संबंधित समस्याओं व उनके निदान की जानकारी भी दी गई। उन्हें महिला हेल्पलाइन व पॉक्सो एक्ट के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। पिंकी ने छात्राओं से कहा कि संस्था महिलाओं की सुरक्षा व सहायता के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध है। उनकी संस्था किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, बलात्कार, यौन शोषण, दहेज उत्पीडन्, मानसिक व शारीरिक शोषण आदि से पीड़ित महिला वगऱ् को सहायता उपलब्ध कराती है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि पीड़ित महिलाओं की काउंसलिंग, मेडिकल व कानूनी सहायता तथा उन्हें 5 दिन तक अस्थायी आवास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण भी प्राप्त करें, ताकि जरुरत पड़ने पर वे अपनी रक्षा कर सकें और महिलाओं व युवतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो केंद्र के बारे में उन्हें जानकारी अवश्य दें। इस जागरुकता कार्यक्रम में संस्था की प्रभारी के अलावा शक्ति वाहिनी से मीना शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार, स्वयंसेवी संस्थाओं की विनीता, गरिमा व एलिजाबेथ भी शामिल रही।

### खुशियों का मेला वंचित बच्चों के चेहरे पर लाया मुस्कान

**गुरुग्राम।** कोरोना महामारी के बीच मानसिक रूप से थके बच्चों का तनाव दूर करने के लिए एम3एम फाउंडेशन ने आईएम पॉवर कार्यक्रम के तहत सेक्टर-67 आईएम पॉवर रिसोर्स सेंटर में दो दिवसीय उत्सव खुशियों का मेला आयोजित किया गया। सभी आईएम पॉवर क्लबों के 150 से अधिक बच्चों और उनके माता-पिता ने सक्रिय रूप से मनोरंजक गतिविधियों और खेलों में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बसंत बंसल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. पायल कनोडिया ट्रस्टी एम3एम फाउंडेशन, मोहित चड्ढा ट्रस्टी एम3एम फाउंडेशन, डॉ. ऐश्वर्य महाजन प्रेसिडेंट एम3एम फाउंडेशन उपस्थित रहे। डॉ. पायल कनोडिया ने बताया कि बच्चे के स्वास्थ्य विकास के लिए खेल और खेलकूद की गतिविधियां बहुत आवश्यक हैं। बच्चे काफी समय से अपने घरों के अंदर रह रहे थे और बोर हो रहे थे। यह दो दिवसीय उत्सव उनके चेहरों पर मुस्कान लाने और उन्हें अपने दोस्तों और माता-पिता के साथ अच्छा समय बिताने का मौका देने का हमारा छोटा सा प्रयास है। दो दिवसीय कार्यक्रम में बच्चों ने मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। उन्होंने क्राफ्ट/क्ले पॉट ट्रेनर, गन शूटिंग, रिंग विन गेम, डार्ट गेम, सॉफ्ट तीरंदाजी, स्टोन पेंटिंग, जाइंट व्हील, कोलंबस और अन्य जैसे खेलों में भाग लिया।

### निलंबित डीसीपी धीरज सेतिया समेत तीन आरोपी भगोड़े घोषित

**गुरुग्राम।** यहां एक सोसायटी से फ्लैट से करोड़ों रुपये की चोरी के मामले में डीसीपी धीरज सेतिया अभी हाथ नहीं आए हैं। उन्होंने सरकार की ओर से निलंबित भी किया जा चुका है। अब अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज सहरावत की अदालत की ओर से धीरज सेतिया समेत तीन आरोपियों को भगोड़ा घोषित किया गया है। ऐसे में उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। अदालत ने पुलिस को भी आदेश दिए हैं कि भगोड़ों की संपत्ति का ब्यौरा एकत्रित कर अदालत में प्रस्तुत किया जाए, ताकि संपत्ति को अटैच करने की प्रक्रिया आगामी सुनवाई पर शुरू की जा सके। बता दें कि करोड़ों रुपये की चोरी के मामले में नाम आने के बाद धीरज सेतिया तभी से अंडर ग्राउंड है। प्रदेश सरकार ने उन्हें निलंबित भी किया हुआ है। धीरज सेतिया के अधिवक्ता ने अदालत में भी अपना तर्क रखा था कि इस मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने के लिए पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की हुई है, जोकि अभी विचाराधीन है। अदालत इसको ध्यान में रखते हुए ही कार्यवाही करे। अदालत ने उनके तर्क को नकारते हुए धीरज सेतिया सहित इस मामले के आरोपी गैंगस्टर विकास लगधपुरिया व चेतन उर्फ बॉक्सर को भगोड़ा घोषित करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### बिजली निगम 24 प्रतिशत ब्याज सहित उपभोक्ता को राशि लौटाए

**गुरुग्राम।** उपभोक्ता की अपील का निपटारा करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जसवीर सिंह की अदालत ने बिजली निगम को आदेश दिए हैं कि उपभोक्ता द्वारा जमा कराई गई 67 हजार 610 की धनराशि पर जमा कराने की तिथि से 24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वापस लौटाई जाए।

# अब शहर में भी लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मैट्रो हॉस्पिटल में लिवर सिरोसिस मरीज ने जब अपने दर्द को प्रेसवार्ता में रोकर साझा किया तो सभी हैरान रह गए। उन्हें चुप करवाया गया। वहीं प्रेसवार्ता में चिकित्सकों ने कहा कि मैट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद का पहला अस्पताल बन गया है, जहां वाराणसी के लीवर सिरोसिस मरीज का सफलतापूर्वक लीवर ट्रांसप्लांट किया गया।

मैट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद में अत्याधुनिक लिवर समस्याओं के इलाज के साथ लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा भी उपलब्ध है। यह बात मैट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद में लीवर ट्रांसप्लांट एवं जीआई सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अंकुर गर्ग ने कहीं। उन्होंने बताया कि वाराणसी उत्तर प्रदेश के निवासी राठौर एक वर्ष से लिवर सिरोसिस बिमारी से पीड़ित थे और दिल्ली के लगभग सभी बड़े अस्पतालों में अपनी

### पत्नी ने लिवर दान कर बचाई पति की जान, मैट्रो हॉस्पिटल में हुआ लीवर ट्रांसप्लांट

जांच करा चुके थे। डॉ अंकुर गर्ग से मिलने के बाद उन्होंने उनसे अपना इलाज कराना उचित समझा। मैट्रो हॉस्पिटल में जांच के दौरान उन्हें बताया गया कि लिवर ट्रांस्प्लांट की आवश्यकता है।

डॉ. अंकुर गर्ग एवं ट्रांसप्लांट टीम ने मरीज एवं उनके परिजनों को अंगदान की सभी प्रक्रियाओं को समझाया। जिसके बाद मरीज की पत्नी ने लिवर दान करने की इच्छा जतायी। सभी जांचों के बाद उनका लिवर दान करने के लिए उचित पाया गया तथा मरीज का सफलता पूर्वक लिवर ट्रांसप्लांट किया गया। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है तथा उनका लीवर सही ढंग से काम कर रहा है। लिवर से ग्रसित मरीज एवं



उनके परिजन सही समय पर सही फैसला ना लेने के कारण मरीज की जिन्दगी गंवा देते हैं। राठौर ने सही समय पर सही फैसला लिया। जिसके कारण उनकी जान बचायी जा सकी और वह अब पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। डॉ. पुरुषोत्तम लाल, पदम् भूषण, पदम् विभूषण और डॉ. बी.सी. रॉय नेशनल अवॉर्डी (चेयरमैन-मैट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स) ने बताया कि फरीदाबाद में लीवर की बीमारियों के इलाज की सही सुविधा न होने के कारण कई बार मरीज का या तो सही समय पर सही इलाज नहीं मिल पाता था। जिससे उनकी जान जाने का खतरा बढ़ जाता था, या फिर शहर से बाहर जाकर महंगा इलाज करवा कर जान बचानी पड़ती थी। मैट्रो हॉस्पिटल पिछले 22 वर्षों से फरीदाबाद और आस-पास के क्षेत्रा वासियों के लिए विश्वस्तरीय स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी इसी प्रतिबद्धता के चलते फरीदाबाद में ही, ना केवल देश के अनुभवी लीवर विशेषज्ञों को एकत्रित किया बल्कि लीवर सम्बन्धी छोटे से इलाज से लेकर, लीवर ट्रांसप्लांट जैसे जटिल व बड़े इलाज को भी उपलब्ध करवाने का जिम्मा उठाया।

डॉ. नीरज जैन - मेडिकल डायरेक्टर एवं डायरेक्टर इन्टरवेन्शनल कार्डियोलॉजी ने बताया कि मैट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद ने पिछले कई वर्षों में अपनी ओपीडी में और कैम्प्स में पाया की लीवर से सम्बंधित रोगों से ग्रस्ति मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और फरीदाबाद में सही इलाज की सुविधा ना होने पर मरीज देश के अन्य शहरों के अस्पतालों में इलाज कराने पर मजबूर हो रहे हैं।

# ऑनलाइन लाखों कमाने का झांसा देकर ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी के खाते में एक महीने में 90 लाख रुपये का लेनदेन, 10 दिन के रिमांड पर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीसीपी सेन्ट्रल मुकेश मल्होत्रा के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-31 प्रबन्धक बलबंत सिंह की पुलिस टीम ने व्हाटसएप के जरिए हजारों रुपए का फ्रॉड करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिल्ली के मोहन गार्डन में रहने वाले संदीप के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आजकल के आधुनिक युग में हर नागरिक किसी न किसी माध्यम से इंटरनेट से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट की इसी कनेक्टिविटी की वजह से हर नागरिक सैकड़ों में एक दूसरे से



ठगी के आरोप में गिरफ्तार संदीप।

संपर्क कर सकता है। परन्तु कुछ ठग प्रवृति के लोग इसका गलत इस्तेमाल करके भोले-भाले लोगों के जीवन भर की कमाई को पलक झपकते ही उड़ा लेते हैं। इस प्रकार सेक्टर-31 में रहने वाले एक शिकायतकर्ता से व्हाटसएप के माध्यम से घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर 72859 रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को थाना सेक्टर-31 की पुलिस टीम ने दिल्ली के विकासपुरी से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने घटना को कैसे अंजाम दिया बताया। आरोपी ने बताया कि उसने शिकायतकर्ता के व्हाटसएप पर एक मैसेज किया आप घर बैठे लाखों रूपये कमा सकते हैं। जिसके बाद उसने शिकायतकर्ता से 500 रुपये मांगे और उसके बदले में आरोपी ने 900 रुपये शिकायतकर्ता के खाते में भेजे दिए। फिर शिकायतकर्ता से 2480 मांगे फिर 7091 मांगे शिकायतकर्ता को अपनी बातों में उलझा लिया। उसने शिकायतकर्ता को बताया कि आपको एक टास्क और करना पड़ेगा। तभी आप पैसे निकाल सकते हैं। उसने शिकायतकर्ता से 17654 रुपये ले लिये। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने पैसे मांगे तो आरोपी ने कहा कि आपको टास्क पूरा करना पडेगा, फिर आरोपी ने शिकायतकर्ता से 45134 रुपये ले लिये और आरोपी ने अपना फोन बन्द कर लिया।

इस तरह से आरोपी ने 72859 रुपये ठग लिए। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-31 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की गई। जिसमें आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी के खाते में एक महीने के अंदर 90 लाख रुपये का लेनदेन हुआ है। आरोपी के अन्य खातों में मौजूद 20 लाख रुपये को फ्रिज करवा रखा है। आरोपी के खातों की जांच जारी है। आरोपी को अदालत में पेश कर दस दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## सेंट कोलंबस विद्यालय में खेल गतिविधियों का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेंट कोलंबस विद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेल गतिविधियों का आगाज किया गया। इन खेल गतिविधियों को शनिवार को बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें संपूर्ण विद्यालय के चुनिंदा विद्यार्थियों (कक्षा पहली से बारहवीं) ने अपनी प्रतिभागिता निभाई। कोरोना काल के चलते विद्यार्थियों की संख्या सीमित रखी गई तथा कोरोना के सभी नियमों का पालन किया गया।

इन खेल गतिविधियों के मुख्य अतिथि दीपक कुमार (कनिष्ठ वारंट अधिकारी) जो कि भारतीय वेका शूटर तथा कनिष्ठ कमीशंड अधिकारी (भारतीय वायु सेना) भी रहे हैं। सम्मानित अतिथि राहुल शर्मा (आई सीआईसीआई बैंक शाखा प्रबंधक), विशिष्ट अतिथि प्रभाकर झा (बुराड़ी विधानसभा दिल्ली) भूतपूर्व कोलंबियन ने आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रधानाचार्या लेखा वीएम ने पौधे प्रदान कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। खेल समारोह को आरंभ करने की उद्घोषणा की। खेल के मैदान को रंग-बिरंगी झंडियों से सुसज्जित किया



सेंट कोलंबस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करती प्रधानाचार्या लेखा वीएमजी।

गया। इस प्रतियोगिता में 50मी, 100मी, 200मी, 400मी, 800मी और एक किमी तथा रिले-दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने पर विद्यार्थियों का जोश व उत्साह देखते ही बनता था।

मुख्य अतिथि ने विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान कर पुरस्कृत किया इस अवसर पर वर्ष 2021-22 की रोलिंग ट्रॉफी एल्फा सदन को सदन को प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है।

## स्वामी दयानंद सरस्वती ने दिया समानता का अधिकार



डीएवी शताब्दी कालेज में हवन यज्ञ में भाग लेते टीचर और विद्यार्थी।

फरीदाबाद। डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद में महाविद्यालय आर्य समाज इकाई एवं संस्कृत छात्र परिषद के संयुक्त तत्वाधान में मनाए जा रहे स्वामी दयानंद जन्मोत्सव पखवाड़े के आठवें दिन बी कॉम (एस एफ एस) विभाग के द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना भाटिया के साथ डॉ अर्चना सिंघल, नीति नागर, मीनाक्षी आहूजा आदि के साथ विभाग के विद्यार्थी भी मौजूद रहे। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ अमित शर्मा ने यज्ञ के आचार्य का पद अलंकृत किया।

## दिहाड़ी मजदूरों को राशन किट वितरित की

फरीदाबाद। क्रिप्टो रिलीफ फंड इंडिया के संदीप नेलवाल के सौजन्य से चल रहे राशन वितरण अभियान के अंतर्गत पूरे फरीदाबाद इसी कड़ी में आज सूरजकुंड रोड स्थित इबिजा टाउन में प्रतिभा तिवारी द्वारा राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां लगभग सैकड़ों दिहाड़ी मजदूरों राशन किट जरूरतमंदों को वितरित की गई।

क्रिप्टो रिलीफ फंड द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की सभी उपस्थित जनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर समाजसेविका प्रतिभा तिवारी ने इस सेवा कार्य को अपना कर्तव्य बताते हुए कहा कि यहां इस क्षेत्र में हर रोज सैकड़ों मजदूर दिहाड़ी पर कार्य करने आते हैं, जिन्हें अपनी दो जून की रोटी कमाने में भारी परेशानी हो रही है, इसी के मद्देनजर हमने आज सैकड़ों दिहाड़ीदार मजदूरों को राशन वितरित किया।

## विकास के साथ सुरक्षित माहौल देना मेरी नैतिक जिम्मेदारीः मूलचंद शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। बल्लबगढ़

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ में रहने वाले लोगों के लिए विकास कार्य करवाना और सुरक्षा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड हो या हिमाचल अटक से कटक तक बल्लभगढ़ विधानसभा में रहने वाले लोगों का हरियाणा की भाजपा सरकार ने हमेशा सम्मान किया है।

सेक्टर-3 में बद्री केदारनाथ मंदिर की आज शनिवार को रखी गई नीम इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उत्तराखंड भात्री मंडल एवं श्री बद्री केदार मंदिर ट्रस्ट द्वारा परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा का सेक्टर -3 श्री बद्री केदार मंदिर के भूमि पूजन के शुभ



बल्लभगढ़ सेक्टर तीन में ब्रदी केदार नाथ मंदिर की नींव रखते मंत्री मूलचंद शर्मा।

अवसर पर पहुंचने पर शॉल भेंट कर स्वागत किया और हरियाणा सरकार जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर बल्लभगढ़ से विधायक एवं हरियाणा प्रदेश में परिवहन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा गरीब , मजदूर और हरियाणा में बाहर के प्रदेश से आकर बसने वाले लोगों का ध्यान रखा है। परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने बद्री केदार मंदिर ट्रस्ट व उत्तराखंड समाज को मंदिर निर्माण की नीम रखने की बधाई देते हुए कहा कि सेक्टर - 3 में देश के कोने कोने से लोग रहते है। उनकी सुरक्षा व उनके लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है।

# मूलभत सुविधाओं की नहीं रहने देंगे कमी : गुर्जर

### सबका साथ-सबका विकास-सबका विस की नीति से हो रहे है विकास कार्यः गुर्जर

### भारत कालोनी 35 फुट वाली 31 गलियों के शुभारंभ समारोह में किया लोगों को संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भारत सरकार के ऊर्जा एवं भारी उद्योग विभाग के केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद के लोगों के लिए सिवरेज, बिजली पानी व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी नहीं रहने दी जाएगी। फरीदाबाद का चहुमुखी विकास उनका पहला लक्ष्य है। उन्होंने आज शनिवार को नहर पार भारत कालोनी में 35 फुटा रोड पर बनने वाली 31गलियों के ईंटल लॉकिंग टाइल से बनाने का शुभारंभ किया।



नहर पार भारत कालोनी में हुए कार्यक्रम को संबोधित करते केन्द्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि सभी क्षेत्रों को बेहतर सड़को को बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इनमें शहरी क्षेत्रों के व फरीदाबाद-जेवर एक्सप्रेस वे जैसी राष्ट्रीय स्तर की बड़ी सड़क परियोजनाएं भी शामिल है। केंद्रीय राज्य मंत्री शनिवार को नहर पार भारत कालोनी में 35 फूटा वाली रोड की 31 गलियों के शिलान्यास समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिन गलियों को ईंटर लॉकिंग टाइल से बनाने का आज उन्होंने शुभारंभ किया है उसकी जरूरत पिछले काफी समय से महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इन गलियों का निर्माण 118 लाख रुपये की धनराशि की लागत से नगर निगम फरीदाबाद द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन गलियों के निर्माण से हजारों लोगों को फायदा होगा और यहां की यातायात व्यवस्था सुचारू होगी।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। इसके निर्माण के बाद शहर दो बड़े राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ जाएगा। फरीदाबाद से दिल्ली जाने के लिए आगरा नहर के साथ-साथ जो छोटी पुलिया थी उनके चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के लोगों के लिए सिवरेज, बिजली, सड़क, पानी की मूलभूत सुविधाओं की कमी नही रहने दी जाएगी। सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की नीति से हो विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों से देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास करवाएं जा रहे हैं।

विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि नहर पार क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। खेड़ी पुल मार्ग को चार मार्गीय बनाया जा रहा है। इस अवसर पर उनके साथ मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड, विनोद भाटी, सचिन शर्मा, सुन्दर, जयबीर, बिजेंद्र शर्मा, कमल सरोत,मुकेश अग्रवाल, जयजु ठाकुर, गौरव तंवर, श्रीचंद गौतम, जगत नागर,कमल पण्डित,सुभाष पांचाल,पूर्व पार्षद सुन्दर, बिजेन्द्र पार्षद मवई बन्सीलाल,मुकेश, नरेश अग्रवाल, अनीता झा,कृष्णा सरोत,पूनम शर्मा, हेमा ठाकुर,पूनम सिंह, शारदा, ऋषि राज, बिल्लू पहलवान, उमाशंकर, आकाश, संजू चपराना,विकास शुक्ला सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## रक्त का विकल्प नहीं, दान को आगे आएं युवाः चिलाना



टाइम इक्यूपमेंट में रोटरी क्लब फरीदाबाद द्वारा आयोजित शिविर में रक्तदान करते समाज सेवी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

रक्त का कोई विकल्प नहीं है तथा इसका किसी भी फैक्टरी में निर्माण नहीं किया जा सकता, ऐसे में युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आकर जरूरतमंद का सहयोग करना चाहिए।

ये बात टाइम इक्यूपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आरके चिलाना ने टाइम इक्यूपमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रोटरी क्लब फरीदाबाद अरावली के सहयोग से मथुरा रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में आयोजित रक्त दान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कही। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान व पुण्य का कार्य नहीं है, दान किया गया रक्त आपात स्थिति में जरूरतमंद के लिए संजीवनी का कार्य करता है। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन माह बाद रक्तदान करना चाहिए। वहीं निदेशक सतीश परनामी ने कहा कि रक्तदाता मरीज के लिए किसी देवतुल्य इंसान से कम नहीं है जो मानवता व इंसानियत को महत्व देते हुए बिना किसी रिश्ते के अनजान लोगों की जान बचाने के लिए रक्तदान करता है। उन्होंने रक्तदान के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कालीबाड़ी मंदिर में टीकाकरण शिविर आयोजित



सेक्टर-16 काली वाडी मंदिर में वैक्सीन लगाती स्वास्थ्य कर्मी।

फरीदाबाद। समाज में अभी भी कोविद महामारी की आशंका को देखते हुए और आगे निवारण एवं विस्तार को नियंत्रण करने के शुभ उद्देश्य से फरीदाबाद कालीबाड़ी सेक्टर-16 ने एक बार फिर से पहले की तरह अपने मंदिर प्रांगण में कोविद टीकाकरण शिविर का आयोजन किया था। फरीदाबाद कालीबाड़ी ने समाज को शत प्रतिशत कोविद मुक्तिकरण के प्रयास में हमेशा से अपना योगदान दिया है। शनिवार की सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण शिविर प्रशिक्षित चिकित्सकों के तत्वावधान में जारी रहा। शिविर में 15+ एवं 18+ के योग्य समुदाय के लिए कोविशील्ड, कोवैक्सिन की व्यवस्था एवं 60 + के योग्य समुदाय के लिए बूस्टर डोस की भी व्यवस्था की गयी थी। मंदिर के स्वयं सेवक सुमन सौरभ और सानतनु देबसरकार ने बताया की लगभग 114 जनों को दोपहर दो बजे तक टीका लग चुकी थी। टीकाकरण में अनिमा गांगुली, बरनाली बिस्वास, अनिता सरकार, अर्पिता चौधरी, संचिता गांगुली ने मुहीम को जारी रखने का प्रण किया। इसकी जानकारी मंदिर के महासचिव स्वपन कुमार बोस ने दिया।

### लापता बुजुर्ग सहित तीन की तलाश कर किया परिजनो के हवाले

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से बिना बताए, निकली 84 वर्षीय बुजुर्ग, 19 वर्षीय महिला और 18 वर्षीय लड़की को अलग-अलग स्थान से तलाश कर परिजनों तक सकुशल वापस पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मामले में बताया कि बुजुर्ग महिला बिहार के कटिहार जिले के गांव हेकुंज की रहने वाली की सूचना कैट टीम को missingpersonhelpline.org website के द्वारा प्राप्त हुई। जिसको क्राइम ब्रांच कैट टीम ने दिल्ली से लावारिस हालत में तलाश कर परिजनों के हवाले किया। महिला के बारे में कैट टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई। जिस पर कार्रवाई करते हुए महिला को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गांव नऊ से सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले किया है। तीसरी 18 वर्षीय लड़की को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर गुरुग्राम के गांव नाथूपुर से सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले किया किया है। 19 वर्षीय महिला और 18 वर्षीय लडकी का गुमशुदगी का मुकदमा फरीदाबाद के थानो में दर्ज है। पुलिस द्वारा दोनों महिलाओं को उक्त स्थानों से बरामद कर फरीदाबाद लाया गया जहां उनके परिजनों से बातचीत करने पर पता चला कि वह अपने घरवालों से नाराज थी।

### आंगनवाड़ी वर्करों के समर्थन सीएम को ज्ञापन भेजा

फरीदाबाद। जॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल फरीदाबाद ने आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं की मांगों के समर्थन में और फरीदाबाद की सड़कों की खस्ता हालत को सुधारने की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त फरीदाबाद, को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। ये जानकारी जॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल के कन्वीनर वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। ज्ञापन देते समय इंटक के श्री हुकमचंद बेनीवाल, एटक के बिशंबर सिंह, एचएमएस के आरडी यादव,सीटू के निरंतर पाराशर, एआईसीटी यू के कॉमरेड जवाहर लाल उपस्थित थे। ज्ञापन में बताया गया कि 8 दिसंबर से प्रदेश के तमाम आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्पर अपनी जायज मांगों की प्राप्ति के लिए हड़ताल कर रही हैं, लेकिन सरकार मांगों को लागू करने के बजाए परियोजना अधिकारियों को वर्करों और सहायिकाओं को सेवाएं बर्खास्त करने के निर्देश दे रही है। जॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल ने पुलिस की एकतरफा कार्रवाई की निंदा करते हुए उपायुक्त से पीड़ित को न्याय देने की मांग की और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई।

### ऑनलाइन ले रहे सफाई व्यवस्था का जायजा

फरीदाबाद। नगर निगमायुक्त यशपाल अपनी प्रभावी कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। जिसका ताजा उदाहरण आजकल देखने को मिल रहा है। जिसमें निगमायुक्त चुनाव ड्यूटी पर होते हुए भी अपने शहर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ऑनलाइन मीटिंग करके स्वयं सभी सम्बन्धित को हिदायतें/दिशानिर्देश भी दे रहे हैं। उनके कामों का जायजा भी ले रहे हैं। मीटिंग में अतिरिक्त निगमायुक्त, संयुक्त आयुक्त एनआईटी, बल्लभगढ़, ओल्ड फरीदाबाद मुख्य अभियन्ता-एक और दो (बागवानी), अधीक्षण अभियन्ता तथा स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगणों ने भाग लिया। इस अभियान में पूर्व वार्ड पार्षदों, मास्टर ट्रेनरों, वार्ड कमेटी के सदस्यों, विभिन्न आरडब्ल्यू और अन्य संगठनों, धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं सहित आम जन ने भी सहयोग दिया जिसका निगमायुक्त ने आभार जताया।

### रेडक्रॉस ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

फरीदाबाद। जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के द्वारा पटेल नगर झुग्गियों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा रेडक्रॉस वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता, अतिविशिष्ट अतिथि रमेश कुमार टीबी सलाहकार हरियाणा, विशेष अतिथि विकास कुमार सचिव, डीआईओ मानसिंह, डॉ आरएस सैनी, एएस प्रेमी ने रिबन काटकर कैंप का उद्घाटन किया। हरियाणा रेडक्रॉस वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता ने बताया कि रेडक्रॉस के द्वारा समय-समय पर लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी मानवता के हर कार्य में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दिखाकर लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य करती है। रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि आज का जो शिविर लगाया गया है निश्चित रूप से लोगों को उसका फायदा होगा। हमारा उद्देश्य रहता है कि हम स्लम बस्तियों में जाकर लोगों की जांच कर समय रहते उनका जीवन बचाया जा सके। प्रधानमंत्री का सपना है कि 2025 तक पूरा देश टीबी मुक्त हो जाए। कार्यक्रम के संयोजक उप अधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी ने बताया कि आज इस कैंप के माध्यम से 425 लोगों को सीधे रूप से लाभ पहुंचा है। हमारी टीम के द्वारा पटेल नगर सेक्टर 4 केआरडब्ल्यू के साथ मिलकर लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया। जिसमें लोगों की शुगर, बीपी, एक्स-रे, वैक्सीनेशन, एवं अन्य बीमारियों का उपचार किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की टीबी कोऑर्डिनेटर मधु भाटिया, ब्लड कोऑर्डिनेटर विमल खंडेलवाल, डॉक्टर एमपी सिंह, मिथिलेश कुमार प्रधान पटेल नगर प्रभुनाथ हरकेश कुमार, रंजन कुमार शर्मा, राजेश कुमार, मीनाक्षी गोयल, सुशील कुमार, डॉक्टर राम निवास एवं प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

### रोल मॉडल एक्टिविटी जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

फरीदाबाद। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार शनिवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगांव में रोल मॉडल एक्टिविटी जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास और उनके जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरणा देने हेतु जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर जानी मानी चार्टर्ड अकाउंटेंट पूजा, पीएचसी तिगांव की एएनएम ममता तथा आशा वर्कर उमलेश ने छात्राओं के समक्ष अपने जीवन संघर्ष को साझा किया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए संघर्षों का सामना करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति की प्रेरणा प्रदान की। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सीए पूजा ने कहा कि छात्र जीवन में हमें पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करनी चाहिए। हमारी शिक्षा का उद्देश्य अपने लक्ष्य को प्राप्त करना होना चाहिए। इस गोष्ठी में पीएचसी तिगांव की एएनएम ममता और आशा वर्कर कमलेश ने छात्राओं को विभागीय शैक्षणिक कोर्सो और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य ने छात्राओं में आत्मविश्वास भरते हुए बताया कि वह अपनी मंजिल तक किस प्रकार पहुंच सकती हैं।

# देश में नई ड्रोन स्टार्टअप संस्कृति बढ़ रही है : मोदी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों में कीटनाशकों तथा अन्य कृषि सामग्री का छिड़काव करने के लिए 100 किसान ड्रोन का उद्घाटन किया, साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि ड्रोन क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमता दुनिया को एक नया नेतृत्व देगी। मोदी ने शुक्रवार को ड्रोन का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने इसे किसानों के लिए बेहद नवीन और रोमांचक पहल बताया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में ड्रोन स्टार्ट-अप की एक नई संस्कृति तैयार हो रही है। उनकी संख्या अभी 200 से अधिक है,जो आने वाले वक्त में हजारों में होगी और इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इस क्षेत्र के विकास में कोई बाधा न हो और सरकार ने इसे बढ़ावा देने के लिए कई सुधार किए हैं और नीतिगत कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह इस बात का उदाहरण है कि अगर नीतियां सही हों तो देश कितनी ऊंची उड़ान भर सकता है। ड्रोन कुछ वर्ष पहले तक मुख्य रूप से रक्षा क्षेत्र से ही जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने ड्रोन क्षेत्र को खोलने को लेकर आशंकाओं पर समय बर्बाद नहीं किया बल्कि भारत की युवा प्रतिभा पर विश्वास किया और नई मानसिकता के साथ आगे बढ़ी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बजट और नीतिगत उपायों में प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषों को प्राथमिकता दी है। मोदी ने कहा कि ड्रोन के विविध उपयोग हैं। इनका इस्तेमाल गांवों में जमीन के मालिकाना हक का रिकॉर्ड बनाने के वास्ते स्वामित्व योजना में और दवाओं तथा टीकों के परिवहन के मकसद से किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान ड्रोन नई क्रांति ला रहे हैं। किसान फल, सब्जियां और फूल जैसे अपने उत्पादों को कम वक्त में बाजारों में लाने के लिए उच्च क्षमता वाले ड्रोन का इस्तेमाल कर सकते हैं तथा अपनी आय बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में आधुनिक कृषि सुविधाएं मुहैया कराने में यह एक नया अध्याय है और यह न केवल ड्रोन क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा बल्कि इससे असंख्य संभावनाएं भी पैदा होंगी। बाद में मोदी ने ट्वीट किया, देशभर में 100 स्थानों पर किसान ड्रोनों को काम करते हुए देखकर खुशी हुई। यह एक शानदार स्टार्ट-अप गरुड़ इंडिया की प्रशंसनीय पहल है। नवोन्मेषी तकनीक हमारे किसानों को सशक्त और कृषि को अधिक लाभदायक बनाएगी।

# प्रधानमंत्री ने अफगान सिख-हिंदू शिष्टमंडल से की मुलाकात

भाषा। नई दिल्ली

**अफगानिस्तान से** सिखों और हिंदुओं के एक शिष्टमंडल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर उनसे मुलाकात की और संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लाने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे अतिथि नहीं हैं, बल्कि भारत उनका घर है। इस मुलाकात से एक दिन पहले मोदी ने सिख समुदाय के कई प्रमुख लोगों की अपने आवास पर मेजबानी की थी। गौरतलब है कि कल पंजाब विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि मोदी ने अफगानिस्तान में हिन्दुओं और सिखों के सामने पेश होने वाली कठिनाई पर चर्चा की और उन्हें भारत सुरक्षित लाने के लिए सरकार द्वारा प्रदान की गई सहायता पर बात की। इस आलोक में

## ● कहा- भारत आपका घर

उन्होंने सीएए के महत्व और समुदाय के लिए उसके लाभ पर भी बातचीत की। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने शिष्टमंडल को सभी मुद्दे सुलझाने के लिए भविष्य में भी लगातार मदद का आश्वासन दिया। मोदी ने गुरुग्रंथ साहिब का सम्मान करने की परंपरा के महत्व की भी चर्चा की। गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप को अफगानिस्तान से विशेष प्रबंध कर वापस लाया गया था। मोदी ने अफगानों से मिले प्रेम पर भी बात की और काबुल के अपने दौरे को याद किया। इस मौके पर मौजूद भारतीय जनता पार्टी के नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने, सिख समुदाय के लोगों को सुरक्षित वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि उस समय जब कोई खड़ा नहीं था, तब मोदी ने मदद का आश्वासन दिया। बयान में कहा गया कि शिष्टमंडल के अन्य सदस्यों ने भी मुसीबत में साथ देने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने सुना कि अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप को वापस लाने के लिए विशेष प्रबंध किया जा रहा है, तब उनकी आंखों में आंसू आ गए। शिष्टमंडल के सदस्यों ने मोदी को सीएए लाने के लिए भी धन्यवाद दिया और कहा कि इससे उनके समुदाय के लोगों की बहुत मदद की जा सकेगी। बयान के अनुसार, मोदी की प्रशंसा करते हुए शिष्टमंडल के सदस्यों ने कहा कि वह केवल भारत के नहीं, बल्कि दुनिया के प्रधानमंत्री हैं क्योंकि वह दुनियाभर में हिंदुओं और सिखों की समस्याओं को समझते हैं और तत्काल मदद करते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और केंद्रीय राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद थीं।

## क्विक न्यूज

### पंजाब में पुलिस हिरासत में व्यक्ति ने की आत्महत्या

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर से करीब 32 किलोमीटर दूर स्थित टांडा पुलिस थाने में एक व्यक्ति ने पुलिस हिरासत में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति की पहचान दसूया के रहने वाले राकेश कुमार (40) के रूप में की गई है और किसी मामले में उसे शुक्रवार शाम को हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने बताया कि उसे थाने लाकर लॉकअप से सटे जांच कक्ष में बिठाया गया था। पुलिस ने बताया कि राकेश ने रात में जांच कक्ष की खिड़की से कमर के बेल्ट से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक (जांच) मुख्तियार राय ने कहा कि पुलिस ने एक हेड कांस्टेबल और तीन अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ घटना के संबंध में लापरवाही बरतने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। राय ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आगे की जांच जारी है।

### लातूर में पंचायत समिति का अधिकारी 9000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक ग्रामीण से कथित तौर पर 9000 रुपए की रिश्वत लेने पर पंचायत समिति के एक अधिकारी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक पंडित रेजितवाड़ ने बताया कि देवनी तहसील की पंचायत समिति के सहायक सिविल इंजीनियर तुकाराम पुंडलिक नरवटे को शुक्रवार को शिकायतकर्ता ग्रामीण से घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। एसीबी के अनुसार आरोपी अधिकारी ने आवास योजना के तहत कोनाली गांव निवासी ग्रामीण से 20 हजार रुपए की आखिरी किस्त उसके बैंक खाते में भेजने के लिए कथित तौर पर 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। लेकिन बातचीत के बाद आरोपी अधिकारी 9,000 रुपए लेने पर राजी हो गया था। एसीबी के अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पुलिस गोलीबारी में घायल गांजा तस्कर अस्पताल से फरार

**बारपेटा।** असम के बारपेटा जिले में शनिवार को गांजा तस्करी का एक आरोपी अस्पताल से फरार हो गया। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में घायल होने के बाद आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को बुधवार रात को कोकराझार जिले में उस ट्रक से गिरफ्तार किया गया था जोकि त्रिपुरा से बिहार की ओर जा रहा था। पुलिस ने बताया कि ट्रक से गांजा के 55 थैले बरामद किए गए, जिसका कुल वजन 350 किलाग्राम था। पुलिस ने बताया कि पकड़े जाने के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीन ली थी और पुलिस दल पर गोली चलाकर भागने की कोशिश के दौरान जवाबी गोलीबारी में आरोपी के पैर में गोली गली थी। उन्होंने बताया कि घायल आरोपी को बृहस्पतिवार को बारपेटा के फखरुद्दीन अली अहमद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में लाया गया था, जहां से वह शनिवार तड़के फरार हो गया।

### शारजाह से लौटे दो भारतीयों को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शारजाह से लौटे दो भारतीय यात्रियों को, विदेश में निर्मित सिगरेट और सोने के पेस्ट की तस्करी की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीमा शुल्क विभाग आयुक्त के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि बृहस्पतिवार को यूएई से लौटे दो भारतीय यात्रियों को विमानतल के टर्मिनल-3 पर रोका गया। इसमें बताया गया है कि तलाशी में उनके पास से विदेश में निर्मित सिगरेट के 636 डंडे बरामद किए गए जिनका मूल्य 9,54,000 रुपए है। इसमें बताया गया कि इसके अलावा आरोपियों के पास से 268 ग्राम सोना पेस्ट रूप में बरामद किया गया जिसकी कीमत 12,20,090 रुपए आंकी गई है। इसमें कहा गया है कि यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### फडणवीस शिव जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए

**ठाणे।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के नेता देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को ठाणे में कई सार्वजनिक कार्यों का उद्घाटन किया और अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेने को कहा ताकि हर व्यक्ति को न्याय मिलना सुनिश्चित हो सके। फडणवीस ने दावा किया कि मराठा सम्राट के महान परोपकार और प्रशासनिक गुणों से सीख लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक कल्याणकारी सरकार चला रहे है। उन्होंने ठाणे में जीर्ण-शीर्ण स्थिति वाली इमारतों के पुनर्विकास का हवाला देते हुए कहा कि कुछ लोग है जो दूसरों द्वारा किए गए काम का श्रेय लेने का दावा करते है और इन कामों के लिए अनुमति भाजपा के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने दी थी। फडणवीस ने नौपाड़ा में दिव्यांग-अनुकूल एक पार्क का उद्घाटन भी किया। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को ठाणे शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर आयोजित शिव जयंती कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री कपिल पाटिल, भाजपा की नगर इकाई के अध्यक्ष और विधान पार्षद निरंजन देवखरे, विधायक संजय केलकर और अन्य स्थानीय नेता उनके साथ मौजूद रहे। भाजपा नेता ने सबसे पहले शहर के केंद्र में स्थित मसुंडा झील के बीच बनी मराठा राजा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस मौके पर दुनिया भर के शिव भक्तों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य और देश छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरित होता है और उनकी शिक्षाओं से निर्देशित होता है। भाजपा नेता ने कहा, जबतक हम छत्रपति महाराज की शिक्षाओं को अनुपालन करेंगे एवं समान और अच्छा शासन स्थापित करेंगे, तबतक हमें कोई गुलाम नही बना सकता है।

### राष्ट्रपति कोविंद का दो दिवसीय ओडिशा दौरा शुरू

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का दो दिवसीय ओडिशा दौरा शनिवार को शुरू हुआ। इस दौरान उनका पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना का भी कार्यक्रम है। राष्ट्रपति अपने दौरे के दौरान गौड़ीय मिशन के संस्थापक श्रीमद भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद की 150वीं जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। ओडिशा के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर राष्ट्रपति कोविंद के पहुंचने पर उनकी अगवानी राज्यपाल गणेशी लाल और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने की। इस मौके पर अन्य हस्तियां भी मौजूद रहीं। राष्ट्रपति कोविंद की पुरी की यह तीसरी यात्रा है। इससे पहले वह 18 मार्च 2018 और पिछले साल 22 मार्च को भगवान जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करने के लिए पुरी आए थे। कार्यक्रम के मुताबिक, राष्ट्रपति कोविंद शनिवार शाम को 12वीं सदी में बने जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करेंगे और रात्रि विश्राम पुरी स्थित राजभवन में करेंगे। अगले दिन सुबह वह श्री चैतन्य गौड़ीय मठ जाएंगे और उसके बाद वह गुंडिचा मंदिर के सामने श्रद्धाबली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# हिजाब से ज्यादा जरूरी है शिक्षाः मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

भाषा। नई दिल्ली

**मुस्लिम** राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) ने अल्पसंख्यक समुदाय से रूढ़िवादी सोच से ऊपर उठने और प्रगतिशील विचारों को अपनाने की अपील करते हुए शनिवार को कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने से ज्यादा प्रगति के लिए शिक्षा अधिक महत्वपूर्ण है। संगठन ने कहा कि भारत में मुसलमानों में निरक्षरता की दर सबसे अधिक 43 प्रतिशत है और समुदाय में बेरोजगारी की दर भी बहुत अधिक है।

एमआरएम के राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रवक्ता शाहिद सईद ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुसलमानों को सोचना चाहिए कि उनकी साक्षरता दर सबसे कम क्यों है। भारत के मुसलमानों को एक प्रगतिशील दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्हें यह समझना होगा कि उन्हें किताब की जरूरत है, न कि हिजाब की। उन्हें रूढ़िवादी सोच से ऊपर उठकर शिक्षा और प्रगति पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में कुल मुस्लिम आबादी का केवल 2.75 प्रतिशत स्नातक या इस स्तर की शिक्षा से ऊपर है। इनमें महिलाओं का प्रतिशत मात्र 36.65 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों में स्कूल छोड़ने की दर सबसे अधिक है और ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर लड़कों की तुलना में अधिक है। उन्होंने कहा, हमें सोचना चाहिए कि हमारे पास स्नातकों का इतना कम प्रतिशत क्यों है जबकि देश में मुसलमानों की आबादी कम से कम 20 करोड़ है। उन्होंने कहा कि चाहे सरकारी क्षेत्र हो या निजी क्षेत्र, रोजगार में मुसलमानों का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। सईद ने कहा, और यह अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के खिलाफ किसी पूर्वाग्रह के कारण नहीं है। जब किसी समुदाय में स्नातकों का इतना कम प्रतिशत और स्कूल छोड़ने की दर अधिक होती है, तो यह स्पष्ट है कि इसके सदस्य पीछे रह जाएंगे। एमआरएम संयोजक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन के दौरान तीन तलाक को समाप्त करके मुस्लिम महिलाओं को इस सदियों पुरानी प्रथा के दर्द से मुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा, यह मुस्लिम महिलाओं के स्वाभिमान और गरिमा का कानून है। आज उनकी स्थिति में बहुत बदलाव आया है। कानून लागू होने के बाद से बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं को राहत मिली है। लोग अपने परिवार को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मुस्लिम लड़कियां, युवा और महिलाएं आज प्रगतिशील हैं लेकिन कट्टरपंथी और तथाकथित धार्मिक नेता चाहते हैं कि वे रूढ़िवाद और कट्टरता के बंधन में रहें।



महाराष्ट्र मंडल के सदस्य पटना में छत्रपति शिवाजी महाराज की 392वीं जयंती के अवसर पर आरती करते हुए

## ईडी ने सीमा पार मवेशी तस्करी रैकेट के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर करोड़ों रुपए के मवेशियों की तस्करी करने वाले रैकेट के मुख्य आरोपी मोहम्मद इनामुल हक को धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक मोहम्मद इनामुल हक को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया है। उसे यहां की एक अदालत में पेश किया जाएगा और प्रवर्तन निदेशालय उसकी हिरासत की मांग करेगा। हक को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नवंबर 2020 में इसी मामले की स्वतंत्र जांच के तहत गिरफ्तार किया था। उसे पिछले महीने उच्चतम न्यायालय ने जमानत दी थी। सीबीआई ने इससे पहले पश्चिम बंगाल के आसनसोल में एक विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर कर आरोप लगाया था कि हक अवैध पशु व्यापार का मास्टरमाइंड है।

# मप्र में किसानों से खरीदा जाएगा गोबर

## ● चलाया जाएगा एशिया का सबसे बड़ा बायो-सीएनजी संयंत्र

भाषा। इंदौर

**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को घोषणा की कि इंदौर में 150 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए बायो-सीएनजी संयंत्र गोबर-धन में गीले कचरे के साथ इस्तेमाल के लिए किसानों से गोबर खरीदा जाएगा। चौहान इंदौर नगर निगम के देवगुराड़िया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर 15 एकड़ में फैले इस संयंत्र के लोकार्पण समारोह को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र से निकलने वाले गीले कचरे से बायो-सीएनजी बनाने की एशिया की सबसे बड़ी इकाई बताए जा रहे इस संयंत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन माध्यम से लोकार्पित किया।

मुख्यमंत्री चौहान ने लोकार्पण समारोह में कहा, हम 550 टन प्रसंस्करण क्षमता वाले इस संयंत्र में शहरी क्षेत्र से निकलने वाला गीला कचरा तो डालेंगे ही, (बायो-सीएनजी उत्पादन के लिए) बैक्टीरिया विकसित करने के मकसद से इसमें गोबर का भी उपयोग किया जाएगा। इसलिए गोबर-धन के रूप में इसका नामाकरण सार्थक है। हम बायो-सीएनजी संयंत्र में इस्तेमाल के लिए इंदौर के आसपास के ग्रामीण किसानों से गोबर खरीदेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) से बने इस संयंत्र के जरिए हर साल 1.30 लाख टन कार्बन उत्सर्जन घटेगा। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित किया। अधिकारियों ने बताया कि इंदौर का गोबर-धन संयंत्र हर दिन 550 टन गीले कचरे (फल-सब्जियों और कच्चे मांस का अपशिष्ट, बचा या बासी भोजन, पेड़-पौधों की हरी पत्तियों, ताजा फूलों का कचरा आदि) से 17,000 से 18,000 किलोग्राम बायो-सीएनजी बना सकता है।

## कर्नाटक में हिजाब पहनकर स्कूल पहुंचने पर 58 छात्राएं निलंबित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कई हिस्सों में शनिवार को छात्राएं अपने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनकर आईं, लेकिन उन्हें अदालत के आदेश का हवाला देकर प्रवेश नहीं करने दिया गया। शिवमोगा जिले के शिरलाकोप्पा में शुक्रवार को प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन करने और हिजाब हटाने से मना करने पर 58 छात्राओं को निलंबित कर दिया गया। एक छात्रा ने संवाददाताओं को बताया कि निलंबित की गई छात्राओं को कॉलेज नहीं आने को कहा गया है। शनिवार को भी छात्राएं कॉलेज आईं, हिजाब पहनने के समर्थन में नारे लगाए, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। छात्राओं ने कहा, हम यहां पहुंचे लेकिन प्राचार्य ने हमसे कहा कि हमें निलंबित कर दिया गया है और हमें कॉलेज आने की जरूरत नहीं है। पुलिस ने भी हमसे कॉलेज नहीं आने को कहा था, फिर भी हम आए। आज किसी ने हमसे बात नहीं की।

दावणगेरे जिले के हरिहर में स्थित एसजेवीपी कॉलेज में लड़कियों को हिजाब पहनकर प्रवेश नहीं दिया गया। इस पर छात्राओं ने कहा कि वह हिजाब उतारकर भीतर नहीं जाएंगी और यह उनके लिए शिक्षा के जितना ही महत्वपूर्ण है और वह अपने अधिकार को नहीं छोड़ सकतीं।

# देश में कोविड-19 के 22,270 नए मामले, 325 की मौत

भाषा। नई दिल्ली

**भारत में** शनिवार को 22,270 और लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के कारण महामारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,28,02,505 हो गई है जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 2,53,739 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 325 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,11,230 हो गई है। कोविड-19 के दैनिक मामलों की संख्या लगातार 13वें दिन एक लाख से कम है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.59 प्रतिशत है। कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर 98.21 फीसदी हो गई है। मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 38,353 की कमी दर्ज की गई। संक्रमण की दैनिक दर 1.80 फीसदी जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 2.50 प्रतिशत दर्ज की गई। इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,20,37,536 हो गई है। मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत कोविड-19 रोधी टीकों की 175.03 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए। आंकड़ों के मुताबिक, देश में इस बीमारी से जिन 325 और लोगों की मौत हुई है उनमें से 191 की केरल में और 19 लोगों की मौत कर्नाटक में हुई है। देश में अभी तक इस महामारी से 5,11,230 लोग जान गंवा चुके हैं। इनमें से ।,43,547 लोगों की मौत महाराष्ट्र में, 63,529 की केरल में, 39,757 की कर्नाटक, 37,970 की तमिलनाडु, 26,095 की दिल्ली, 23,424 की उत्तर प्रदेश और 21,107 लोगों की मौत पश्चिम बंगाल में हुई।

अब तमिलनाडु में भी पैदा हुआ हिजाब विवाद

# द्रमुक ने की भाजपा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

भाषा। मदुरै

**तमिलनाडु** में मदुरै के निकट एक मतदान केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक एजेंट और अन्य के बीच उस वक्त कहासुनी हो गई जब एजेंट ने हिजाब पहनी महिला मतदाता को लेकर आपत्ति जताई। जिसके चलते भाजपा के एजेंट को बूथ के बाहर कर दिया गया। राज्य के सत्तारूढ़ दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने मुस्लिम महिला का विरोध करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता की निंदा की और उसके खिलाफ कार्वाई की मांग की। पार्टी की सांसद और महिला शाखा की सचिव कनिमोई ने एक ट्वीट कर भाजपा कार्यकर्ता के खिलाफ तमिलनाडु में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने के लिए कड़ी कार्वाई की मांग की है। मामला तब शुरू हुआ, जब हिजाब पहनी महिला शहरी निकाय चुनाव में मतदान करने के लिए मेलूर पहुंची तो भाजपा कार्यकर्ता ,जिसके पास मतदाता सूची थी, ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि वह उसकी पहचान नहीं कर पा रहा है। उसने कथित तौर पर दावा किया कि सूची में और पहचान पत्र की तस्वीर में अंतर था।

विवाद पर मतदान अधिकारियों ने कहा कि महिला की पहचान उसके मतदाता पहचान पत्र के आधार पर की गई है और उसका चेहरा ढंका नहीं था। भाजपा के एजेंट के आरोप पर एक अधिकारी ने कहा कि नियमों के अनुसार ही महिला की पहचान सत्यापित की गई और उसे ऐसा करने की जरूरत नहीं थी। द्रमुक और अन्नाद्रमुक तथा अन्य पार्टियों के एजेंट ने भाजपा के एजेंट की आपत्तियों का विरोध किया और कहा कि इसका कोई आधार ही नहीं है। भाजपा कार्यकर्ता की पुलिसकर्मियों से भी बहस हुई।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची में झारखंड जगुआर( झारखंड पुलिस) के एक विशेष कार्य बल के 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए

## आंगड़ियों से लूटपाट करने और उगाही करने के आरोप में तीन पुलिसकर्मियों पर मामला दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने दक्षिण मुंबई में आंगड़ियों और उनके कर्मचारियों से कथित रूप से लूटपाट करने और पैसे वसूलने के आरोप में शनिवार को तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने इस मामले में सहायक पुलिस निरीक्षक नितिन कदम और उप निरीक्षक समाधान जामदादे को गिरफ्तार किया है, जबकि लोकमान्य तिलक मार्ग पुलिस थाने के निरीक्षक ओम वांगटे एक वांछित आरोपी है। उन्होंने बताया कि पुलिस को उनके बारे में कई शिकायतें मिलने के बाद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिण) दिलीप सावंत द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत के आधार पर आरोपी अधिकारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अधिकारी ने कहा कि पुलिस को सात दिसंबर, 2021 को इस संबंध में आंगड़िया एसोसिएशन ऑफ भुलेश्वर से शिकायतें मिली थीं। आंगड़िया शुल्क लेकर धन, हीरे और आभूषण स्थानांतरित करने के लिए कूरियर सेवाएं प्रदान करते हैं।

# करीब 2.14 करोड़ मतदाता करेंगे वोट

## पंजाब में मतदान की तैयारियां पूरीं

भाषा। चंडीगढ़

**पंजाब** विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और करीब 2.14 करोड़ मतदाता 117 सीटों पर किस्मत आजमा रहे 1,304 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। प्रत्याशियों में 93 महिलाएं भी शामिल हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय के अधिकारी ने बताया कि मतदान सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम छह बजे तक चलेगा। मतों की गिनती 10 मार्च को होगी। पंजाब में इस बार कांग्रेस, आप, शिअद-बसपा गठबंधन, भाजपा-पीएलसी-शिअद (संयुक्त) और विभिन्न किसान संगठनों की राजनीतिक इकाई संयुक्त समाज मोर्चा के बीच बहुकोणीय मुकाबला है।

अपनी सत्ता को कायम रखने की कोशिश कर रही सत्तारूढ़ कांग्रेस को विभिन्न मुद्दों को लेकर विभिन्न राजनीतिक विरोधियों के तीखे हमलों का सामना करना पड़ा है, जिनमें मादक पदार्थ और भ्रष्टाचार का मुद्दा शामिल है। वहीं, कांग्रेस इन हमलों का मुकाबला मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के 111 दिनों के कार्यकाल में बिजली की दरों और ईंधन की कीमत में कमी जैसे फैसलों से कर रही है। आम आदमी पार्टी (आप) जो सबसे प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के तौर पर उभरी है वह शासन के दिल्ली मॉडल को पेश कर सत्ता पर काबिज होने का प्रयास कर रही है। शिरोमणि अकाली दल का भी बहुत कुछ दांव पर लगा है जो वर्ष 2020 में भाजपा के साथ कृषि कानूनों के मुद्दों पर नाता तोड़ने के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ गठबंधन कर चुनाव मैदान में उतरा है।

शिअद के साथ गठबंधन में छोटी सहयोगी रही भाजपा इसबार के गठबंधन में बड़े भाई की भूमिका में है। भाजपा ने इस चुनाव के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह नीत पंजाब लोक कांग्रेस और सुखदेव सिंह ढींढसा नीत शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के साथ गठबंधन किया है। भगवा दल ने मतदाताओं से नया पंजाब के लिए डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की है। केंद्र के कृषि कानूनों के खिलाफ हुए किसानों के आंदोलन में शामिल पंजाब के कई किसान संगठन भी संयुक्त समाज मोर्चा बनाकर राज्य की विधानसभा चुनाव में उतरे हैं और उन्होंने इसके लिए हरियाणा भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी नीत संयुक्त संघर्ष पार्टी के साथ गठबंधन किया है। इस चुनाव में चर्चित चेहरे जिनकी चुनावी किस्मत दांव पर लगी है उनमें मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद का चेहरा भगवंत मान, कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू, पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह और प्रकाश सिंह बादल, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल प्रमुख हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रजिंदर कौर भट्ठल, भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला भी इस चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। इस चुनाव में सभी प्रमुख पार्टियों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए मुफ्त की सौगात देने के वादे किए हैं। आप ने सभी महिलाओं को एक-एक हजार रुपए देने का वादा किया है जबकि कांग्रेस ने भी जरूरतमंद महिलाओं को एक-एक हजार रुपए प्रति माह देने का वादा किया है।

शिअद-बसपा गठबंधन ने नीले कार्ड (गरीबी रेखा से नीचे) धारक परिवार की महिला मुखिया को प्रत्येक महीने दो हजार रुपए देने का वादा किया है, साथ ही राज्य की 75 प्रतिशत सरकारी और निजी नौकरियों को पंजाब के युवाओं के लिए आरक्षित करने का वादा किया है। भाजपा गठबंधन ने भी इसी तरह का वादा किया है लेकिन सरकारी नौकरियों के लिए। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रचार किया। राज्य में चुनाव प्रचार शुक्रवार को समाप्त हुआ। गौरतलब है कि वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 77, शिअद-भाजपा गठबंधन को 18, आप को 20 सीटें मिली थीं जबकि दो सीटें लोक इंसाफ पार्टी के खाते में गई थीं।



अमृतसर में पंजाब विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले पोलो ग्राउंड में मतदान अधिकारी ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री के साथ इकट्ठा हुए।

## निर्वाचन आयोग ने भाजपा नेता राजा सिंह के 72 घंटे तक प्रचार करने पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं तेलंगाना के विधायक टी राजा सिंह को उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी को वोट देने के वास्ते लोगों को धमकी देने के लिए फटकार लगाई और उन्हें 72 घंटे तक प्रचार करने से प्रतिबंधित कर दिया। आयोग ने तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भारतीय दंड संहिता और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का भी निर्देश दिया। 72 घंटे की पाबंदी शनिवार शाम छह बजे से शुरू हो गई है। इस सप्ताह की शुरुआत में, निर्वाचन आयोग ने सिंह को नोटिस जारी करते हुए उनकी कथित टिप्पणी वाली एक वीडियो क्लिप का हवाला दिया था। नोटिस में उद्धृत सिंह की टिप्पणी के अनुसार, उन्होंने कहा था, जो लोग भाजपा को वोट नहीं देते हैं उन्हें पता होना चाहिए कि योगी जी (उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) ने हजारों जेसीबी और बुल्डोजर मंगवा लिए हैं। उन्होंने कहा था, आप जेसीबी और बुल्डोजर का उद्देश्य जानते हैं... अगर आपको यूपी में रहना है, तो आपको योगी-योगी का जाप करना होगा या उत्तर प्रदेश छोड़ना होगा। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में विधानसभा चुनाव हो रहे है और रविवार को तीसरे चरण के लिए मतदान होगा।

**PUBLIC NOTICE**

Be in known to Public at large that my clients Sh.Anand Mittal and Ruchi Mittal, both residing at G-5, Model Town-III, Delhi-11009 have severed all their relations and debarred/disowned their son namely Sh. Arjun Mittal and his wife Aarushi Mittal, from their moveable and immoveable properties. If anyone deals with them qua my client in any manner for anything related to my client, my clients will not be responsible for their acts and deeds.

Y. K. Sharma (Advocate)
Delhi High Court,
Delhi

**PUBLIC NOTICE**

I, Smt. Asha Bhargava R/o D-128, Anand Vihar, Delhi-110092 have declare that my original tille documents related to the above said property, Original perpetual Sub-Lease dated 20-11-1978, Original Agreement to Sell,GPA, SPA, WILL receipt etc. dated 27-04-1984 has been lost / misplaced somewhere and not traceable by my best efforts. I already lodge a lost report in this regard vide complaint no. 8957002072200007, dated 07-02-2022.

Asha Bhargava

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby, informed to the General Public that, I, Rakesh Bhartia s/o Chand Mall Bhartia, R/o S5 Panchsheel Park, New Delhi -110017, have lost the Original Provisional Allotment Letter No JGGNSC0312A1 Dated 09/05/2009 issued by Jaiprakash Associates Limited in respect of Unit bearing No. SC3–12A01 in Sea Court Project, situated at Jaypee Greens, Greater Noida. Any one finding the said documents is requested to kindly return the same to me or to the Company.

Rakesh Bhartia, R/o-S5, Panchsheel Park, New Delhi-110017, M: 9873930146
Email: rakeshbhartia@hotmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Bhim Raj Singla** who is purchasing of Second Floor, without roof rights, Front Left Side Portion L-Corner, Area measuring 62.5 Sq. Yards, built Property No. 770-A/1, out of Khasra No.93, and Second Floor, without roof rights, Front Right Side Portion L-Corner, Area measuring 62.5 Sq. Yards, built-up Property bearing No. 770-A/2, out of Khasra No.93, Gali No.7, situated at Govindpuri, Kalkaji, New Delhi-110019, from **Mr. Jitender Aggarwal** who is the owner of the property vide Sale Deeds dated 19.02.2021 (vide Document No.899)& 27.12.2021 (vide Document No.7260) and intend tomortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited**. That the Surviving Member Certificate of Late Mr. Gopi Ram is not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within **7 days** at below address.

Lucem Legal LLP
Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No. D-61, Sector-2, Noida, UP-201301
Contact # 0120-4130438

## सिंधुदुर्ग में हत्या के मामलों में फिर जांच को लेकर गृहमंत्री से मिलेंगे शिवसेना नेता

भाषा। मुंबई

**शिवसेना** ने शनिवार को कहा कि पार्टी के नेता महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वाल्से पाटिल के साथ मुलाकात कर सिंधुदुर्ग जिले के हत्या के मामलों को फिर से खोलने की मांग करेंगे। सिंधुदुर्ग केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता नारायण राणे का गृह जिला है।

रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र से शिवसेना सांसद और पार्टी प्रवक्ता विनायक राउत ने राणे का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पूरा महाराष्ट्र जानता है कि हत्या और जबरन वसूली में कौन शामिल था। राउत ने कहा, शिवसेना के खिलाफ भ्रष्टाचार और हत्या का आरोप लगाना हास्यास्पद है। क्या वह अपना अतीत भूल चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले नौ सालों में सिंधुदुर्ग जले में सात राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। उन्होंने कहा, हम प्रदेश के गृह मंत्री से इन मामलों को दोबारा खोलने की मांग करेंगे। महाराष्ट्र की महा विकास आघाड़ी सरकार का अगुवाई शिवसेना कर रही है जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस भी शामिल है। वाल्से पाटिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राउत ने एक वीडियो दिखाया जिसमें महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा नेता किरीट सोमैया राणे के खिलाफ बोल रहे हैं। राणे पहले कांग्रेस में थे। शिवसेना और राणे के बीच जुबानी जंग उस वक्त तेज हो गई जब राणे ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें पता चला है कि उप नगर बांद्रा में स्थित मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री में (रहने वाले) चार लोगों के लिए ईडी नोटिस तैयार है।

## मणिपुर में एनपीपी प्रत्याशी के पिता को गोली मारी गई

**इंफाल।** मणिपुर के ईस्ट इंफाल जिले में अज्ञात लोगों ने नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के एक प्रत्याशी के पिता को गोली मार दी। उप मुख्यमंत्री वाई. जयकुमार सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना शुक्रवार को हुई जब अन्द्रो से पार्टी के उम्मीदवार एल. संजय सिंह के घर पर वह, उनके पिता और कुछ समर्थक चुनाव संबंधित चर्चा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अज्ञात हमलावरों ने गोलियां चलाईं और प्रत्याशी के पिता के दाहिने कंधे पर गोली लगी। संजय सिंह के पिता भी एनपीपी के नेता हैं। मेघालय के मुख्यमंत्री और एनपीपी अध्यक्ष कोनराड संगमा ने एक अस्पताल में संजय के पिता से मुलाकात की और घटना की निंदा की। संगमा ने संवाददाताओं से कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और इससे कुछ लोगों की परेशानी का स्तर पता चलता है। हम मुख्य चुनाव अधिकारी से मिलेंगे और इस चुनाव में व्याप्त स्थिति पर अपनी चिंता से उन्हें अवगत कराएंगे। मैं 2002 से मणिपुर में चुनाव प्रचार कर रहा हूं और मैंने ऐसी चुनावी हिंसा कभी नहीं देखी।

## भाजपा ने मिजोरम सरकार पर मनरेगा के धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया

● राज्य सरकार ने आरोपों से इनकार किया

भाषा। आइजोल

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की मिजोरम इकाई ने मुख्यमंत्री जोरमथंगा के नेतृत्व वाली मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (एमजीएनआरईजी) कानून का उल्लंघन करने और इसके धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। राज्य सरकार ने हालांकि इन आरोपों से इनकार किया और कहा कि उसने दिशा-निर्देशों के अनुसार काम किया और धन का दुरुपयोग नहीं किया। भाजपा महिला मोर्चा की मिजोरम इकाई की अध्यक्ष एवं केंद्रीय योजना निगरानी एवं सतर्कता उपाध्यक्ष एफ. लालरेमसंगी ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि मनरेगा योजना की निगरानी एवं क्रियान्वयन निकाय के गठन और राज्य में धन के उपयोग में अनियमितताएं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने मनरेगा अधिनियम के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी और समीक्षा के लिए मिजोरम राज्य रोजगार गारंटी परिषद का गठन किया, लेकिन महिला सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में दिशा-निर्देशों को पूरा करने में विफल रही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य रोजगार गारंटी परिषद में गैर-सरकारी सदस्यों में से कम से कम पांच महिलाओं को मनोनीत किया जाए। इस बीच, मिजोरम के ग्रामीण विकास मंत्री लालरूआटकिमा ने इन आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि राज्य रोजगार गारंटी परिषद का गठन केंद्रीय दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है। उन्होंने कहा कि गैर-सरकारी सदस्यों में आवश्यक महिला सदस्यों को पहले ही नियुक्त किया जा चुका है, क्योंकि मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार गैर-सरकारी सदस्यों में कम से कम एक तिहाई महिलाएं होनी चाहिए।

प्रपत्र 'ए'
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]
मैसर्स एच एल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ

**मैसर्स एच एल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

| | संबंधित विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | एच एल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 09-09-2005 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनी – दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U70101DL2005PTC140561 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | 1. यूनिट नंबर 14, प्लॉट नंबर 31, लोअर ग्राउंड फ्लोर, रोड नंबर 44, विकास टावर बिल्डिंग, रानी बाग, पीतमपुरा, नई दिल्ली– 110034<br>2. साइट नंबर 5, सेक्टर–70, मोहाली, पंजाब–160070 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 15–02–2022 (माननीय अधिनिर्णय प्राधिकारी द्वारा कम्पनी याचिका सं. आईबी–321/(एनडी)/2021 में दिनांक 15–02–2022 को आदेश पारित किया गया) |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि | 14–08–2022 |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | श्री दीपक कुमार गर्ग<br>पंजी. सं. – IBBI/IPA-002/IP-N00796/2019-2020/12560 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है। | शांति निकेतन, टिबरा रोड, गली नंबर 4, मोदीनगर–201204, जिला गाजियाबाद ई–मेल आईडी : deepakgarg07@rediffmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई–मेल | 411 एस्सेल हाउस, आसफ अली रोड, नई दिल्ली–110002<br>ई–मेल आईडी : irp.hlbuildwell@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 03–03–2022 (माननीय अधिनिर्णय प्राधिकारी से आदेश 17–02–2022 को प्राप्त हुआ, अतः 14 दिन की गणना आदेश की प्राप्ति से की गई) |
| 12. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप–धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई | क्रेडिटर की कोई श्रेणी इस समय अभिनिश्चित नहीं की जा सकती है। अतएव, कार्पोरेट देनदार के व्यवसाय की प्रकृति के अनुसार क्रेडिटर आबंटी/घर खरीदार एक श्रेणी में विचारित किए जा रहे हैं |
| 13. | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के तीन नाम) | 1. श्री प्रभाकर कुमार<br>पंजी. सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00774/2018-2019/12373<br>ई–मेल : prabhakar_acs@rediffmail.com<br>2. श्री प्रदीप कुमार राय<br>पंजी. सं. : IBBI/IPA-002/IP-N01100/2021-2022/13648<br>ई–मेल : pkrayip@gmail.com<br>3. श्री योगेश कुमार त्यागी<br>पंजी. सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00297/2017-2018/10856<br>ई–मेल : yogeshktyagi@rediffmail.com |
| 14. | (क) संबंधित प्रपत्र और<br>(ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है : | ए : https://ibbi.gov.in/home/download<br>बी : 411 एस्सेल हाउस, आसफ अली रोड, नई दिल्ली–110002 |

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली ने दिनांक 15–02–2022 को एच एल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के विरूद्ध कार्पोरेट ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।
एच एल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण 03–03–2022 को अथवा पूर्व अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।
वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।
किसी श्रेणी के साथ संबंधित वित्तीय लेनदार, जैसाकि प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध है, प्रपत्र सीए में श्रेणी रियल एस्टेट इन्वेस्टर्स के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल्स में से अपनी पसंद का अधिकृत प्रतिनिधि प्रपत्र सीए में निर्दिशित करेगा।
दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।

हस्ता./–
दीपक कुमार गर्ग
अंतरिम समाधान प्रोफेशनल
तिथि : 19–02–2022
स्थान : नई दिल्ली
पंजी. सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00796/2019-2020/12560

## मैंने बंगला बनाने के लिए सभी अनुमति ली थीं फिर भी शिवसेना मुझे डरा रहीः राणे

भाषा। मुंबई



**केंद्रीय** मंत्री नारायण राणे ने शनिवार को कहा कि उन्होंने यहां अपने बंगले के निर्माण के लिए जरूरी सभी प्रकार की अनुमति ली थी और इसमें कोई अनियमितता नहीं बरती गई। इससे पहले शिवसेना शासित बृहन्मुंबई महानगर पालिका ने राणे के बंगले के निरीक्षण के लिए उन्हें नोटिस जारी किया था।

भारतीय जनता पार्टी के नेता ने यह भी कहा कि शिवसेना और मातोश्री की ओर से उन्हें डराया जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास का नाम मातोश्री है जिसका हवाला राणे ने दिया। बीएमसी ने निरीक्षण और परिसर के मापन के लिए जुहू स्थित राणे के बंगले को बृहस्पतिवार को नोटिस जारी किया था। राणे का आदिश नामक बंगला निकाय के के-पश्चिम वार्ड में स्थित है और मुंबई के पश्चिमी उपनगर में है। नोटिस में कहा गया था कि नगर निकाय का एक दल परिसर का निरीक्षण करेगा और मापन तथा तस्वीरें लेगा। नोटिस में कहा गया कि बंगले के मालिक (नाम का उल्लेख नहीं किया गया) को इस कार्वाई के दौरान उपस्थित रहना पड़ेगा और निर्माण के लिए मंजूर किए गए प्लान या भवन के वास्तविक दस्तावेज पेश करने होंगे। यह नोटिस ऐसे समय आया है जब सत्तारूढ़ शिवसेना और विपक्षी दल भाजपा के बीच राज्य में जुबानी जंग चल रही है। राणे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने लगभग 12 साल पहले बंगले के निर्माण के लिए जरूरी सभी प्रकार की अनुमति ली थी। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ जब उनके घर को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले भी जांच की गई थी लेकिन अधिकारियों को कोई अनियमितता नहीं मिली थी।

उन्होंने कहा, मैं, मेरी पत्नी, मेरे दो बेटे और उनकी पत्नियां और बच्चे यहां रहते हैं। कुल आठ लोग रहते हैं। इसलिए, हमें यहां कभी कुछ और बनवाने की जरूरत महसूस नहीं हुई। राणे ने किसी का नाम लिए बिना कहा, यह पूरी कार्वाई (नोटिस) शिवसेना और मातोश्री द्वारा बदला लेने के लिए, की जा रही है। मुझे डराया जा रहा है।

## तमिलनाडु शहरी निकाय चुनावः कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान

**चेन्नई।** तमिलनाडु में शहरी निकाय चुनावों के लिए मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार सुबह सात बजे शुरू हो गया। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके लिए रैंप भी बनाए गए हैं।

तमिलनाडु के 38 जिलों के शहरी क्षेत्रों में मतदान हो रहा है। तमिलनाडु राज्य निर्वाचन आयोग वेब स्ट्रीमिंग और सीसीटीवी कैमरे के जरिए मतदान केंद्रों की निगरानी कर रहा है और सुरक्षा के लिए पुलिस के करीब एक लाख कर्मियों को तैनात किया गया है। प्राधिकारियों ने बताया कि रैंप और व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई है। नगर निगमों, नगरपालिकाओं और शहर पंचायतों समेत 648 शहरी स्थानीय निकायों में वार्ड सदस्यों के 12,607 पदों के लिए 57,778 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं और 31,000 से अधिक मतदान केंद्रों में मतदान चल रहा है। मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक है लेकिन आखिरी का एक घंटा कोरोना वायरस से प्रभावित लोगों के मतदान के लिए सुरक्षित किया गया है। सत्तारूढ़ द्रमुक और उसके सहयोगी साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

## झारखंड सिख कल्याण समिति ने चन्नी से माफीनामे की मांग की

**धनबाद (भाषा)।** झारखंड सिख कल्याण समिति ने बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों के बारे में पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के हालिया बयान पर उनसे सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने को कहा है और घोषणा की है कि जब तक वह ऐसा नहीं करेंगे तब तक राज्य का सिख समाज उनका बहिष्कार करेगा। झारखंड सिख कल्याण समिति के अध्यक्ष सेवा सिंह ने शनिवार को यहां कहा कि वह चन्नी के उस बयान से अचंभित हैं जिसमें उन्होंने पंजाब के लोगों से कहा था कि वह बिहार और उत्तर प्रदेश के भैया लोगों को पंजाब में आने की अनुमति न दें। चन्नी ने पंजाब में चुनाव प्रचार के दौरान हाल में एक भाषण में पार्टी नेता प्रियंका गांधी के सामने यह बात कही थी जिसकी पूरे देश में तीखी आलोचना हो रही है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बयान की आलोचना करते हुए कहा था कि जब चन्नी इस तरह देश को तोड़ने वाली बात कर रहे थे तो उनके दिल्ली के परिवार के नेता (मालिक) तालियां बजा रहे थे। समिति की आज की बैठक के बाद अध्यक्ष सेवा सिंह ने कहा कि बैठक में चन्नी के संबंधित बयान की कड़ी आलोचना की गई है और झारखंड के सिख समुदाय ने चन्नी के गुरु गोविंद सिंह की जन्मस्थली पटना साहिब में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने तक उनका बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। सेवा सिंह ने कहा, सिख पूरे देश में रहते हैं और हमारे गुरु ने सदा जाति-पांति, भीतरी-बाहरी तथा ऊंच-नीच के भाव से ऊपर उठकर जीवन जीने का उपदेश दिया है, लेकिन चन्नी ने अपने राजनीति लाभ के लिए अवांछनीय बात कही है।

## धनखड़ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा का सत्र बुलाने संबंधी सिफारिश को वापस भेजा



**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सात मार्च से विधानसभा का सत्र बुलाने संबंधी सिफारिश को शनिवार को वापस भेज दिया। धनखड़ ने ट्विटर पर कहा कि उन्होंने फाइल वापस कर दी, क्योंकि राज्य मंत्रिमंडल द्वारा सिफारिश नहीं की गई थी, जैसा कि नियम है। धनखड़ ने ट्वीट किया, माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सात मार्च को विधानसभा बुलाने की सिफारिश को संवैधानिक अनुपालन के लिए वापस करना पड़ा क्योंकि राज्यपाल संविधान के अनुच्छेद 166(3) के तहत कामकाज के नियमों का पालन करने के बाद मंत्रिमंडल द्वारा की गई सिफारिश पर विधानसभा का सत्र बुलाते हैं। राज्यपाल ने एक पत्र संलग्न किया, जो उन्होंने सरकार को लिखा था कि उन्होंने फाइल वापस भेज दी है। धनखड़ ने कहा, फाइल भेजने और संवैधानिक अनुपालन के लिए एकमात्र विकल्प था। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुखेंदु शेखर रॉय ने इस संबंध में निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि धनखड़ पहले जनप्रतिनिधियों द्वारा विधिवत अनुमोदित की गई फाइलों को दबाए हुए थे और अब विधानसभा सत्र के लिए सिफारिश वापस करना प्रशासनिक कार्य को बाधित करने का एक और कदम है। रॉय ने कहा, संसदीय कार्य मंत्री द्वारा उचित समर्थन के बाद मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें सदन बुलाने की सिफारिश की गई है। उन्होंने कैसे अनुमान लगाया कि इसे मंत्रिमंडल की मंजूरी नहीं मिली है?

## राकांपा ने ठाणे, पालघर निकाय चुनाव एमवीए बैनर तले लड़ने की इच्छा जताई

**ठाणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की ठाणे और पालघर इकाई ने शनिवार को बैठक कर दोनों जिलों में होने वाले निकाय चुनाव के संबंध में चर्चा की। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और राकांपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र अव्हाड ने कहा कि बैठक के दौरान निकाय चुनाव महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बैनर तले लड़ने को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया ताकि भाजपा को हराया जा सके। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि राकांपा की सभी जिला इकाइयों के अध्यक्ष ने बैठक में हिस्सा लिया और निर्णय लिया गया कि एमवीए में एकता बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगे। गौरतलब है कि एमवीए में राकांपा के अलावा शिवसेना और कांग्रेस भी शामिल हैं।

## ओडिशा में पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में 77 प्रतिशत मतदान

भाषा। भुवनेश्वर

**ओडिशा** में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 77 प्रतिशत मतदान हुआ। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था। छिटपुट व्यवधानों को छोड़कर मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा।

राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के मुताबिक, ओडिशा के 68 ब्लॉक में कुल 186 जिला परिषद क्षेत्रों, 1,514 पंचायत समिति क्षेत्रों और पंचायतों के 20,436 वार्ड के चुनाव के लिए, करीब 62.10 लाख मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से लगभग 71 प्रतिशत ने मतदान किया। एसईसी को जिलों से अंतिम रिपोर्ट मिलने के बाद मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है।

दूसरे चरण के चुनाव के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और बुधवार को पहले चरण के मतदान के दौरान हुई हिंसा को देखते हुए पुलिस के 240 प्लाटून तैनात किए गए थे। एक प्लाटून में 30 पुलिस कर्मी होते हैं। पहले चरण के मतदान के दौरान मतदान पेटियां छीनने, धांधली और मतदान केंद्रों पर हमले के आरोपों के बीच हुई हिंसा में करीब 50 लोग घायल हो गए थे। राज्य के निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि आंध्र प्रदेश की सीमा के पास स्थित कोटिया में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जहां दूसरे चरण के तहत मतदान जारी है।

राजधानी भुवनेश्वर में अधिकारियों ने बताया कि गांवों के समूह कोटिया पर ओडिशा और आंध्र प्रदेश, दोनों ही राज्य दावा करते हैं, इसलिए वहां व्यवधान डालने का प्रयास हो सकता है। उन्होंने बताया कि कोटिया ग्राम समूह में ओडिशा द्वारा तैनात किए गए सुरक्षा कर्मियों ने लोगों के मन में विश्वास जगाने के लिए फ्लैग मार्च किया। पिछले साल कोटिया ग्राम समूह के 21 में से छह गांवों में आंध्र प्रदेश ने पंचायत चुनाव कराए थे।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह–कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह–कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दीपक जैन/ राजबाला जैन/ LBDEL00004947064 | संपत्ति संख्या –231–232, ब्लॉक–सी पॉकेट –5 सेक्टर –06 छत के अधिकार के साथ तीसरी मंजिल रोहिणी दिल्ली/ 18 फरवरी, 2022 | जून 19, 2021/ ₹ 18,51,903/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | देवेंद्र कुमार पंवार/ दिनेश कुमार/ अर्चना/ LBDEL00002377774 | फ्लैट नंबर 37, चौथी मंजिल सेक्टर 34, पॉकेट 3 ब्लॉक ई 1 रोहिणी दिल्ली/ 18 फरवरी, 2022 | जून 19, 2021/ ₹ 9,41,081/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | मनीष कुमार/ विनोद कुमार/ LBDEL00002378225 | फ्लैट नंबर 13, तीसरी मंजिल डीडीए एलआईजी फ्लैट, ब्लॉक ए 1, पॉकेट 2 सेक्टर जी –2 नरेला दिल्ली/ 18 फरवरी, 2022 | जुलाई 06, 2021/ ₹ 10,56,838/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | नर्मदा देवी/ विनोद मीणा/ LBDEL00002382316 | फ्लैट नंबर 15, तीसरी मंजिल पॉकेट 3 ब्लॉक सी7 सेक्टर 34 रोहिणी दिल्ली/ 18 फरवरी, 2022 | जून 19, 2021/ ₹ 10,96,171/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | संतपाल सिंह/ राजेश सिंह/ LBDEL00001987766 | प्लॉट नंबर–123, पॉकेट–डी–1 दूसरी मंजिल छत के साथ सेक्टर–16 रोहिणी दिल्ली/ 18 फरवरी, 2022 | जुलाई 06, 2021/ ₹ 10,00,465/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | सोहैब खान/ अफसाना बेगम/ LBDEL00002356912 | फ्लैट नंबर 28, पहली मंजिल डीडीए एलआईजी फ्लैट ब्लॉक डी 7 पॉकेट 03 सेक्टर 34 रोहिणी दिल्ली/ 18 फरवरी, 2022 | जुलाई 06, 2021/ ₹ 11,72,208/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | उषा देवी/ रामनयन यादव/ LBDEL00002368843 | एलआईजी फ्लैट नंबर 60, चौथी मंजिल सेक्टर 34 पॉकेट 3 ब्लॉक ए3 रोहिणी दिल्ली दिल्ली/ 18 फरवरी, 2022 | जुलाई 06, 2021/ ₹ 10,90,760/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | देबाशीष मलिक/ मंदिरा मल्लिक/ पंकज/ LBDEL00002406345 | फ्लैट नंबर 10, दूसरी मंजिल डीडीए सेक्टर जी–बी पॉकेट 3 ब्लॉक बी 4 नरेला दिल्ली दिल्ली/ 18 फरवरी, 2022 | जून 19, 2021/ ₹ 11,81,081/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | वीरेंद्र सिंह/ बंगाली बाबू/ LBDEL00002357724 | फ्लैट नंबर– 10, एलआईजी दूसरी मंजिल ब्लॉक डी 2 पॉकेट 3 सेक्टर–जी –8 नरेला दिल्ली/ 18 फरवरी, 2022 | जुलाई 06, 2021/ ₹ 10,91,579/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | योगेंद्र सिंह सिंह/ मोहन लाल/ LBDEL00002380026 | फ्लैट नंबर 6, पहली मंजिल, ब्लॉक जी7, पॉकेट 3 एलआईजी सेक्टर– जी8, नरेला, दिल्ली/ 18 फरवरी, 2022 | जून 19, 2021/ ₹ 10,62,946/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह–कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक: फरवरी 19, 2022**
**स्थान: दिल्ली/एनसीआर**

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# एशिया के सबसे बड़े बायो-सीएनजी संयंत्र का मोदी ने किया लोकार्पण

भाषा। इंदौर (मप्र)



**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 150 करोड़ रुपए की लागत से बने बायो-सीएनजी संयंत्र गोबर-धन का शनिवार को लोकार्पण किया और कहा कि पर्यावरण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करने करने के लिए देश के अन्य 75 बड़े नगरीय निकायों में भी ऐसी इकाइयां बनाने पर काम जारी है। इंदौर के गोबर-धन संयंत्र को प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र से निकलने वाले गीले कचरे से बायो-सीएनजी बनाने की एशिया की सबसे बड़ी इकाई बताया जा रहा है। मोदी लोकार्पण समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंस से शामिल हुए और उन्होंने इंदौर नगर निगम के देवगुराड़िया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर 15 एकड़ में फैले बायो-सीएनजी संयंत्र को रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पित किया। प्रधानमंत्री ने लोकार्पण समारोह में कहा, इंदौर का यह संयंत्र देश के दूसरे शहरों को भी ऐसी इकाइयां लगाने की प्रेरणा देगा। मुझे बताते हुए खुशी है कि आने वाले दो वर्षों में 75 अन्य बड़े नगरीय निकायों में भी ैगोबर-धनै बायो-सीएनजी संयंत्र बनाने के लिए काम किया जा रहा है। हमें इस अभियान से शहरों को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने के साथ ही स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में भी काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, शहरी घरों से निकलने वाला गीला कचरा हो या गांवों में पशुओं और खेतों का अपशिष्ट, यह सब एक तरह से गोबर धन ही है। कचरे से गोबर धन, गोबर धन से स्वच्छ ईंधन, स्वच्छ ईंधन से ऊर्जा धन, यह श्रृंखला जीवन धन का निर्माण करती है। प्रधानमंत्री ने बताया कि देश के गांवों में भी हजारों गोबर-धन बायो गैस संयंत्र लगाए जा रहे हैं जिनसे पशुपालकों को अतिरिक्त आमदनी हो रही है। मोदी ने जोर देकर कहा कि गीले कचरे और गोबर से हरित ईंधन बनाने के जारी प्रयास पर्यावरण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करने में मदद करेंगे।प्रधानमंत्री ने बताया कि इंदौर का गोबर-धन संयंत्र हर दिन 550 टन गीले कचरे (फल-सब्जियों और कच्चे मांस का अपशिष्ट, बचा या बासी भोजन, पेड़-पौधों की हरी पत्तियां, ताजा फूलों का कचरा आदि) से 17,000 से 18,000 किलोग्राम बायो-सीएनजी बना सकता है और इस ईंधन का एक हिस्सा शहर में 400 सिटी बसें (शहरी लोक परिवहन वाहन) चलाने में इस्तेमाल किया जा सकेगा। उन्होंने कहा इस संयंत्र से सैकड़ों युवाओं को ग्रीन जॉब (पर्यावरण हितैषी रोजगार) मिलेगा। मोदी ने बताया कि इंदौर के बायो-सीएनजी संयंत्र से हर रोज 100 टन जैविक खाद भी निकलेगी जिसके इस्तेमाल से धरती की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी। अधिकारियों के मुताबिक बायो-सीएनजी संयंत्र की ईंधन नगर निगम के खजाने से कोई पूंजी नहीं लगाई गई है, बल्कि इसे गीला कचरा मुहैया कराने के बदले निजी कंपनी की ओर से शहरी निकाय को हर साल 2.5 करोड़ रुपए का प्रीमियम प्रदान किया जाएगा। अधिकारियों ने करार के हवाले से बताया कि निजी कम्पनी द्वारा शहरी निकाय को संयंत्र से बेची जाने वाली बायो-सीएनजी का दाम सामान्य सीएनजी की प्रचलित बाजार दर से पांच रुपए प्रति किग्रा. कम रखा जाएगा।

## देश में पेट्रोलियम उत्पादों में इथेनॉल मिलाने का स्तर बढ़कर आठ प्रतिशत पर पहुंचा

**इंदौर (मप्र)।** पेट्रोलियम पदार्थों के आयात पर निर्भरता घटाने के लिए जैव ईंधनों को अपनाए जाने पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने पिछले आठ सालों के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों में इथेनॉल के मिश्रण का स्तर दो प्रतिशत से बढ़ाकर आठ प्रतिशत के आसपास पहुंचा दिया है। मोदी इंदौर में 150 करोड़ रुपए की लागत से बने बायो-सीएनजी संयंत्र गोबर-धन के लोकार्पण समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इसे प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र से निकलने वाले गीले कचरे से बायो-सीएनजी बनाने की एशिया की सबसे बड़ी इकाई बताया जा रहा है।प्रधानमंत्री ने कहा, हमें पेट्रोलियम पदार्थों के आयात के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता है, लेकिन हमारे पास इथेनॉल सरीखे जैव ईंधन बनाने के पर्याप्त संसाधन बरसों से उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने जैव ईंधन बनाने की नई तकनीकी के इस्तेमाल पर खास जोर दिया है। देश में सात-आठ साल पहले पेट्रोलियम उत्पादों में जैव ईंधन के रूप में इथेनॉल के मिश्रण का स्तर एक से दो प्रतिशत पर रुका हुआ था, जिसे हमने बढ़ाकर आठ प्रतिशत के आसपास पहुंचा दिया है। मोदी ने कहा कि पिछले आठ सालों में पेट्रोलियम उत्पादों में मिलाए जाने के लिए इथेनॉल की आपूर्ति भी काफी बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया, वर्ष 2014 से पहले देश में पेट्रोलियम उत्पादों में मिलाए जाने के लिए करीब 40 करोड़ लीटर इथेनॉल की आपूर्ति की जाती थी, जिसे हमने बढ़ाकर 300 करोड़ लीटर के पार पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि देश में इथेनॉल की खपत बढ़ने से चीनी मिलों की आर्थिक सेहत सुधरी है जिससे गन्ना किसानों को भी खासी मदद मिली है।

# अगले दो वर्षों में टियर-2 एवं टियर-3 शहर करेंगे वृद्धि की अगुआई: सुंदरम होम फाइनेंस

भाषा। चेन्नई

**सुंदरम होम** फाइनेंस के प्रबंध निदेशक डी लक्ष्मीनारायणन ने कहा है कि अगले कुछ वर्षों में टियर-2 और टियर-3 शहर वृद्धि की अगुआई करेंगे और इसे ध्यान में रखते हुए कंपनी ने दक्षिण भारतीय बाजार में 200 लोगों की भर्ती करने की योजना बनाई है।

लक्ष्मीनारायणन ने कहा कि कंपनी रियल एस्टेट क्षेत्र में लंबी अवधि की संभावनाओं को लेकर उत्साहित है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, आवास बाजार इस साल लचीला बना रहेगा और बढ़ेगा, जिसे वास्तविक ग्राहकों की मांग और छोटे शहरों की वृद्धि से मजबूती मिलेगी। 2022 में आवास की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और यह महामारी से पहले के स्तर पर वापस आ जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनी ने पिछले छह महीनों में मासिक आधार पर लगातार वृद्धि दर्ज की है। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के बाद आवास बाजार में तेजी आई है और खरीदार कई विकल्प तलाश रहे हैं। लक्ष्मीनारायणन ने कहा कि खरीदारों में नया विश्वास जगा है और बाजार में तेजी का अंदाजा नई परियोजनाओं की संख्या से लगाया जा सकता है।उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद लोग स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी चिंताओं के चलते घनी आबादी वाले शहरों से दूर बड़े घरों में दिलचस्पी ले रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। चालू वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों में हमारे लगभग 70 प्रतिशत वितरण इन्हीं स्थानों में हुए हैं।

# जीवन बीमा परिषद ने सबसे पहले जीवन बीमा के साथ वापसी की

एजेंसी। मुंबई

**जीवन बीमा** के लिए पैरवी करने वाली भारत की अग्रणी एडवोकेसी संस्था जीवन बीमा परिषद यानी लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल ने फरवरी 2022 में अपने काफी प्रासंगिक अभियान सबसे पहले जीवन बीमा अभियान को फिर शुरू किया। यह अभियान 24 भारतीय जीवन बीमा कंपनियों के संयुक्त प्रयासों का प्रतिनिधित्व करता है। ये कंपनियां एक साझा नैरेटिव बनाने की दिशा में काम कर रही हैं जिसका उद्देश्य देश में जीवन बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस अभियान की परिकल्पना डीडीबी मुद्रा ग्रुप ने की है जो जीवन बीमा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना जारी रखेगा और उत्पाद के बारे में मौजूदा भ्रांतियों को दूर करेगा। हालांकि भारत में जीवन बीमा के बारे में अधिक जागरूकता है लेकिन खास तौर पर लोगों में इस समझ का अभाव है कि इसे क्यों खरीदना चाहिए। इसके अलावा उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षा, बचत, सेवानिवृत्ति केंद्रित समाधानों से संबंधित विभिन्न सेगमेंट्स पर पहल के दूसरे चरण में ध्यान दिया जाएगा।

उदाहरण के लिए बहुत से उपभोक्ताओं को उन लाभों के बारे में पता नहीं है जो जीवन बीमा एक गारंटीकृत आय या सेवानिवृत्ति लाभों से निवेश के अवसर के रूप में प्रदान करता है। जीवन बीमा के निवेश संबंधी इस पहलू पर रिटर्न की कथित लंबी उम्र के कारण लोगों का ध्यान नहीं रहता है लेकिन इस बाधा को तोड़ना महत्वपूर्ण है ताकि लोग निवेश के बारे में खुलकर बात कर सकें। यह अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इस श्रेणी के अनेक लाभों तथा उनकी विविध सुरक्षा और बचत संबंधी जरूरतों के लिए इसकी प्रासंगिकता के बारे में आश्वस्त करेगा। यह अभियान 360 डिग्री दृष्टिकोण के जरिये शिक्षित करेगा ताकि उपभोक्ता रोजमर्रा की जिन्दगी में जीवन बीमा के बारे में अधिक चर्चा कर सकें।

जीवन बीमा परिषद के महासचिव एसएन भट्टाचार्य ने कहा कि हमारा प्राथमिक उद्देश्य जीवन बीमा के बारे में लोगों की धारणा को समझना और बातचीत को सकारात्मक और स्पष्ट रखने का प्रयास करना है। बीमा भले ही देश में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है लेकिन हम एक अधिक स्वीकार्य परिणाम हासिल करना चाहते हैं जहां सभी उम्र के उपभोक्ता न केवल सुरक्षित भविष्य के लिए जीवन बीमा खरीदें बल्कि इसे अपने भविष्य के लिए वित्तीय सुरक्षा के रूप में भी देखें। अभियान के बारे में बताते हुए राममोहन सुंदरमए कंट्री हेड एवं मैनेजिंग पार्टनरए डीडीबी मुद्रा ग्रुप ने कहा कि निवेश के अवसरों से भरे बाजार में भारत की बढ़ती युवा आबादी के पास पर्याप्त डिस्पोजेबल आय है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल युवाओं की विचार प्रक्रिया को मान्य करना है बल्कि कई मीडिया नवाचारों के जरिये इसे सुदृढ़ करना भी है। इस तिमाही में परिषद वर्तमान मीडिया मिक्स को ध्यान में रखते हुए पहुंच और आवृत्ति के मामले में नंबर एक विज्ञापनदाता बन सकती है। हम परिषद के साथ साझेदारी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं क्योंकि मल्टी.पिच जीत में एजेंसी का रिकॉर्ड है। पूरे देश में मजबूत माहौल बनाने के लिए अभियान देश भर के 40 शहरों में 25-55 वर्ष की आयु के ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए शुरू किया जाएगा। यह टीवी डिजिटल प्रिंट आउटडोर के साथ.साथ कुछ इनोवेटिव प्लेटफॉर्म सहित कई मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखाई देगा।

# भारत-यूएई व्यापार समझौते से आभूषण क्षेत्र को मिलेगी शुल्क मुक्त पहुंच: वाणिज्य सचिव

नई दिल्ली भाषा

**वाणिज्य सचिव** बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने शनिवार को कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच हुए व्यापार समझौते से घरेलू आभूषण क्षेत्र को यूएई के बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी, जिससे निर्यात को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। दूसरी ओर खाड़ी देश को यहां के सोने के बाजार में अधिक पहुंच मिलेगी, क्योंकि भारत 200 टन तक के स्वर्ण आयात पर शुल्क में छूट देगा। भारत ने 2020-21 में यूएई से करीब 70 टन सोना आयात किया था।

उन्होंने कहा, हम सोने के एक प्रमुख आयातक देश हैं। भारत हर साल लगभग 800 टन सोना आयात करता है। इस विशेष समझौते में, हमने उन्हें (यूएई) 200 टन का टीआरक्यू (टैरिफ रेट कोटा) दिया है,



जहां शेष विश्व के लिए जो भी आयात शुल्क लगाया जाएगा, उससे शुल्क हमेशा एक प्रतिशत कम होगा। सुब्रमण्यम ने संवाददाताओं से कहा, इस तरह यूएई को सोने पर एक प्रतिशत मूल्य का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए सबसे बड़ा लाभ यह है कि घरेलू आभूषणों के लिए यूएई के बाजार में शून्य शुल्क पहुंच मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभी तक भारतीय आभूषणों पर पांच प्रतिशत शुल्क था, जो अब शून्य हो गया है जिससे रत्न और आभूषण क्षेत्र को लाभ होगा। भारत और यूएई के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने से द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच साल में 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने और लाखों की संख्या में रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी।वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को भारत और यूएई के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होने के बाद कहा था कि व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) मई में प्रभावी हो सकता है और पहले दिन से ही भारतीय हित से जुड़े करीब 90 प्रतिशत उत्पादों के लिए यूएई को निर्यात का रास्ता खुल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबु धाबी के शहजादा शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की ऑनलाइन शिखर वार्ता के दौरान व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर भारत की तरफ से गोयल और यूएई के अर्थव्यवस्था मामलों के मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री ने हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत बनाने को लेकर रूपरेखा भी जारी की। मुक्त व्यापार समझौते से भारत और संयुक्त अरब अमीरात की कंपनियों को महत्वपूर्ण लाभ मिलेंगे। इसमें बेहतर बाजार पहुंच और कम शुल्क दरें शामिल हैं। इस एफटीए से अगले पांच साल में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 60 अरब डॉलर से बढ़कर 100 अरब डॉलर पहुंच जाने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि भारत और यूएई ने व्यापार समझौते के लिए औपचारिक बातचीत पिछले साल सितंबर में शुरू की थी। कुल 881 पृष्ठ के समझौते को रिकार्ड 88 दिनों में ही पूरा कर लिया गया।

# नाल्को के निजीकरण का फैसला वापस लेने का किया अनुरोध

**● राजा ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र**

नई दिल्ली, भाषा



**भारतीय कम्युनिस्ट** पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी. राजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रमुख एल्युमीनियम कंपनी नाल्को के निजीकरण के सरकार के फैसले को वापस लेने का अनुरोध किया है।राजा ने अपने पत्र में कहा कि इस कदम को लेकर श्रमिकों में व्यापक आक्रोश है।उन्होंने कहा, हम आपसे नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) के निजीकरण के सरकार के कदम को वापस लेने का अनुरोध करते हैं। हम निजीकरण के माध्यम से नाल्को में 100 प्रतिशत रणनीतिक विनिवेश को लागू करने की आपकी सरकार की विनाशकारी योजना का पुरजोर विरोध करते हैं। राजा ने कहा कि 1981 में स्थापित नाल्को खान मंत्रालय के तहत एक नवरत्न कंपनी है और पिछले 40 वर्षों से उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमिना और एल्युमीनियम का उत्पादन व निर्यात करने वाला सबसे शीर्ष केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) रहा है।उन्होंने कहा, मैं आपका ध्यान इस तथ्य की ओर दिलाना चाहता हूं कि मजदूर विरोधी और जनविरोधी कदमों को लेकर लोगों और विशेष रूप से श्रमिकों में व्यापक आक्रोश है।

## क्विक न्यूज

### अनुज जैन को कंसाई नेरोलैक ने बनाया नया प्रबंध निदेशक

**नई दिल्ली।** कंसाई नेरोलैक पेंट्स लिमिटेड (केएनपीएल) ने अनुज जैन को अपना प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। नई नियुक्ति अप्रैल 2022 से प्रभावी होगी। जैन मौजूदा प्रबंध निदेशक एवं वाइस चेयरमैन एच एम भरूका का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 31 मार्च 2022 को पूरा होने जा रहा है। केएनपीएल ने एक नियामकीय सूचना में जैन को नया प्रबंध निदेशक बनाए जाने की जानकारी दी। उसने कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल की शुक्रवार को हुई बैठक में जैन को पांच साल के लिए प्रबंध निदेशक बनाने का फैसला लिया गया। हालांकि नई नियुक्ति कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी मिलने के बाद ही प्रभावी हो पाएगी। अनुज जैन 1990 में एक मैनेजमेंट ट्रेनी के तौर पर कंपनी से जुड़े थे और उसके बाद से कई अहम पदो पर काम कर चुके है। वह अप्रैल 2018 से ही कार्यकारी निदेशक के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

एनटीपीसी ने 2020-21 के 314 अरब यूनिट बिजली उत्पादन को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, 19 फरवरी (भाषा) सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने शनिवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2020-21 में 314 अरब यूनिट के अधिकतम वार्षिक बिजली उत्पादन को चालू वित्त वर्ष में 18 फरवरी को पीछे छोड़ दिया। कंपनी ने अपने एक बयान में कहा कि एनटीपीसी ने 18 फरवरी 2022 तक 314.89 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया है। पिछले साल 18 फरवरी तक उसका बिजली उत्पादन 270.0 अरब यूनिट था। आंकड़े एनटीपीसी के बेहतर प्रदर्शन और चालू वित्त वर्ष में बिजली की मांग बढ़ने के संकेत देते हैं। केंद्रीय बिजली प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में एनटीपीसी कोरबा (2600 मेगावाट संयंत्र) भारत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला ताप-बिजली संयंत्र है। इस संयंत्र ने अप्रैल 2021 और जनवरी 2022 के बीच 94.32 प्रतिशत क्षमता का उपयोग किया।

### इलेक्ट्रॉनिक चिप एवं डिस्प्ले संयंत्रों के लिए 1.53 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले

**नई दिल्ली।** सरकार को देश मे इलेक्ट्रॉनिक चिप एवं डिस्प्ले विनिर्माण संयंत्रो की स्थापना के लिए पांच कंपनियो से 1.53 लाख करोड़ रुपए निवेश के प्रस्ताव मिले है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में इसकी जानकारी दी। इसके मुताबिक वेदांता फॉक्सकॉन जेवी, आईजीएसएस वेंचर्स और आईएसएमसी ने सरकार को 13.6 अरब डॉलर निवेश से इलेक्ट्रॉनिक चिप विनिर्माण संयंत्र लगाने का प्रस्ताव रखा है। इसके साथ ही इन कंपनियो ने सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार से 5.6 अरब डॉलर की मदद की भी मांग रखी है। वेदांता और इलेस्ट ने 6.7 अरब डॉलर के अनुमानित निवेश से एक डिस्प्ले विनिर्माण संयंत्र लगाने का प्रस्ताव रखने के साथ ही सरकार से भारत में डिस्प्ले फैब्स के गठन के लिए चलाई गई योजना के तहत 2.7 अरब डॉलर का समर्थन भी मांगा है। इसके अलावा एसपीईएल सेमीकंडक्टर, एचसीएल, सिर्मा टेक्नोलॉजी और वेलेकनी इलेक्ट्रॉनिक्स ने सेमीकंडक्टर पैकेजिंग के लिए अपना पंजीकरण कराया है जबकि स्टोन्सा इंटरनेशनल रेक्टिफायर ने कंपाउंड सेमीकंडक्टर के लिए अपना पंजीकरण कराया है। इसके साथ तीन कंपनियो- ट्रमिनस माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, ट्राइस्पेस टेक्नोलॉजीज और क्यूरी माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स ने भी डिजाइन-संबद्ध प्रोत्साहन योजना के तहत आवेदन किए है।

### केरल स्टार्टअप मिशन का गूगल के साथ साझेदारी का ऐलान

**तिरुवनंतपुरम।** केरल स्टार्टअप मिशन (केसुम) ने स्थानीय स्टार्टअप कंपनियों को वैश्विक स्टार्टअप समुदाय से जोड़ने के लिए प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल के साथ साझेदारी की शनिवार को घोषणा की। केसुम की तरफ से आयोजित हडल ग्लोबल के तीसरे संस्करण का उद्घाटन केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केरल ने पांच साल में 15,000 से अधिक स्टार्टअप तैयार करने और नई तकनीक से संबंधित दो लाख नौकरियों का लक्ष्य तय किया है। सम्मेलन के दौरान गूगल के साथ साझेदारी का ऐलान किया गया। भारत में गूगल फॉर स्टार्टअप एक्सेलरेटर के प्रमुख पॉल रवींद्रनाथ ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इससे केरल मे स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा। इस साझेदारी के तहत गूगल केरल मे सक्रिय स्टार्टअप को जरूरी मार्गदर्शन देने के अलावा प्रशिक्षण भी देगी। इससे स्थानीय स्टार्टअप का नेटवर्क बढ़ेगा और वे अपना विस्तार करने की स्थिति में पहुंच पाएंगे। इस मौके पर गूगल के शीर्ष अधिकारी रवींद्रनाथ ने कहा कि उनकी कंपनी का स्टार्टअप डेवलपर कार्यक्रम दुनिया भर के स्टार्टअप समुदाय को सशक्त करने वाला है और अब केरल के स्टार्टअप भी इसके दायरे में आ जाएंगे। वही केसुम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन एम थॉमस ने कहा कि इस साझेदारी से केरल के स्टार्टअप को वैश्विक मानकों का अनुभव मिल सकेगा। इस साल केरल स्टार्टअप मिशन गूगल के साथ अपने संबंधो को औपचारिक रूप देने की कोशिश करेगा।

### ताकुया त्सुमुरा होंडा कार्स इंडिया के नए अध्यक्ष और सीईओ बनाए गए

**नई दिल्ली।** जापानी वाहन निर्माता कंपनी होंडा ने शनिवार को कहा कि उसने होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) के नए अध्यक्ष और सीईओ के रूप में ताकुया त्सुमुरा को नियुक्त किया है। यह नियुक्ति एक अप्रैल 2022 से प्रभावी होगी। यह नियुक्ति होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड द्वारा सालाना प्रबंधन में होने वाले बदलाव के हिस्से के रूप में की गई है।नए अध्यक्ष और सीईओ के रूप में 54 वर्षीय ताकुया गाकू नकानिशी की जगह लेंगे जो भारत से एशिया और ओशिनिया क्षेत्र में होंडा के ऑटोमोबाइल व्यवसाय के महाप्रबंधक के रूप में स्थानांतरित किए गए है। होंडा ने एक बयान में कहा कि भारत में अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान नकानिशी ने एचसीआईएल के अध्यक्ष और सीईओ के रूप में भारतीय ऑटो उद्योग के सबसे कठिन व्यावसायिक दौर में से एक यानी अभूतपूर्व कोविड संकट एवं मंदी के दौरान कंपनी को आगे बढ़ाया। इन वर्षों में कंपनी ने अपने व्यापार संविधान को मजबूत करने की दिशा मे एचसीआईएल के संचालन के दौरान कुछ कठिन लेकिन महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

ताकुया होंडा के साथ 30 वर्षो से जुड़े हुए है। उन्होंने थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, तुर्की, यूरोप और एशिया और ओशिनिया क्षेत्रो सहित कई अंतरराष्ट्रीय बाजारो मे काम किया है।

वह 1997 से 2000 तक भारत सहित दक्षिण एशियाई देशो के प्रभारी थे। होंडा भारतीय बाजार मे सिटी, अमेज और डब्ल्यूआर-वी जैसे कई मॉडल बेचती है।

### भारत-यूएई व्यापार समझौते का निर्यातक संगठनों ने स्वागत किया

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मुक्त व्यापार समझौता संपन्न होने का निर्यातकों ने स्वागत करते हुए कहा है कि इससे देश के निर्यात को बढ़ाने तथा रोजगार सृजन मे मदद मिलेगी। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के अध्यक्ष नरेंद्र गोयनका ने कहा कि इस समझौते से यूएई मे भारत की स्थिति और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि इस समझौते से भारतीय रेडीमेड कपड़ो पर पांच प्रतिशत शुल्क खत्म हो जाएगा, जिससे भारतीय कपड़ा उद्योग को बढ़त मिलेगी।

# पेज एक का शेष

## उप्र. में...

गई है। जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया जायेगा। आवश्यकतानुसार वीडियो कैमरे की व्यवस्था भी की गई है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई है एवं ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। सभी 25794 मतदेय स्थलों के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम एवं वीवीपैट तथा अलग-अलग जनपदों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम एवं वीवीपैट की व्यवस्था की गई है एवं सभी जनपदों में तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर्मियों की व्यवस्था की गई है। जिससे कि ईवीएम अथवा वीवीपैट में किसी समस्या के स्थिति में तत्काल उसका निराकरण कराया जा सके। निर्वाचन आयोग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप सभी निर्वाचकों को वितरित कराई गई हैं। जिसके माध्यम से उन्हें अपने वर्तमान मतदेय स्थल एवं क्रम संख्या की जानकारी हो सकेगी। इसके अतिरिक्त मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से भी अपने मतदेय स्थल की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदान की अवधि में सभी बीएलओ को निर्देश दिये गये हैं कि वे मतदाता सूची के साथ हेल्पडेस्क पर उपस्थित रहेंगे एवं आने वाले मतदाताओं की सहायता करेंगे। पीडब्ल्यूडी मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर एवं जगह.जगह पर वॉल्यून्टियर की व्यवस्था की गई हैए जो कि पीडब्ल्यू मतदाताओं की सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। कुल 641 आदर्श मतदान केन्द्र तथा 129 समस्त महिलाकर्मी मतदेय स्थल बनाये गये हैं।तीसरे चरण के कुल 627 उम्मीदवारों में राज्य सरकार के मंत्री सतीश महाना (महाराजपुर-कानपुर) व आबकारी मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री (भोगांव-मैनपुरी) रामवीर उपाध्याय (हाथरस - सादाबाद) भाजपा से चुनाव मैदान में हैं, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद फुखाबाद सदर से कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। भारतीय पुलिस सेवा छोड़कर राजनीति में कूदे अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी रहे असीम अरुण भी इसी चरण में कन्नौज के सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर अपनी राजीतिक किस्मत आजमा रहे हैं। वर्ष 2017 में भाजपा ने तीसरे चरण की 59 सीटों में से कुल 49 सीटें जीती थीं जबकि सपा को सिर्फ नौ सीटों से संतोष करना पड़ा था। कांग्रेस को एक सीट मिली थी, जबकि बहुजन समाज पार्टी को एक भी सीट नहीं मिल सकी थी।

## पंजाब में...

गठबंधन, भाजपा-पीएलसी-शिअद (संयुक्त), और संयुक्त समाज मोर्चा, जो विभिन्न किसान संगठनों का राजनीतिक मोर्चा है, के बीच बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। सत्ता बनाए रखने की कोशिश कर रही सत्तारूढ़ कांग्रेस पर अपने राजनीतिक विरोधियों द्वारा नशीली दवाओं के खतरे और भ्रष्टाचार सहित विभिन्न मुद्दों पर गंभीर हमले किए गए हैं। कांग्रेस वर्तमान सीएम चरणजीत सिंह चन्नी के 111 दिन के कार्यकाल के दौरान बिजली दरों और ईंधन की कीमतों को कम करने जैसे फैसलों पर निर्भर है। मजबूत दावेदारी पेश कर रही आम आदमी पार्टी दिल्ली के शासन मॉडल को पेश करते हुए मतदाताओं को रिझा रही है। कृषि कानूनों के मुद्दे पर 2020 में भाजपा से नाता तोड़ने के बाद शिरोमणि अकाली दल बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली पंजाब लोक कांग्रेस और सुखदेव सिंह ढींडसा के नेतृत्व वाली शिअद (संयुक्त) के साथ गठबंधन कर मैदान में है।

## कनाडा में...

प्रांत में, कनाडा और जो इन संस्थानों को बंद करने के नोटिस से प्रभावित हुए हैं। इस मुद्दे के समाधान के लिए और प्रभावित छात्रों को सहायता प्रदान करने लिए उच्चायोग कनाडा की संघीय सरकार, क्यूबेक प्रांत की प्रांतीय सरकार के साथ-साथ भारतीय समुदाय के निर्वाचित कनाडाई प्रतिनिधियों के साथ निकट संपर्क में था। छात्रों को यह भी बताया गया कि कनाडा के अधिकारी प्रभावित लोगों को अन्य संस्थानों में प्रवेश लेने के लिए छूट की अवधि दे रहे हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि अगर छात्रों को अपनी फीस की प्रतिपूर्ति या फीस के हस्तांतरण में कोई कठिनाई होती है, तो वे क्यूबेक सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय के पास शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## स्मार्ट कक्षाएं...

स्कूलों में 12,430 कक्षाओं (क्लासरूम) के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि वह शिक्षा प्रणाली और स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि वे जिसे आतंकवादी कह रहे हैं, उसने आज 12,430 स्मार्ट क्लासरूम देश को समर्पित किए। यहां अब अमीर और गरीब के बच्चे एक साथ बैठ कर पढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आज एक पेशकश कर रहा हूं। अगर कोई राज्य सरकार, फिर चाहे वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हो या कांग्रेस के नेतृत्व वाली, अपने शिक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार करना चाहती है, तो हम शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को उन्हें ऋण के रूप में देने के लिए तैयार हैं। इसी तरह यदि कोई राज्य सरकार मोहल्ला क्लीनिक, साजो सामान युक्त सरकारी अस्पताल बनाना चाहती है, तो हम स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को उन्हें ऋण के रूप में देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उनके बनाए स्कूलों में कट्टर देशभक्त तैयार किए जा रहे हैं। पांच-दस साल बाद जब वे वोट देंगे तो वे जाति या धर्म के आधार पर नहीं बल्कि देश की प्रगति के लिए वोट करेंगे। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि राजनेता स्कूलों से डरते हैं।

## विश्वास को...

की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा के तहत चार निजी सुरक्षा अधिकारी हर समय विश्वास की सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

## मुठभेड़ में...

के घर गई तो उसने जानबूझकर उन्हें भ्रमित करने की कोशिश की और आतंकवादियों को आश्रय देने से इनकार किया। उन्होंने बताया कि जब भट से पूछताछ की जा रही थी, तभी घर में छिपे आतंकवादियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी जिससे सेना के दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी के बाद शुरू हुई मुठभेड़ में लश्कर का आतंकवादी अब्दुल कयूम डार मारा गया जो पुलवामा जिले के लारू काकपोरा का निवासी था। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादी से एक एके राइफल और पिस्तौल सहित गोला बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में घायल दोनों जवानों ने बाद में दम तोड़ दिया। शहीद जवानों की पहचान एक राष्ट्रीय राइफल के सिपाही संतोष यादव और चव्हाण रोमित तानाजी के तौर पर की गई है। कुमार ने बताया, घर के मालिक के खिलाफ आतंकवाद निरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि लश्कर आतंकवादी डार के साथ अप्रैल 2020 में उसके घर पर मुठभेड़ हुई थी जिसके बाद उसके खिलाफ जनसुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था। उसे अगस्त 2021 में रिहा किया गया था। हालांकि, रिहाई के बावजूद वह आतंकवादी समूह के लिए काम करता था और हाल में अपने घर से फरार हुआ था। कुमार ने बताया कि लापता होने और आतंकवादी समूह में शामिल होने की पुष्टि होने के बाद पुलवामा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उसे लश्कर का सक्रिय आतंकवादी घोषित कर दिया था।

## कोरोना महामारी...

महामारी को समाप्त कर सकते हैं। लेकिन ऐसे में नहीं जब 70,000 लोग एक सप्ताह में रोके जाने योग्य और उपचार योग्य बीमारी से मर रहे हों। तब नहीं जब अफ्रीका की 83 फीसदी आबादी को अभी तक टीके की एक भी खुराक नहीं मिली है। तब नहीं नए स्ट्रेन मिलने के कारण बड़ी संख्या में नए मरीज संक्रमित होते हैं और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ता है। उन्होंने कहा कि तब नहीं जब एक तेजी से संक्रमित करने व फैलने वाला अनियंत्रित रूप से फैला हो और इसके विकास को ट्रैक करने के लिए बहुत कम निगरानी संसाधान के साथ। डॉ. घेब्रेयिसस ने कहा हालांकि, सब कुछ गंभीर नहीं है। हमारे पास उपकरण हैं, हमें पता है कि महामारी को कैसे समाप्त कर सकते हैं। हम सभी देशों से एसीटी एक्सेलेरेटर के लिए 16 बिलियन डॉलर के तत्काल वित्तपोषण का आह्वान कर रहे हैं, ताकि टीके, परीक्षण, उपचार और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण हर जगह उपलब्ध कराया जा सके और स्वास्थ्य सेवा के अंतर को पाटा जा सके। वैश्विक स्वास्थ्य निकाय के प्रमुख ने त्रि-आयामी दृष्टिकोण की बात की जो महामारी को रोकने में मदद कर सकता है। 1. मजबूत शासन, 2. मजबूब प्रणाली और उपकरण और मजबूत वित्त पोषण।

# केपीटीएल ने जेएमसी प्रोजेक्ट्स के साथ विलय की घोषणा की

**नई दिल्ली( भाषा )।** कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) ने शनिवार को जेएमसी प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के साथ अपने विलय की घोषणा की। इस विलय के बाद बनने वाली कंपनी देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंपनियों में से एक होगी। एक बयान में कहा गया कि विलय की प्रक्रिया के एक अप्रैल 2022 को शुरू होकर वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में पूरी होने की उम्मीद है। केपीटीएल ने एक बयान में कहा, कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) और जेएमसी प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड (जेएमसी) के निदेशक मंडलों की 19 फरवरी 2022 को आयोजित अलग-अलग बैठकों में इस विलय योजना को मंजूरी दी गई है। यह अन्य बातों के साथ ही केपीटीएल के साथ जेएमसी के विलय का प्रावधान करती है। बयान में यह भी कहा गया कि विलय के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), अन्य प्राधिकरणों, शेयर बाजारों, शेयरधारकों और लेनदारों की मंजूरियां ली जानी अभी बाकी हैं।

# कमला हैरिस ने रूस को दी चेतावनी

## ● यूक्रेन पर हमला किया तो चुकानी होगी अभूतपूर्व आर्थिक कीमत

**भाषा।** म्यूनिख



**अमेरिका की** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शनिवार को रूस को चेतावनी दी कि अगर वह यूक्रेन पर हमला करेगा तो उसे इसकी अभूतपूर्व आर्थिक कीमत चुकानी होगी। हैरिस ने कहा कि ऐसे हमले से यूरोपीय देश अमेरिका के और नजदीक आएंगे। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा, इतिहास में यह एक निर्णायक क्षण है। हैरिस ने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति कह चुके हैं कि वह अपने देश के लिए केवल शांति चाहते हैं। उपराष्ट्रपति ने जर्मनी में आयोजित वार्षिक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यह बयान दिया। इससे एक दिन पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि वह आश्वस्त हैं कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला करने का निर्णय ले लिया है। हैरिस ने कहा, मैं एकदम साफ शब्दों में कह रही हूं कि अगर रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, तो अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों के साथ मिलकर अभूतपूर्व आर्थिक प्रतिबंध लगाएगा। उपराष्ट्रपति का उद्देश्य यूरोपीय देशों को यह बताना है कि पश्चिमी देशों में एकता के माध्यम से शक्ति है। उन्होंने अपने संबोधन के जरिए मोटे तौर पर यूरोप को संदेश दिया कि पश्चिम के पास एकता की ताकत है और यूक्रेन पर आक्रमण होने की स्थिति से रूस के दरवाजे पर नाटो की ओर बड़ी उपस्थिति हो सकती है। बाद में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ बैठक के शुरु में हैरिस ने कहा इतिहास में यह निर्णायक क्षण है। उन्होंने जेलेंस्की से कहा, आपके के देश पर किसी भी तरह के खतरे को हम गंभीरता से लेंगे। इसपर यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, हम स्पष्ट रूप से समझते हैं कि क्या हो रहा है। यह हमारी जमीन है और हम शांति चाहते हैं। उन्होंने और अधिक सैन्य और आर्थिक सहायता के अनुरोध की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि पश्चिमी सहयोगी विशेष कदम उठाएं। जेलेंस्की ने रेखांकित किया कि रूसी सेना उनके देश की सीमा पर मौजूद है और यूक्रेन की सेना वास्तव में पूरे यूरोप की रक्षा कर रही है। उल्लेखनीय है कि रूस ने यूक्रेन के क्रीमिया प्रायद्वीप पर वर्ष 2014 में कब्जा कर लिया था और रूस समर्थित अलगाववादी गत आठ साल से देश के पूर्वी हिस्से में लड़ रहे हैं। क्रीमिया पर कब्जे को लेकर अमेरिका और यूरोपीय संघ ने रूस पर प्रतिबंध लगाए थे। यूक्रेन से लगती सीमा पर रूस के करीब डेढ़ लाख सैनिकों के जमावड़े के बाद पश्चिम को यूक्रेन पर हमले की आशंका है।

### रूस ने आने वाले वक्त में यूक्रेन पर आक्रमण करने का निर्णय लिया है : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उन्हें यकीन है और उनके पास यह मानने की वजह है कि रूसी बल आने वाले हफ्ते में राजधानी कीव समेत यूक्रेन पर हमला करेंगे। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर रूस हमला करता है तो वह विध्वंसकारी और अनावश्यक युद्ध का जिम्मेदार होगा। बाइडन ने रूस और अमेरिका में बढ़ते तनाव के बीच यह टिप्पणियां की है। अमेरिका ने आशंका जताई है कि रूस की यूक्रेन पर हमला करने की योजना है। रूस ने बार-बार इससे इनकार किया है। व्हाइट हाउस से पत्रकारों से बातचीत में बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका हर उस वजह को खत्म करने की हरसंभव कोशिश कर रहा है जिसे रूस यूक्रेन पर हमला करने की आड़ बना सकता है तथा वह उसे आगे बढ़ने से रोकने की भी कोशिश कर रहा है। बाइडन ने कहा, देखिए, हमे यकीन है कि रूसी बल आने वाले सप्ताह या आने वाले दिनों में यूक्रेन पर हमला करने की योजना बना रहे हैं। हमें यकीन है कि वे यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाएंगे जहां, 28 लाख निर्दोष लोग रहते हैं। कोई गलती न करें। अगर रूस अपनी योजना को आगे बढ़ाता है तो वह विध्वंसकारी और अनावश्यक युद्ध का जिम्मेदार होगा। अमेरिका और हमारे सहयोगी देश नाटो क्षेत्र की एक-एक इंच जमीन की रक्षा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यकीन है कि रूस यूक्रेन पर हमला करने जा रहा है।



म्यूनिख ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसनए दाएं, और यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान बातचीत करते हुए

### सोमालिया में रेस्तरां में विस्फोट में 15 लोगों की मौत, 20 घायल

**मोगादिशु।** सोमालिया के हिरन क्षेत्र की राजधानी बेल्डेविन में दोपहर के भोजन के समय भीड़भाड़ वाले एक रेस्तरां में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटक जैकेट में विस्फोट कर दिया, जिसमे कम से कम 15 लोग मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता दीनी रोबले अहमद ने फोन पर द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मृतकों मे ज्यादातर आम नागरिक है और 20 अन्य लोग घायल हुए है। उन्होने कहा कि विस्फोट के कारण भारी क्षति हुई है। चरमपंथी समूह अल-शबाब ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने छह भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने देश के जल क्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में छह भारतीय मछुआरों को शनिवार को गिरफ्तार किया और उनकी नाव जब्त कर ली। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। नौसेना ने एक बयान में कहा कि जाफ्ना क्षेत्र में कोविलन लाइटहाउस के उत्तर पश्चिम समुद्र में शनिवार तड़के गश्त के दौरान इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसमे कहा गया है, श्रीलंका नौसेना ने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अवैध शिकार करते हुए छह भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया जबकि एक नाव को जब्त कर लिया। बयान के अनुसार उन्हें कोविलन लाइटहाउस के उत्तर-पश्चिम में समुद्र मे उत्तरी नौसेना कमान से जुड़े चौथे फास्ट अटैक फ्लोटिला (4 एफएएफ) के फास्ट अटैक क्राफ्ट द्वारा की गई गश्त के दौरान पकड़ा गया। बयान मे कहा गया है कि इस महीने अब तक भारत के कम से कम 29 मछुआरो को गिरफ्तार किया गया है और छह नौकाओं को भी जब्त किया गया है।

### सरकारी गोपनीय दस्तावेज अपने साथ ले गए थे ट्रंपः अमेरिकी अभिलेखागार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार-आ-लागो स्थित निवास पर व्हाइट हाउस के दस्तावेजो के जो 15 डिब्बे रखे गए थे उनमें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी थी। देश के राष्ट्रीय अभिलेखागार और दस्तावेज प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि न्याय मंत्रालय को इस मामले से अवगत करा दिया गया है। निगरानी और सुधार पर प्रतिनिधि सभा की समिति को नौ फरवरी को लिखे गए एक पत्र के जवाब मे राष्ट्रीय अभिलेखागार ने उन खबरो की पुष्टि की जिसमें कहा जा रहा था कि ट्रंप, जनवरी 2021 मे पद छोड़ने के बाद अपने साथ सरकारी दस्तावेज फ्लोरिडा ले गए थे। प्रतिनिधि सभा के सदस्यो ने एक जांच शुरू की थी और राष्ट्रीय अभिलेखागार ने कथित तौर पर न्याय मंत्रालय से इस मामले को देखने को कहा है। इस बाबत न्याय मंत्रालय और संघीय जांच एजेंसी ने अभी तक कुछ नही कहा है।

### कनाडा में पुलिस ने 100 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया

**ओटावा।** कनाडा की राजधानी ओटावा की सड़कों पर प्रदर्शन कर आवागमन बाधित करने वाले सैकड़ों ट्रक चालकों को पुलिस ने हटाने का काम शुरू कर दिया है और इस सिलसिले में शुक्रवार को कम से कम 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ओटावा पुलिस के अंतरिम प्रमुख स्टीव बेल ने कहा कि उपद्रव करने के आरोप में अब तक कम से कम 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और करीब दो दर्जन वाहनों को हटाया जा चुका है। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में एक पुलिस अधिकारी को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस और प्रशासन के दबाव के बाद प्रदर्शनकारियो ने वाहनों और ट्रकों को हटाना शुरू कर दिया है।

## यूक्रेन के विद्रोहियों ने हमले के डर के बीच सैन्य लामबंदी का आदेश दिया

**भाषा।** मास्को



सैन्य अभ्यास के दौरान लॉन्च की गई रूसी इस्कंदर.के मिसाइल , रूसी सेना ने अपने रणनीतिक परमाणु बलों के बड़े पैमाने पर अभ्यास की घोषणा की

**पूर्वी यूक्रेन में** अलगाववादी नेताओं ने क्षेत्र में हिंसा बढ़ने और इसकी आड़ में रूस के आक्रमण करने को लेकर पश्चिमी देशों की आशंका के बीच शनिवार को पूर्ण सैन्य लामबंदी का आदेश दिया। दोनेत्स्क क्षेत्र में रूस समर्थक अलगाववादी सरकार के प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने शनिवार को एक बयान जारी कर पूर्ण सैन्य लामबंदी की घोषणा की और रिजर्व बल के सदस्यों से सैन्य भर्ती कार्यालय में आने का अनुरोध किया। लुहांस्क में एक अन्य अलगाववादी नेता लियोनिद पेसेचनिक ने भी ऐसी ही घोषणा की है। पुशिलिन ने यूक्रेन की सेना से आक्रमण के आसन्न खतरे का हवाला दिया है। हालांकि, यूक्रेन के अधिकारियों ने इन आरोपो से इनकार कर दिया है। अलगाववादी और यूक्रेन के सैनिक तकरीबन आठ वर्षों से लड़ रहे हैं, लेकिन दोनों पक्षों को अलग करने वाली सीमा पर हिंसा हाल के दिनों में बढ़ गई है, जिसमें दोनेत्स्क में एक कार में बम विस्फोट और एक मानवीय राहत सामग्री ले जा रहे काफिले पर बमबारी भी शामिल है। ऐसा अनुमान है कि रूस ने यूक्रेन के साथ लगती सीमा पर।,50,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। यूक्रेन की सेना ने कहा कि दोनेत्स्क क्षेत्र के सरकार के कब्जे वाले हिस्से में शनिवार को गोलाबारी में एक सैनिक की मौत हो गई और अलगाववादी बल जवाबी कार्वाई के प्रयास में आवासीय क्षेत्रों में तोपखाने लगा रहे हैं। दोनेत्स्क और लुहांस्क में अलगाववादी प्राधिकारियों ने शुक्रवार को महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों को पड़ोसी रूस भेजने की घोषणा की थी। इन प्रयासों के तुरंत बाद विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों में कई विस्फोट हुए थे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उन्हें यकीन है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन और उसकी राजधानी कीव पर आक्रमण करने का फैसला कर लिया है। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने घोषणा की है कि वह शनिवार को बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास करेगा और पुतिन ने पश्चिमी देशों से आसन्न खतरों के मद्देनजर रूस के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का वचन दिया है। यूक्रेन पर आक्रमण करने की स्थिति में रूस के खिलाफ और कड़े आर्थिक और राजनयिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि यूक्रेन सीमा के आसपास तैनात सुरक्षा बलों के अनुमानित तौर पर 40 से 50 प्रतिशत जवान सीमा के पास हमले की स्थिति में तैनात हैं। रूस और अमेरिका के बीच वार्ता के भी प्रयास हो रहे हैं। अमेरिकी और रूसी रक्षा प्रमुखों ने शुक्रवार को बात की। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव अगले सप्ताह मिलने पर सहमत हुए हैं। फिलहाल, सबसे ज्यादा खतरा पूर्वी यूक्रेन में है, जहां अलगाववादी संघर्ष 2014 में शुरू हुआ और इसमें 14,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। पुशिलिन ने कहा कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग पहले जाएंगे और रूस ने उनके रहने का बंदोबस्त किया है। उन्होंने एक वीडियो बयान में आरोप लगाया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की इलाके में जल्द ही आक्रमण का आदेश देने जा रहे हैं। प्राधिकारियों ने दोनेत्स्क में एक अनाथालय से बच्चों को निकालना शुरू कर दिया है और अन्य निवासी भी रूस जाने वाली बसों में सवार हो रहे हैं। गैस स्टेशनों पर लंबी कतारें लग गई हैं, क्योंकि ज्यादातर लोगों ने खुद से जाने की तैयारी कर ली है। पुतिन ने सरकार को क्षेत्र को छोड़कर आने वाले प्रत्एक व्यक्ति को करीब 130 डॉलर देने का आदेश दिया है, जो युद्धग्रस्त दोनबास क्षेत्र में औसत मासिक वेतन का आधा है। अलगाववादी अधिकारियों के मुताबिक, विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों से शनिवार सुबह तक 6,600 से अधिक निवासियों को रूस ले जाया गया।

## क्विक न्यूज

### चीन के युद्धपोत ने ऑस्ट्रेलिया के गश्ती विमान पर लेजर दागीः रक्षा विभाग

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग ने कहा कि चीनी नौसेना के एक जहाज ने उसके एक निगरानी विमान पर लेजर दागी, जिससे चालक दल की जान खतरे में पड़ गई। विभाग ने कहा कि यह घटना बृहस्पतिवार को उस समय हुई जब पी-8ए पोसीडॉन विमान ने ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी रास्ते पर उड़ान के दौरान एक लेजर का पता लगाया। विभाग ने शनिवार को एक बयान में कहा कि लेजर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी के जहाज से दागी गई। यह एक अन्य चीनी जहाज के साथ था, जो टॉरेस जलडमरूमध्य से होकर गुजरा। दोनों जहाज अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व में कोरल सागर में हैं। विभाग ने कहा, हम गैर-पेशेवर और असुरक्षित सैन्य आचरण की कड़ी निंदा करते हैं। इन कार्वाइयों से एडीएफ कर्मियों की सुरक्षा और जीवन को खतरा हो सकता था। लेजर एक गंभीर समस्या पेश करते हैं, क्योंकि जब विमान को निशाना बनाया जाता है तो वे पायलटों को घायल कर सकते हैं या अस्थाई रूप से उन्हें दृष्टिबाधित कर सकते हैं।

### अमेरिकी न्यायाधीश ने ट्रंप के छह जनवरी संबंधी मुकदमों को रद्द करने के प्रयास खारिज किए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ सांसदों तथा संसद भवन के दो पुलिस अधिकारियों द्वारा साजिश के आरोप में दर्ज कराए गए मुकदमों को रद्द करने का उनका प्रयास खारिज कर दिया। न्यायाधीश ने कहा कि संभवतः पूर्व राष्ट्रपति के शब्दों ने विश्वसनीय रूप से छह जनवरी 2021 को हुए विद्रोह का मार्ग प्रशस्त किया। यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के न्यायाधीश अमित मेहता ने अपने फैसले में कहा कि अमेरिकी संसद भवन में हिंसक भीड़ के घुसने से पहले एक रैली के दौरान कहे गए ट्रंप के शब्द उकसावे के शब्दों जैसे थे। न्यायाधीश मेहता ने कहा कि ट्रंप के भाषण से लोग कानून तोड़ सकते थे। हालांकि, उन्होंने ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और वकील रुडी गुइलियानी के खिलाफ ऐसे ही आरोप खारिज कर दिए। रिपब्लिकन सांसद एरिक स्वालवेन, डी कैलिफ, अधिकारी जेम्स ब्लासिंगेम और सिडनी हेम्बी द्वारा दायर मुकदमे में दलील दी गई है।

### अमेरिकी सर्जन जनरल और उनका परिवार एहतियात बरतने के बावजूद कोविड-19 से संक्रमित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सर्जन जनरल विवेक मूर्ति ने शुक्रवार को बताया कि कोविड-19 रोधी टीके की खुराक लेने और अन्य एहतियात बरतने के बावजूद वह और उनका परिवार संक्रमित हो गया है। अमेरिकी डॉक्टर ने ट्वीट किया, जब आप जितना संभव हो, अपने आप को सुरक्षित रख रहे हों तो कोविड-19 से संक्रमित होना हताश करने वाला हो सकता है। मैंने यह महसूस किया। यह शर्मिंदगी की वजह हो सकती है। कई लोग मान लेते हैं कि आपने लापरवाही की होगी। हमारे सुरक्षा उपायों ने खतरे को कम किया है लेकिन वे खतरे को खत्म नहीं कर सकते। हाइट हाउस में कोविड कार्य बल के संवाददाता सम्मेलन में नियमित रूप से भाग लेने वाले मूर्ति ने कहा कि उन्हें और उनकी पत्नी, डॉक्टर एवं राजनीतिक कार्यकर्ता डॉ. एलिस चेन को हल्के लक्षण हैं।

### यूनान : जहाज में आग लगने के बाद लापता 12 लोगों की तलाश जारी

**एथेंस।** यूनना में एक जहाज में आग लगने के बाद से लापता बताए जा रहे 12 लोगों की तलाश में बचाव दल शनिवार को भी जुटा रहा। इटली जा रहे इस जहाज में जब आग लगी, तो वह आयोनियन सागर में था। लेकिन दूसरे दिन भी जहाज जलता रहा। रातभर आग बुझाने के प्रयास जारी रहे। इस दौरान अग्निशमन पोतों ने यूरोफेरी ओलंपिया नामक जहाज को अपने घेरे में ले लिया। आग लगने के वक्त इस जहाज पर यात्री और चालक दल समेत 290 से अधिक लोग सवार थे। तटरक्षक बलों और अन्य नौकाओं के चालकों की मदद से करीब 280 लोगों को बचाकर कोर्फू द्वीप पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने लापता बताए जा रहे लोगों की संख्या 11 से बढ़ाकर 12 कर दी है। जहाजरानी मंत्री जियानिस प्लाकिओटाकिस ने निजी स्काई टेलीविजन से कहा, यह एक बड़ा बचाव अभियान है और आग बुझाने का प्रयास अब भी जारी है, लापता 12 लोगों की तलाश जारी है जिनमें तीन यूनानी शामिल हैं। माना जाता है कि अन्य लापता यात्रियों में ज्यादातर बुल्गारिया के हैं।

## एस. जयशंकर ने जर्मनी की विदेश मंत्री से मुलाकात की



### ● द्विपक्षीय व वैश्विक मुद्दों पर की चर्चा

**भाषा।** म्यूनिख (जर्मनी)

**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने जर्मनी की अपनी समकक्ष एनालिना बेयरबॉक से मुलाकात की और हिंद-प्रशांत, यूक्रेन में हो रहे घटनाक्रम तथा अफगानिस्तान में स्थिति समेत व्यापक द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

जयशंकर ने ईरान के अपने समकक्ष एच अमिराब्दुल्लहियान से भी मुलाकात की और द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग, अफगानिस्तान और संयुक्त व्यापक कार्वाई योजना (जेसीपीओए) पर सार्थक चर्चा की। जेसीपीओए को ईरान परमाणु समझौते के तौर पर जाना जाता है। विदेश मंत्री म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में भाग लेने के लिए शुक्रवार को जर्मनी पहुंचे थे। एमएससी में यूक्रेन को लेकर नाटो देशों और रूस के बीच बढ़ते विवाद पर व्यापक चर्चा होने की उम्मीद है। जयशंकर ने ट्वीट किया, जर्मनी की विदेश मंत्री एनालिना बेयरबॉक से व्यापक मुद्दों पर चर्चा की। मुख्य ध्यान जलवायु परिवर्तन, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर रहा। अफगानिस्तान, हिंद-प्रशांत और यूक्रेन पर भी बातचीत की। आज की बैठक को लेकर उत्साहित हूं। एमएससी में वह हिंद-प्रशांत पर चर्चा में भाग लेंगे और म्यूनिख में भारतीय वाणिज्य दूतावास और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव में चर्चा का नेतृत्व करेंगे। जयशंकर ने एमएससी के इतर विदेश मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री के साथ सार्थक बैठक की, जिसमें दोनों नेताओं ने आर्थिक सहयोग और जेसीपीओए पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने ट्वीट किया, ईरान के विदेश मंत्री के साथ सार्थक बैठक की। आर्थिक सहयोग, संपर्क, जेसीपीओए और अफगानिस्तान पर चर्चा की। जेसीपीओए ईरान और पी5। (चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका, प्लस जर्मनी) समेत यूरोपीय संघ के साथ 14 जुलाई 2015 को वियना में हुए ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर एक समझौता है।

## यूक्रेन के सैन्य अधिकारी मोर्चे पर गोलाबारी की चपेट में आए

**भाषा।** मास्को

**पूर्वी यूक्रेन में संघर्ष** वाले मोर्चे के दौरे के दौरान यूक्रेन के शीर्ष सैन्य अधिकारी वहां हुई गोलाबारी की चपेट में आ गए। अधिकारियों ने गोलाबारी से बचने के लिए क्षेत्र में बनाए गए बमरोधी आश्रय स्थल में शरण ली। क्षेत्र के दौरे पर गए एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार ने यह जानकारी दी। इससे पहले शनिवार को, पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी नेताओं ने युद्धग्रस्त क्षेत्र में हिंसा और पश्चिम में इस आशंका के बीच शनिवार को पूर्ण सैन्य लामबंदी का आदेश दिया कि रूस इस संघर्ष का इस्तेमाल हमले के बहाने के रूप में कर सकता है। यूक्रेन और रूस समर्थित विद्रोहियों के कब्जे वाले दो क्षेत्रों ने एक-दूसरे पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया।

### हमला करने की स्थिति में रूस की बाजारों तक पहुंच हो सकती है सीमितः यूरोपीय संघ प्रमुख

**म्यूनिख (जर्मनी)।** यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेएन ने शनिवार को कहा कि रूस अगर यूक्रेन पर हमला करता है तो पश्चिमी प्रतिबंधों के तहत मास्को के पास केवल सीमित वित्तीय बाजारों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी सामान तक पहुंच होगी। यूक्रेन पर रूस का हमला करने की आशंका बढ़ने के बीच ईयू के कार्यकारी आयोग की प्रमुख लेएन की यह टिप्पणी आई है। एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि वह आश्वस्त हैं कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला करने का निर्णय ले लिया है।

### रूस से यदि सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ता है तो सहयोगी देश अकेले नहीं पड़ेंगेः ऑस्टिन

**विलनियस (लिथुआनिया)।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार को तीन बाल्टिक देशों को आश्वासन दिया कि अगर रूस से सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ता है तो वे अकेले नहीं पड़ेंगे। मास्को किसी भी समय यूक्रेन पर आक्रमण कर सकता है, हालांकि रूस ने हमले की योजना से इनकार किया है। ऑस्टिन ने शनिवार को यूक्रेन पर हमला करने के लिए रूस के सैनिकों की तैयारी के बारे में कहा, वे हमला करने के लिए तैयार हैं।

## अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को नष्ट करने में हैं खतरे

### ● नासा ने इसे 2031 में बंद करने की घोषणा की है

**एजेंसी।** कैम्ब्रिज (ब्रिटेन)



**अमेरिकी अंतरिक्ष** एजेंसी नासा ने 2031 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) को आधिकारिक तौर पर बंद करने की योजना की घोषणा की है। वर्ष 1998 से दर्जनों प्रक्षेपणों के बाद स्टेशन को और ऊपरी कक्षा में ले जाया गया। ऐसे में इसे नीचे लाना अपने आप में एक उपलब्धि होगी। मगर, इसमें खतरे भी हैं। नासा की योजना खत्म करने की प्रक्रिया के लिए प्रशांत महासागर के बीच में प्वाइंट निमो नामक एक स्थान पर इसे डुबोना है जिसे अंतरिक्ष यान के कब्रिस्तान के रूप में भी जाना जाता है। आईएसएस के संचालन को नए वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन में बदलने और शेष संरचना को सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लाने के लिए प्वाइंट निमो एक जटिल और बहु-चरणीय मिशन का अंतिम पड़ाव होगा। मूल रूप से 15 साल के जीवनकाल के लिए तैयार किया गया आईएसएस सभी अपेक्षाओं को पूरा कर रहा है। यह पहले से ही 21 वर्षों से परिचालन में है और नासा ने एक और दशक के लिए कार्यकाल आगे बढ़ दिया है, जिससे कक्षा में इसके कुल नियोजित समय को दोगुना कर दिया गया है।

आईएसएस का उद्देश्य : आईएसएस ने पांच अलग-अलग अंतरिक्ष एजेंसियों (अमेरिका, रूस, यूरोप, कनाडा और जापान) को शामिल करते हुए मानव जाति में विज्ञान और सहयोग के लिए एक बड़ी छलांग लगाई है। अंतरिक्ष में काम करने के लिए आईएसएस के मॉड्यूल और इसके हिस्सों को कई अलग-अलग देशों द्वारा क्रमिक तौर पर बनाया गया है। यह संरचना अब एक फुटबॉल मैदान की लंबाई तक फैली हुई है और अंतरिक्ष में मानव निर्मित सबसे बड़ी वस्तु है। यह पृथ्वी से भी दिखाई देता है, जब यह पृथ्वी की सतह से 400 किलोमीटर ऊपर से गुजरते हुए अपनी 16 दैनिक कक्षाओं को पूरा करता है। आईएसएस के तथाकथित माइक्रोग्रैविटी वातावरण में अनुसंधान ने पिछले एक दशक में दवा की खोज, टीके के विकास और चिकित्सा उपचार में सफलता हासिल की है। आईएसएस वास्तविक समय में पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र और प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी करने में भी मदद करता है। इसका उपयोग भविष्य की अंतरिक्ष यान प्रौद्योगिकियों का परीक्षण करने और सौर मंडल के भविष्य के मानव अन्वेषण की संभावना के लिए दीर्घकालिक अध्ययन करने के वास्ते भी किया जाता है।



आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए फ्रांसीसी रूढ़िवादी उम्मीदवार वैलेरी पेक्रेसे ले कैनेट, दक्षिणी फ्रांस में एक रैली करते हुए

पायनियर
# स्वास्थ्य
नई दिल्ली, रविवार, 20 फरवरी, 2022



## मोवफोर दवा के तीसरे चरण के परीक्षण के परिणाम सकारात्मक

दवा बनाने वाली कंपनी हेटेरो ने कोविड-19 केउपचार की दवा मोवफोर (मोलनुपिरावीर) केतीसरे चरण केपरीक्षण केसकारात्मकपरिणाम की शनिवार को घोषणा की। डिजिटल तरीकेसे 12-16 फरवरी को आयोजित रेट्रोवायरसेस एंड आपर्चुयूनिस्टिक इन्फेक्शंस (सीआरओआई) सम्मेलन में प्रस्तुत किए गए परिणामों ने प्रदर्शित किया है कि मोलनुपिरावीर ने देखभाल केमानक(एसओसी) केसाथ अकेले एसओसी की तुलना में अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम को 65 प्रतिशत से अधिककम कर दिया। हैदराबाद की दवा कंपनी ने कहा किएंटीवायरल दवा देने के पांच दिनों केभीतर वायरस से निजात (आरटी-पीसीआर जांच में नकारात्मकपरिणाम) और महत्वपूर्ण नैदानिक सुधार देखा गया। तीसरे चरण केपरीक्षण केतहत अध्ययनों में से एकमें कोविड-19 के 1,218 मरीज शामिल थे।

**DOC टॉक**



डॉ. अंजलि कुमार

**प्रसूति रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ और लेप्रोस्कोपिक सर्जन सीके बिड़ला अस्पताल**

# संरक्षित करना एक स्मार्ट कदम



एक्टोपिक गर्भावस्था तब होती है जब एक निषेचित अंडा गर्भाशय (गर्भ) के बाहर बढ़ता है, आमतौर पर फैलोपियन ट्यूब में। फैलोपियन ट्यूब बढ़ते हुए भ्रूण को धारण करने के लिए नहीं बनी है क्योंकि यह गर्भाशय की तरह फैल नहीं सकती है। इसलिए, इस प्रकार की गर्भावस्था जीवन के लिए खतरा हो सकती है और सामान्य रूप से आगे नहीं बढ़ सकती है, इसलिए तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। रोगी की स्थिति के आधार पर उपचार औषधीय या शल्य चिकित्सा हो सकता है।

इन उपचारों के बाद, रोगी थकान महसूस कर सकता है और पेट में दर्द हो सकता है। गर्भावस्था की गंभीरता के आधार पर, महिला तुरंत सामान्य चक्र में लौट सकती है या मासिक धर्म और प्रजनन क्षमता वापस आने में कई सप्ताह लग सकते हैं। यदि फैलोपियन ट्यूब बरकरार रहती है तो आमतौर पर प्रजनन क्षमता प्रभावित नहीं होती है।

> रिपोर्ट के अनुसार, 10 में से कम से कम 1 महिला गर्भपात का अनुभव करती है, जिसके बाद पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस (पीटीएस) होता है। पीटीएस का काम, घर और रिश्तों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**एक्टोपिक गर्भावस्था का भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव**

एक्टोपिक गर्भावस्था एक प्रकार का गर्भपात है जो गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में होता है। किसी भी प्रकार का गर्भपात शारीरिक और भावनात्मक दोनों तरह से अविश्वसनीय रूप से थका देने वाला होता है। द लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार, 10 में से कम से कम 1 महिला गर्भपात का अनुभव करती है, जिसके बाद पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस (पीटीएस) होता है। पीटीएस का काम, घर और रिश्तों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, पीटीएस से निपटने के कई तरीके हैं।

**अपने भावी गर्भाधान की योजना बनाएं :** अपने जीवन को आगे बढ़ाने का पहला कदम यह है कि अपने स्त्री रोग विशेषज्ञ से अपने भविष्य की योजना के बो में बात करें। यह समझना जरूरी है कि एक्टोपिक गर्भावस्था के बाद आपके शरीर को ठीक होने की जरूरत होती है, और यह आपकी गलती नहीं है कि आपने उसका अनुभव किया है। उपचार के विकल्पों को समझें और आगे की योजना बनाएं।

**योग का अभ्यास करें :** यदि आप पीटीएस से पीड़ित हैं या अपनी अगली गर्भावस्था की योजना बना रही हैं तो ध्यान और योग उच्च स्तर के तनाव व चिंता को प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं।

**अच्छी खुराक लें :** एक स्वस्थ आहार आपकी जीवनशैली के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर जब आप गर्भावस्था की योजना बना रही हों। जंक फूड और बहुत अधिक कैफीन से बचें!

**मालिश कराएं :** मालिश न केवल तंत्रिका तंत्र को आराम देने में मदद करती है बल्कि शरीर में ऑक्सीजन के प्रवाह को भी बढ़ाती है जिससे उपचार तेजी से होता है और हार्मोन के स्तर को नियंत्रित करने वाले अंत:स्रावी तंत्र को संतुलित करने में मदद मिलती है। बस यह सुनिश्चित करें कि आपका मालिशकर्ता सर्जरी उपरांत प्रभावित क्षेत्र से दूर रहे।

दंपत्तियों को किसी विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए और सही समय पर अपनी गर्भावस्था की योजना बनाना शुरू कर देना चाहिए। जल्दी मत करें, अपने शरीर को ठीक होने और उपचारित होने का समय दें।

गरिमा (बदला हुआ नाम), नामक एक 30 वर्षीय महिला ने स्वाभाविक रूप से गर्भधारण किया था, लेकिन दाहिनी ओर उसकी ट्यूबल / एक्टोपिक गर्भावस्था के कारण लैप्रोस्कोपिक दूध देने की प्रक्रिया से पांच सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करना पड़ा। रोगी का पहले दो बार गर्भपात हो चुका था और उसे पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज (पीसीओडी) का इतिहास रहा था, जिससे उसे भविष्य में गर्भधारण करने के लिए बहुत दबाव और अनिश्चितता का सामना करना पड़ा।

भविष्य में गर्भधारण की संभावना से संबंधित उसके डर को दूर करने के लिए, डॉक्टरों की एक टीम ने फैलोपियन ट्यूब को हटाने के बजाय उसकी रक्षा की। ऐसे मामलों में 99 प्रतिशत अवसरों में (भारत में), फैलोपियन ट्यूब को हटा दिया जाता है। हालांकि, हमने अपने रोगी की प्रजनन क्षमता को बनाए रखने के लिए, लैप्रोस्कोपिक दूध देने की तकनीक को अपनाया गया, एक नई विधि जो एक्टोपिक गर्भावस्था को हटाती है और साथ ही ट्यूब को संरक्षित करती है। डॉक्टरों ने सुनिश्चित किया कि रोगी स्वस्थ है और उपचार के विकल्पों से संतुष्ट है – रोगी केंद्रितता के मूल्य के प्रति सच्चे रहना।

ज्यादातर महिलाओं के लिए, एक्टोपिक गर्भावस्था एक परेशान करने वाला और भयावह अनुभव होता है। एक्टोपिक गर्भावस्था के संबंध में हानि, शोक, सदमा, चिंता की एक स्वाभाविक भावना होती है। इस मुश्किल समय में दंपत्तियों की मदद करने के लिए यह समझना जरूरी है कि एक्टोपिक प्रेग्नेंसी क्या होती है।



# अल्प-स्वीकृत और अल्प-उपचारित समस्याएं

## डॉ सुमित सिंह का कहना है कि समय पर निदान और उचित प्रबंधन से जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है

माइग्रेन को सर्वाधिक अक्षम करने वाली पुरानी न्यूरोलॉजिकल बीमारियों में से एक माना जाता है, और माइग्रेन के रोगी विशेष रूप से महामारी के भारी नकारात्मक प्रभावों के प्रति संवेदनशील होते हैं। लेकिन एक और गंभीर स्थिति है जिसे क्रोनिक माइग्रेन कहा जाता है, जिसमें व्यक्रि को प्राय: सिरदर्द होता है। इंटरनेशनल हेडेक सोसाइटी के अनुसार, क्रोनिक माइग्रेन को तीन महीने से अधिक समय तक प्रति माह 15 या अधिक दिनों तक होने वाले सिरदर्द के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें प्रति माह कम से कम 8 दिन, माइग्रेन सिरदर्द की विशेषताएं होती हैं।

वर्तमान में, क्रोनिक माइग्रेन को वर्गीकृत या निदान करने के लिए तीन व्यावहारिक नैदानिक मानदंड हैं। सबसे पहले, ऐसा सिरदर्द, जो तीन महीने तक चार या अधिक दिनों तक रहता है। दूसरा, ऐसा सिरदर्द, जो एक महीने में 15 दिनों से अधिक समय तक रहता है और अंत में, ऐसा सिरदर्द जो निम्नलिखित चार विशेषताओं में से कम से कम दो के साथ आठ दिनों से अधिक समय तक रहता है– यानी एकतरफा स्थान, स्पंदन गुणवत्ता, मध्यम या गंभीर दर्द तीव्रता, वृद्धि या इसके कारण नियमित शारीरिक गतिविधि से बचना और निम्न में से कम से कम एक: मतली और / या उल्टी, फोटोफोबिया और फोनोफोबिया महसूस होना। कोविड-19 महामारी तेजी से उभरी। महामारी और कई तालाबंदियों के दौरान लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों के कारण, पुराने माइग्रेन के रोगी सिरदर्द की आवृत्ति में वृद्धि की रिपोर्ट कर रहे हैं। भारी स्वास्थ्य प्रणालियों व सुरक्षित रहने की आवश्यकता के साथ, मरीज क्लीनिकों तथा आपातकालीन विभागों में जाना कम कर रहे हैं।

हाल ही में एक ऑनलाइन सर्वेक्षण ने माइग्रेन के रोगियों पर कोविड-19 के वास्तविक-विश्व प्रभाव का पता लगाया और दिखाया कि लगभग 60 प्रतिशत उत्तरदाताओं में माइग्रेन-आवृत्ति में वृद्धि हुई, 16 प्रतिशत ने माइग्रेन की आवृत्ति में कमी और 10 प्रतिशत से थोड़े अधिक लोगों ने एपिसोडिक माइग्रेन से क्रोनिक माइग्रेन में परिवर्तित होने की सूचना दी।

कई मरीज कोविड-19 संक्रमण के डर से डॉक्टरों के पास जाने से हिचकिचा रहे हैं, और भीड़ व संक्रमण फैलने से बचने के लिए कई स्थानीय क्लीनिकों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। नतीजतन, व्यक्तिगत स्तर पर कई डॉक्टरों के दौरे रद्द कर दिए गए जिससे अत्यधिक दर्द निवारक व अन्य दवाओं का सेवन किया गया। महामारी के दौरान, जो चीजें उभरीं और जिन पर पर ध्यान दिया गया उनमें स्क्रीन टाइम में वृद्धि, सोने के समय में बदलाव, कैफीन और अल्कोहल की खपत में वृद्धि के साथ-साथ आहार परिवर्तन शामिल थे।

क्रोनिक माइग्रेन के लिए संभावित रूप से उपचार योग्य जोखिम कारकों में माइग्रेन के हमलों की आवृत्ति, मोटापा, ओपिओइड और बार्बिटुरेट्स युक्त दवाओं का अत्यधिक सेवन, कैफीन का अत्यधिक उपयोग, तनावपूर्ण जीवन की घटनाएं, अवसाद, नींद संबंधी विकार आदि शामिल हैं। कई अध्ययनों में पाया गया है कि मनोरोग लक्षण व दर्द भयावहता गंभीर माइग्रेन से संबंधित विकलांगता से गहरे जुड़े हुए थे।



**डॉ. सुमित सिंह**
मुख्य न्यूरोलॉजिस्ट, आर्टेमिस अस्पताल गुड़गांव

> क्रोनिक माइग्रेन के लिए संभावित रूप से उपचार योग्य जोखिम कारकों में माइग्रेन के हमलों की आवृति, मोटापा, ओपिओइड और बार्बिटुरेट्स युक्त दवाओं का अत्यधिक सेवन, कैफीन का अत्यधिक उपयोग, तनावपूर्ण जीवन की घटनाएं, अवसाद, नींद संबंधी विकार आदि शामिल हैं।

अवसाद व नियंत्रण की संभावना पुराने माइग्रेन से जुड़ी हुई थी।

क्रोनिक माइग्रेन एक अल्प-मान्यता प्राप्त व कम उपचारित विकार है। समय पर निदान तथा उचित प्रबंधन से जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। साथ ही, माइग्रेन की गंभीरता और क्रोनिक माइग्रेन में परिवर्तन के बारे में जागरूकता की कमी है।

चूंकि महामारी ने उपचार कार्यक्रम में अंतर पैदा कर दिया है, इसलिए टेलीमेडिसिन का अभ्यास किया जाना चाहिए ताकि चिंताओं व कोविद -19 वायरस के संपर्क में आने के डर से निपटा जा सके। नियमित और आवधिक परामर्श उपचार का अनुकूलन करेंगे। घर पर प्रभावी ढंग से उपलब्ध उपचारों को सुविधाजनक बनाने के लिए बहुत प्रयास किए जाने चाहिए ताकि आपातकालीन विभाग या क्लिनिक में जाने की संभावना कम से कम हो। व्यक्ति को तुरंत एक न्यूरोलॉजिस्ट से परामर्श करना चाहिए, और सिर के एक तरफ तेज दर्द, धड़कन, या धड़कन, सिर के एक तरफ(एकतरफा) या दोनों (द्विपक्षीय) सिर के आगे या पीछे, या दोनों पर केंद्रित लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आंखों के आसपास या गालों के पीछे मतली, उल्टी या दोनों के निम्नलिखित प्रभावों में से एक के साथ, प्रकाश और ध्वनि के प्रति संवेदनशीलता। विशेषज्ञ उन्हें शिक्षित करने, उपलब्ध विभिन्न उपचारों के बारे में व नए उपचारों को समझने के उद्देश्य से अधिक रोगी-केंद्रित कार्यक्रमों की आवश्यकता महसूस करते हैं।

**लेखक आर्टेमिस अस्पताल, गुड़गांव में मुख्य न्यूरोलॉजिस्ट हैं।**

# इसके बारे में बात करें



वर्कशॉप और सोशल मीडिया के माध्यम से यौन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के बावजूद, सेक्स अभी भी एक वर्जित विषय है। हम किस तरह सुरक्षित रहें इसका तरीका बता रही हैं **डॉ. जयश्री सुंदर**

यौन व प्रजनन स्वास्थ्य जागरूकता दिवस का आयोजन यौन व प्रजनन स्वास्थ्य (एसआरएच) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाता है। एसआरएच में कामुकता के संबंध में शारीरिक, भावनात्मक, मानसिक व सामाजिक कल्याण के आयाम शामिल होते हैं।

स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य के मुद्दों का प्रचार करने के लिए होते हैं और इसका उद्देश्य स्थिति में सुधार करना और जीवन बचाने में मदद करना है, कभी-कभी ये घटनाएं अधिक गंभीर होने की स्थिति के मद्देनजर निवारक कार्रवाई को प्रोत्साहित करती हैं।

यौन संपर्क सभी जीवित चीजों की एक बुनियादी आवश्यकता है जो अलग-अलग उम्र में अलग-अलग लोगों द्वारा शुरू की जा सकती है। दोनों लिंगों के लिए निहितार्थों से अवगत होना और भावनात्मक व शारीरिक रूप से जटिलताओं से बचने के उपायों को जानना महत्वपूर्ण है। हमारे देश में आज भी सेक्स एक टैबू है, घरों में ज्यादा खुलकर बात नहीं की जाती। हालांकि, चीजें धीरे-धीरे बदल रही हैं और स्कूल जागरूकता बढ़ाने के लिए बच्चों के लिए इससे संबंधित सत्र आयोजित करने की कोशिश कर रहे हैं।

साथ ही माता-पिता अपना दृष्टिकोण बदल रहे हैं और बच्चों को अधिक खुला जागरूक होने का अवसर दे रहे हैं। प्रजनन और यौन जागरुकता दिवस अपने आप में बाधाओं को तोड़ने के लिए एक लंबा रास्ता तय करने वाला है।

यदि जागरूकता को समझदारी से नहीं पैदा किया जाता है तो इंटरनेट बहुत अधिक अनफिल्टर्ड असत्यापित जानकारी के साथ प्रभावशाली दिमागों को भ्रमित करने जा रहा है।

जब कोई व्यक्ति यौन स्तर पर सक्रिय होता है तो दो बातों का ध्यान रखना चाहिए, वो है यौन संचारित संक्रमणों की रोकथाम और गर्भनिरोधक।

यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) के अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभाव होते हैं। उनमें से कुछ का अभी भी इलाज नहीं है। केवल स्राव के द्वारा भेदनकारी सेक्स के बिना संचरण हो सकता है।

यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर एसटीआई का सीधा प्रभाव शर्मिन्दगी, बांझपन, कैंसर और गर्भावस्था की जटिलताओं के जरिए होता है और यह एचआईवी के जोखिम को बढ़ा सकता है।

30 से अधिक विभिन्न बैक्टीरिया, वायरस और परजीवी यौन संपर्क के माध्यम से संचरित होने के लिए विख्यात हैं। इनमें से आठ रोगजनक यौन संचारित रोग की सबसे बड़ी घटनाओं से जुड़े हैं। इनमें से 4 वर्तमान में इलाज योग्य हैं : सिफलिस, गोनोरिया, क्लैमाइडिया और ट्राइकोमोनास।

एसटीआई मुख्य रूप से योनि, गुदा और मुख मैथुन समेत यौन संपर्क से फैलता है।

रोग के लक्षण दिख बिना व्यक्ति को एसटीआई हो सकता है। एसटीआई के सामान्य लक्षणों में योनि स्राव, मूत्रमार्ग से स्राव या पुरुषों में जलन, जननांग अल्सर और पेट में दर्द शामिल हैं।

जब सही ढंग से और लगातार उपयोग किया जाता है, तो कंडोम एचआईवी समेत एसटीआई से सुरक्षा के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक बन जाता है। कंडोम परस्पर सहमति से यौन संबंधों में अनचाहे गर्भ से भी बचाता है। हालांकि अत्यधिक प्रभावी, कंडोम एसटीआई के लिए सुरक्षा प्रदान नहीं करते हैं जो अतिरिक्त -जननांग अल्सर (सिफलिस या जननांग दाद) का कारण बनते हैं। जब भी संभव हो, कंडोम का समस्त योनि और गुदा मैथुन में उपयोग किया जाना चाहिए। दो वायरल एसटीआई : हेपेटाइटिस बी और एचपीवी के लिए सुरक्षित और अत्यधिक प्रभावी टीके उपलब्ध हैं।

**लेखिका मधुकर रेनबो हॉस्पिटल में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं**

# बच्चों की आंखों में खिंचाव व अभिसरण की कमी

## डॉ. स्मिता कपूर कहती हैं कि बच्चे विशेष रूप से वयस्कों की तुलना में कम सावधानी बरतते हैं, इसलिए वे इन दिनों वयस्कों की तुलना में अधिक सामान्य रूप से अभिसरण की कमी अनुभव करते हैं।

आज के डिजिटल युग में, विभिन्न स्क्रीनों का उपयोग करना शायद अपरिहार्य है। महामारी के दौरान क्योंकि लोग बाहर नहीं जा सकते थे और उन्हें शारीरिक दूरी बनाए रखनी पड़ती थी, इसलिए मोबाइल और लैपटॉप सभी का सहारा बन गए। बड़ों की तरह बच्चों का स्क्रीन टाइम भी कई वजहों से बढ़ा है। बच्चे ऑनलाइन अध्ययन करते हैं, गेमिंग और मनोरंजन के लिए स्क्रीन का उपयोग करते हैं, मोबाइल फोन पर दोस्तों के साथ वीडियो बातचीत करते हैं और घंटों सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। जबकि यह बढ़ा हुआ स्क्रीन समय आंखों में खिंचाव का कारण बनता है, यह आंख की ऐसी स्थिति भी पैदा करता है जिसे अभिसरण की कमी कहा जाता है। इस कारण से, हमें यथासंभव अपने स्क्रीन समय को कम करने का प्रयास करना चाहिए और बच्चों को स्क्रीन का उपयोग करने देते समय पर्याप्त सावधानी भी बरतनी चाहिए।

**अभिसरण अपर्याप्तता क्या है?**

अभिसरण अपर्याप्तता एक नेत्र-विकार है जिसमें दो आंखें सिंक्रनाइज नहीं हो पाती हैं और आस-पास की वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करते समय एक साथ काम कर सकती हैं। इस स्थिति में एक आंख बाहर की ओर निकल सकती है जब किसी वस्तु पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की जाती है, जिससे धुंधली या दोहरी दृष्टि हो सकती है। इससे पढ़ना और ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है और बार-बार सिरदर्द भी होता है। यह स्थिति आमतौर पर बचपन में शुरू होती है लेकिन वयस्कों को भी प्रभावित कर सकती है। कुछ कारक जो अभिसरण अपर्याप्तता की ओर ले जाते हैं, वे हैं कंस्यूशन, न्यूरो-डीजेनेरेटिव स्थितियां जैसे कि अल्जाइमर, पार्किंसंस या ग्रेव्स रोग।

**स्क्रीन उपयोग और अभिसरण अपर्याप्तता के बीच क्या संबंध है?**

चूंकि अधिकांश स्क्रीन का उपयोग निकट दूरी पर किया जाता है, इसलिए अभिसरण अपर्याप्तता एक स्वाभाविक परिणाम बन जाता है। बच्चे विशेष रूप से वयस्कों की तुलना में कम सावधानी बरतते हैं, इसलिए वे आजकल वयस्कों की तुलना में अभिसरण अक्षमता का अधिक अनुभव करते हैं।



**अभिसरण अपर्याप्तता के लक्षण क्या हैं?**

कुछ लक्षण, जो अभिसरण अक्षमता की उपस्थिति का संकेत दे सकते हैं, वे इस प्रकार हैं – मसलन, सिरदर्द, तनाव, आंखों की थकान, पढ़ने और एकाग्रता में कठिनाई, दोहरी दृष्टि और आंखों को बार-बार भेंगाने या रगड़ने की आवश्यकता। एक ही समय में ऐसे सुराग, जैसे कि एक बच्चा उस खेल से परहेज करता है जिसमें गहराईपूण धारणा की आवश्यकता होती है या हवा में फेंकी गई वस्तुओं को पकड़ने में परेशानी होती है, असमान सतहों पर बार-बार ठोकर खाने या दूरी के खराब निर्णय के कारण फर्नीचर से टकराने आदि के लिए मजबूत संकेत होना चाहिए, ये सभी अभिसरण अपर्याप्तता से संबंधित समस्याएं हैं।

**क्या यह सच है कि अभिसरण अपर्याप्तता दूरदृष्टि व आलसी आंख से भिन्न है?**

अभिसरण अपर्याप्तता दूरबीन कार्य को बनाए रखने में असमर्थता है जबकि दूरदृष्टि एक अपवर्तक त्रुटि है जिसमें व्यक्ति ध्यान केंद्रित नहीं कर सकता है और आस-पास की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देख सकता है क्योंकि नेत्रगोलक की लंबाई कम है या कॉर्निया सपाट है। अभिसरण अपर्याप्तता एंबीलिया या आलसी आंख से भी भिन्न होती है जिसमें एक आंख में खराब दृष्टि यदि लंबे समय तक अनुपचारित छोड़ दी जाती है तो अच्छी आंख का उपयोग निरंतर होने लगता है। नतीजा यह होता है, समय बीतने के साथ पहली वाली आंख कमजोर हो जाती है।

**अभिसरण अपर्याप्तता की स्थिति आने पर व्यक्ति को क्या करना चाहिए?**

सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, बच्चों की बारीकी से निगरानी की जानी चाहिए ताकि उनके स्कीन समय और गैर-स्क्रीन समय के बीच पर्याप्त संतुलन सुनिश्चित किया जा सके।

दूसरा, आंखों और स्क्रीन के बीच पर्याप्त दूरी बनाए रखनी चाहिए।

तीसरा, बच्चों को एक प्रशिक्षित नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा निर्धारित ओकुलर व्यायाम की एक सीरीज करने के लिए कहा जा सकता है। ध्यान केंद्रित करने वाला व्यायाम पेंसिल पुश-अप्स है जिसमें बच्चे को पेंसिल की नोक पर ध्यान केंद्रित रखने के लिए कहा जाता है, जबकि पेंसिल को नाक के पुल के करीब लाया जाता है और जब वस्तु दोगुनी हो जाती है तो रुक जाते हैं। दूसरा एक सॉफ्टवेयर आधारित अभ्यास है जिसे माता-पिता की देखरेख में घर पर कंप्यूटर पर किया जा सकता है। यदि व्यायाम से मदद नहीं मिलती है, तो बच्चे को प्रिज्म का चश्मा दिया जा सकता है। और आखिरी विकल्प आंखों की मांसपेशियों की सर्जरी है।

इसीलिए, अभिसरण अपर्याप्तता के लक्षण की थोड़ी सी भी शंका महसूस होने पर, तुरंत किसी भेंगापन विशेषज्ञ से परामर्श करना चाहिए।

**लेखिका विजन आई सेंटर, नई दिल्ली में पीडियाट्रिक ऑप्थल्मोलॉजी एंड स्ट्रैबिस्मस कंसल्टेंट हैं**

# बहुमुखी प्रतिभा की धनी प्रियामणि

**एक ऐसी अभिनेत्री जिसने विभिन्न भाषाओं की फिल्मों में किरदार निभाकर बहुआयामी स्वरूप प्रस्तुत किया है, बता रहे हैं सैमी सत्तार।**



नायक भले ही सबका ध्यान खींच रहे हों, प्रियामणि को तेलुगु, कन्नड़, तमिल, मलयालम और हिंदी फिल्मों में अभिनय करने का गौरव प्राप्त है। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और तीन फिल्मफेयर पुरस्कार प्राप्त करने वाली, उन्होंने तेलुगु फिल्म इवारे अतगाडु (2003) में अपनी शुरुआत की। तमिल रोमांटिक ड्रामा परुथिवीरन (2007) में गांव की लड़की मुथथाझागु के रूप में उनकी भूमिका के लिए उन्हें व्यापक पहचान मिली। उनकी उल्लेखनीय कृतियों में राम (2009), रावण (2010), रावणन (2010), प्रंचीयत्तन और संत (2010), चारूलता (2012) और आइडल रामायण (2016) शामिल हैं। वह अगली बार भामाकलपम में नजर आएंगी। एक साक्षात्कार के अंश :

**❒ आपने भामाकलपम क्यों लिया?**

मैंने भामाकलपम को जिस तरह से सुनाया था, उसका कारण था। जब निर्देशक भरत कम्मा ने जूम पर कहानी सुनाई, तो मुझे जिस तरह से बताया गया वह वास्तव में पसंद आया। मैंने पहले यह किरदार नहीं निभाया था और मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक अच्छा डेब्यू किरदार होगा और वह भी एक ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए।

**❒ आप किसी भी किरदार को किस तरह से देखते हैं?क्या आप अपने आसपास के लोगों से प्रेरणा लेते हैं या निर्देशक का संस्करण सुनते हैं?**

मैं एक सहज अभिनेत्री के रूप में अधिक हूं। इस रोल के लिए मैंने कोई होमवर्क नहीं किया। मैं बस अपनी वृत्ति के साथ चलती गई। मैं दिन-प्रतिदिन बहुत से लोगों को देखती हूं कि वे किसी स्थिति को कैसे देखते हैं या वे घर पर कैसे हैं या वे अपने घर का प्रबंधन कैसे करते हैं और वे उस पर कैसे हैं। इसलिए, मैं इसे दिन-प्रतिदिन के आधार पर देखती हूं। तो, शायद, इनमें से कुछ प्रतिक्रियाएं मुझे प्रेरित करती हैं। इसके अलावा, यह भी है कि निर्देशक चरित्र की कल्पना कैसे करता है। कभी-कभी जब मुझे लगता है कि चरित्र को थोड़ा कम करने की जरूरत है - चाहे वह बॉडी लैंग्वेज हो या डायलॉग्स - मैं इसे निर्देशक को सुझाती हूं और वह कुछ सुझाव भी देते हैं। यह देना और लेना है। और मैं भाग्यशाली थी कि अभिमन्यु एक निर्देशक के रूप में मेरे सुझावों को चरित्र के लिए शामिल करने के लिए पर्याप्त थे।

**❒ बड़े पर्दे और ओटीटी... अभिनेताओं के लिए क्या अंतर है?**

मैं यह नहीं कहूंगी कि दोनों के बीच बहुत अंतर है। लेकिन एक अंतर यह है कि ओटीटी में विभिन्न प्रकार के किरदार निभाए जा सकते हैं, यह बहुत अलग है। और यहां तक कि भूमिकाओं का चुनाव भी काफी विशाल और अलग होता है। यह काफी चुनौतीपूर्ण भी है।

**❒ आपका इंडस्ट्री में बैकग्राउंड नहीं है। शुरुआती साल कितने कठिन थे?**

सौभाग्य से मेरे लिए, मैं यह नहीं कहूंगी कि यह बहुत कठिन था लेकिन शुरुआती वर्षों में मेरे पास उतार-चढ़ाव का उचित हिस्सा रहा है। मेरी पहली फिल्म तमिल में कंगालाल कैधु सेई थी। हमने 2002 में शूटिंग शुरू की थी लेकिन यह 2003 में रिलीज़ हुई थी। इसी तरह, बालू महेंद्र की अधु ओरु काना कालम थी जिसे हमने 2004 में शुरू किया था और जब तक यह रिलीज़ हुई तब तक 2005 का अंत था। मैंने हर बार महसूस किया कि मैंने करना चुना है। एक फिल्म, रिलीज होने तक इसमें डेढ़ साल या डेढ़ साल लग जाते थे। कई बार मैं घर पर बैठी थी और बिल्कुल कुछ नहीं कर रही थी या कुछ मॉडलिंग का काम कर रही थी। और एक बार परुथीवीरन (2006) आए और रिहा हुए... बाकी जैसा वे कहते हैं, इतिहास है।

**❒ पेलैना कोथलो (2006) ... क्या आपको लगता है कि यह इतना बड़ा हो जाएगा?और आपके रास्ते में कौन सी चुनौतियां आईं?**

मैंने ईमानदारी से नहीं सोचा था कि यह इतना बड़ा हो जाएगा लेकिन मैं वास्तव में खुश थी कि लोगों ने फिल्म को पसंद किया। जगपति बाबू और मैं का संयोजन। यह तेलुगु में मेरी पहली फिल्म थी जिसमें मैं मुख्य भूमिका निभा रही था और कहानी सार्वभौमिक थी और जिस क्षण निर्देशक मदनतोद ने मुझे कहानी दी, मुझे बिल्कुल पसंद आई और उनसे कहा कि मैं इसका हिस्सा बनना चाहती हूं। तब जगपति बाबू ने यह कहने के लिए फोन किया कि वह मेरा हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। मुझे जिस एकमात्र चुनौती से गुजरना पड़ा, वह थी तेलुगु सीखना। मैंने लोगों से बात करना शुरू किया और इसी तरह मैंने इसे उठाया। यह फिल्म मेरे द्वारा की गई सबसे शानदार फिल्म थी। यह एक मजेदार फिल्म थी और अब भी मुझे लगता है कि बहुत से लोग इसे देखते हैं, वे मुझे सोशल मीडिया पोस्ट में टैग करते हैं और मुझे बताते हैं कि उन्होंने फिल्म देखी है और इसे पसंद किया है।

**❒ वास्तविक जीवन का किरदार निभाना कितना मुश्किल है जैसा आपने थिरकथा (2008) में किया था?क्या आप व्यवहार का अनुकरण करते हैं? या आप इसके बारे में कैसे जाते हैं?**

थिरकथा में कठिनाई डिम्बग्रंथि के कैंसर की बात सामने आने के बाद हुई। मेकअप में तीन घंटे लगे। जब सारा काम हो गया तो मेकअप बॉय की आंखों में आंसू आ गए। थोड़ी मुश्किल भी तब पैदा हुई जब रंजीत (निर्देशक) चाहते थे कि मैं थोड़ा अजीब या थोड़ा अलग तरीके से चलूं। इसके अलावा, पूरी फिल्म मेरे कंधों पर थी। नैरेशन के बाद, मैंने रंजीत सर से पहली बात यह पूछी, "क्या आपको मुझ पर विश्वास है कि मैं यह कर सकती हूं? इतनी सुंदर कहानी है। मुझे नहीं पता कि आपको मुझ पर क्या विश्वास है कि मैं इसे निभा सकती हूं।" उन्होंने कहा, "मुझे आप पर विश्वास है और केवल आप ही इसे कर सकते हैं।" मैं वास्तव में आभारी हूं कि उन्होंने सोचा कि मैं इस भूमिका के लिए उपयुक्त हूं।. मैंने किसी भी व्यवहार का अनुकरण नहीं किया। यह रंजीत सर पर सिर्फ अंधा भरोसा था और मैंने उनके मार्गदर्शन का पालन किया।

**❒ आपने तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी फिल्मों में अभिनय किया है। आप बारीकियों को कैसे ठीक करते हैं?उद्योगों में क्या अंतर है?**

मैं भाग्यशाली लोगों में से एक हूं जिसने सभी पांच उद्योगों में अभिनय किया है और मैं अभी भी कर रही हूं। बारीकियां निर्देशक की इच्छा के अनुसार ही हैं। मैं एक बार में सिर्फ एक कदम चलती हूं। अंतर भाषा, चालक दल, सह-कलाकारों, निर्देशकों और इकाई में है। इसके अलावा, सभी भाषाओं में शूटिंग प्रक्रिया बहुत समान है।

**❒ पुरस्कार या लोकप्रिय प्रशंसा। आप क्या चुनेंगी?**

क्यों न दोनों? पुरस्कार आपके काम के लिए एक पुरस्कार हैं और लोकप्रिय प्रशंसा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

**❒ दक्षिण भारत की फिल्में धूम मचा रही हैं, जबकि पहले हिंदी फिल्म उद्योग का बोलबाला था। आप इसके कारणों का क्या श्रेय देंगे?**

मुझे खुशी है कि दक्षिण भारत की पहचान हो रही है और इस समय हम सभी को बॉलीवुड या दक्षिण भारतीय अभिनेताओं के बजाय भारतीय कलाकार कहा जाना चाहिए। और हां, मुझे खुशी है कि दक्षिण भारतीयों को बॉलीवुड में पहचान मिल रही है चाहे वह टेक्नीशियन हो या कलाकार। पहले श्रीदेवी, रेखा, वैजयंतीमाला, हेमा मालिनी इन सभी ने बॉलीवुड पर राज किया और फिर कमी आई। तो, पहले से कहीं बेहतर देर हो चुकी है।

**❒ क्या आपको लगता है कि दर्शक सिनेमाघरों में वापसी करेंगे या ओटीटी का बोलबाला रहेगा?**

मुझे उम्मीद है कि थिएटर सामान्य दृश्य पर वापस आ जाएंगे। मुझे लगता है कि स्थिति धीरे-धीरे बेहतर हो रही है। मुझे उम्मीद है कि थिएटर देखना खत्म नहीं होगा क्योंकि हम सभी अपनी फिल्में बनाने में कड़ी मेहनत करते हैं। नाटकीय अनुभव पूरी तरह से अलग है। जब आप इसे ओटीटी पर देख रहे होते हैं तो आपको वैसी अनुभूति नहीं होती है। महामारी के दौरान, ओटीटी फलफूल रहा था, लेकिन मुझे उम्मीद है कि नाटकीय अनुभव वापस सामान्य हो जाएगा और लोग सभी फिल्मों और सभी भाषाओं में 100 प्रतिशत क्षमता के साथ सिनेमाघरों में लौटेंगे।

**❒ आप किसी भी प्रोजेक्ट को क्यों लेते हैं?**

मुख्य रूप से स्क्रिप्ट और अगर मेरा रोल अच्छा है। और अगर मुझे यकीन है कि मैं उस प्रोजेक्ट को हाथ में ले सकती हूं जो मैं करती हूं। वरना मैं नहीं होता। मैंने इसे बनाए रखा है और मैं इसे हमेशा बनाए रखूंगी।



# अमिताभ ने प्रभास के साथ शुरू की फिल्म की शूटिंग

**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन ने शनिवार को कहा कि उन्होंने साइंस-फिक्शन पर आधारित एक फिल्म के लिए अभिनेता प्रभास के साथ पहला शॉट दिया है। अमिताभ ने बाहुबली के अभिनेता को प्रतिभाशाली और विनम्र कलाकार बताया। फिल्मकार नाग अश्विन इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जिन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म महानती के निर्देशन के लिए जाना जाता है। इस नई फिल्म का नाम अभी तक तय नहीं किया गया है और इसे प्रोजेक्ट के कहा जा रहा है। फिल्म में दीपिका पादुकोण भी अहम किरदार में नजर आएंगी। अमिताभ ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी और कहा कि फिल्म की शूटिंग के दौरान वह प्रभास से काफी कुछ सीखने को लेकर बेहद उत्सुक हैं। अमिताभ (79) ने ट्वीट कर कहा, पहला दिन, पहला शॉट। बाहुबली प्रभास के साथ पहली फिल्म और उनकी आभा, उनकी प्रतिभा और उनकी असाधारण विनम्रता के साथ ऐसा सम्मान मिलना। मैं उनसे बहुत कुछ सीखने के लिए उत्सुक हूं। प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अमिताभ बच्चन की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा कि उनके साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है।

# बाल शिवाजी फिल्म का निर्देशन करेंगे रवि जाधव



**मुंबई।** मराठा साम्राज्य की नींव डालने वाले वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी की जयंती के अवसर पर उनके बाल जीवन पर फिल्म बनाने की घोषणा की गई है। बाल शिवाजी नामक इस फिल्म का निर्माण इरोज इंटरनेशनल, आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स, रवि जाधव फिल्म्स और लेजेंड स्टूडियोज मिल कर कर रहे हैं। फिल्म निर्माओं ने अनुसार यह फिल्म शिवाजी के जीवन के शुरुआती वर्षों 12 से 16, पर आधारित होगी जिसने उन्हें स्वराज की नींव डालने में मदद की। रवि जाधव इसका निर्देशन करेंगे। जाधव को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त मराठी फिल्म बालगंधर्व और नटरंग के लिए पहचाना जाता है। निर्देशक ने कहा कि फिल्म के लिए उन्होंने आठ वर्षों तक शोध किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, संदीप के साथ अचानक यह ख्याल आया,जिन्हें शौर्य की गाथा बताने के महत्व की समझ है। आखिरकार यह भारत में राज करने वाले महान शासकों में से एक को समर्पित है। यह यकीनन दुनिया भर में नौजवानों के लिए प्रेरणादाई साबित होगी। इरोज इंटरनेशनल मीडिया लिमिटेड (ईआईएमएल) के समूह कार्यकारी अधिकारी और कार्यकारी निदेशक प्रदीप द्विवेदी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि टीम एक बेहतरीन फिल्म तैयार करेगी। यह फिल्म जून में रिलीज होगी।

# समय, भूगोल और स्मृति की कहानियां

भारतीय लेखिका, कवयित्री और पत्रकार **ममंग दाई** ने अपनी नवीनतम पुस्तक, एस्केपिंग द लैंड में नेफा के दिनों का एक ईमानदार लेखा-जोखा प्रस्तुत किया है। **खुशबू कीर्तिक** की रिपोर्ट।

अरुणाचल प्रदेश के पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित लेखिका, उन कुछ आधुनिक भारतीय लेखकों में से एक हैं, जिन्होंने अपने नाम के आगे 'सेमिनल' को एक शीर्षक के रूप में जोड़ने में कामयाबी हासिल की है।

लेखिका उपलब्धि के कई तमगे अपने पास रखती हैं। वह अपने ततकालीन नेफा, राज्य की प्रथम महिला थीं, जिन्हें आईएएस के लिए चुना गया था, लेकिन उन्होंने इसके बजाय पत्रकारिता को आगे बढ़ाने का फैसला किया। हालांकि उन्होंने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सोचा कि अगर उन्होंने अपने पूर्व कैरियर को चुना होता तो उसका जीवन कैसा होता। हमें खुशी है कि उसने नहीं किया! वर्ना हमें ऐसी महान कहानियों और कविताओं का आशीर्वाद नहीं मिलता।

पद्य और गद्य उनके मजबूत पक्ष हैं, लेकिन वह कविता को 'वास्तविक जीवन रेखा' के रूप में परिभाषित करती हैं। लेखिका ने 2017 में अपने उपन्यास द ब्लैक हिल के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार भी जीता था।

पढ़ें, दाई के साथ उनकी नवीनतम रचना, एस्केपिंग द लैंड से संबंधित एक विशेष साक्षात्कार के अंश :

**आपको किस बात ने इस पुस्तक और इस गाथा को शुरू करने के लिए प्रेरित किया ?कृपया सारांश में हमें उसके बारे में बताएं।**

जब मैं कुछ और लिख रही थी तब भी यह किताब मेरे दिमाग में हमेशा बनी रहती थी। पुस्तक का एक हिस्सा प्रत्यक्ष संदर्भों के आधार पर नेफा दौर का एक स्मरण है जब अरुणाचल उत्तर पूर्व सीमांत एजेंसी (एनईएफए) था। शिलांग राजधानी थी और मैं सोच भी नहीं सकती कि कैसे हमारे माता-पिता ने, जहां भी मेरे पिता तैनात होते थे, हमें शिलांग के बोर्डिंग स्कूल से उस समय वहां ले जाने की सारी परेशानी उठाई।

मेरे भाइयों और मेरे लिए, बचपन नदियों, पत्थरों, रेत, घाट घाटों और पैदल चलने का एक परिदृश्य था - एक पोस्टिंग घने जंगल पार करते हुए छह दिनों की पैदल यात्रा थी, हमें एक शिविर से दूसरे शिविर में ले जाया गया जब तक कि हम अपने गंतव्य - एक छोटी चौकी तक पहुंच नहीं गए, जहां स्कूल वापस लौटने से पहले तीन महीने तक का एक ठोस शीतकालीन अवकाश था। इस यात्रा का अधिकांश हिस्सा अब देश के सबसे लंबे रेल-सड़क बोगीबील पुल और देश के सबसे लंबे ढोला सादिया पुल से जुड़े जिलों से होकर जाता था, जिसे बाद में भूपेन हजारिका सेतु के नाम से भी जाना जाता है, जो असम और अरुणाचल प्रदेश को जोड़ता है।

**उस समय भारतीय सीमांत प्रशासनिक सेवा में कार्यरत नेफा अधिकारियों के परिवारों के साथ ऐसा ही होता था।**

किताब का दूसरा भाग अधिक समीचीन है जो अचिंगमोरी, राजनीतिक दुभाषियों का युग, 1962 का युद्ध, संवैधानिक और राजनीतिक परिवर्तन, विकास और राज्य का दर्जा प्राप्त करना जैसी वास्तविक घटनाओं से प्रेरित फ्लैशबैक के साथ समकालीन राज्य की राजनीति से संबंधित है।

वास्तव में, 2022 पुरानी नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी के बंद होने का प्रतीक है और अरुणाचल प्रदेश के नए नाम 'भोर की रोशनी वाले पहाड़ों की भूमि' के तहत केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा हासिल करने का राज्य का स्वर्ण जयंती वर्ष है।

कोजुम-कोजा से अरुणाचल प्रदेश तक, किताब में शामिल इस यात्रा के बारे में हमें बताएं।

कोजुम-कोजा की प्राचीन सभ्यता की कहानी के बारे में, यह अध्याय इसलिए उलझा हुआ है क्योंकि पौराणिक समय और मछली व सितारों की भूमि जैसी विविध दुनिया के ये संदर्भ लोक साहित्य के हिस्से हैं जो अभी भी पारंपरिक जादूगर पुजारियों द्वारा विशेष त्योहारों पर प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किए जाते हैं।

**इस्केपिंग द लैंड- शीर्षक का क्या महत्व है?**

यह एकमात्र शीर्षक था जो मैं सोच पाती थी। बीच में, मैंने सोचा कि शायद - नेफा नोटबुक भी एक नाम हो सकता है, लेकिन किसी रूप में, 'ईएल' के नाम से यह नाम मेरी पांडुलिपियों में दर्ज हो गया है, या कहें कि अटक गया। यह देखने का एक तरीका है कि हम दूसरी तरफ की घास के हरे होने के बारे में क्या कहते हैं। यह एक उछाल का दौर था जब हर कोई, जिसके पास पैसा था, राज्य के बाहर निवेश करना चाहता था, बड़े व्यवसायों, आवास योजनाओं में जा रहा था और अपार्टमेंट खरीद रहा था।




यह आपके अपने गृहनगर से बाहर यात्रा करने, कहीं और होने की इच्छा के संबंधित भी है, , भले ही अधिक बार नहीं, मगर यह केवल एक पूरा चक्कर लगाने जैसी बात भी है।

**क्या इसे लिखने के पीछे का उद्देश्य अपने देश के इतिहास को रिकॉर्ड करना और अनकही कहानियों के बारे में बात करना है?**

वैसे, पिछले 50 सालों में अरुणाचल में जबरदस्त बदलाव आया है। मैं आपको बता सकती हूं कि ईटानगर रातों रात बदल गया है, जो अधूरी इमारतों की जगह कोरियाई भोजनालयों, जिम और शॉपिंग मॉल से भरी जगह में तब्दील हो गया है। तो लेखन एक प्रकार से एक भावना या याद को दर्ज करना है कि हमने हम कहां से यह हासिल करने के लिए आए हैं।

इस पुस्तक के लिए, मैं कहूंगी कि नेफा के दिनों के लिए अभी भी बहुत पुरानी यादें हैं। आखिरकार, यह राज्य की सामान्य नींव है। मुझे यह भी लगता है कि उस समय के बारे में, ईमानदारी और यहां तक कि रोमांस की मासूमियत का वातावरण था, और मैं इसके बारे में अपने पिता, उनके सहयोगियों के उपाख्यानों, व किताबों तथा नारी के रुस्तमजी, एस कृष्णार्थी, इंदिरा मिरी जैसे कुछ महान अग्रणी अधिकारियों के संस्मरणों के आधार पर लिखना चाहती थी।

हाल ही में, असम में एक परिवार याद कर रहा था कि कैसे उनके पिता बहुत समय पहले नदी के उस पार चले गए थे, जो स्कूल शिक्षक के रूप में नेफा में उन गुमनाम जगहों में से किसी एक में सेवा करने के लिए गए थे। उन्होंने उसे उन कभी कभार की दुर्लभ घरेलू यात्राओं पर देखा था, उन्होंने मुझे उस समय की कहानी याद करते हुए बताया। इसलिए ये काल, भूगोल, स्मृति की कहानियां हैं।

साथ ही, मुझे लगता है कि नेफा युग व भारत-चीन सीमा युद्ध में आदिवासी लोगों की आवाजों का बहुत कम दस्तावेजीकरण / रिकॉर्ड है - यह कैसा था, उन्होंने क्या सुना था, गांवों में क्या हुआ था, उस पूर्णतया भगदड़ के माहौल के बारे में क्या कहें, जब हर कोई चीनी सेना के आगे बढ़ने से पहले भाग गया था और अब इसका हम पर क्या प्रभाव पड़ता है।

**'जो कभी नहीं खोया है वो है मूल जुनून, जो प्यार का सपना था'। कृपया इसे हमारे लिए विस्तार से समझाएं।**

पुस्तक के संदर्भ में, मुझे लगता है कि यह पंक्ति लुटोर और उमसी के लिए है। धरती के लिए प्यार है, अपने लोगों के लिए प्यार है, एक दूसरे के लिए प्यार है, शायद खोया और पाया है। अंत में, मुझे लगता है कि हर कोई प्यार की वापसी को खोजना और महसूस करना चाहता है। यह प्रत्याशा की भावना हो सकती है - एक आश्चर्य और रहस्य की भावना जो प्यार में होने की अवस्था के बराबर है, कि हमारे संदेहों और संघर्षों से परे हमसे कुछ बड़ा है। इसे समझाना मुश्किल है। पाठक को इसका अर्थ स्वयं खोजना होगा।

**मुझे सचमुच विश्वास है कि हमें महिलाओं की कहानियां लिखने के लिए और अधिक महिला लेखकों की जरूरत है क्योंकि या तो इतिहास के पन्नों से उनका सफाया कर दिया गया है या उनकी सच्चाई को पुरुष आवाजों द्वारा गलत समझा गया है। आपको क्या लगता है?**

हां, ऐतिहासिक संदर्भ में, महिलाओं की कहानियों को खो दिया गया है या गलत समझा गया है, लेकिन हम उन्हें फिर से ढूंढ सकते हैं और अपना मन बना सकते हैं। ऐसी बहुचर्चित व व्यापक रूप से पढ़ी जाने वाली महिला लेखक हैं जो बाइबिल के समय से लेकर ग्रीक नाटक, पश्चिमी शास्त्रीय साहित्य और रामायण व महाभारत के महान महाकाव्यों में महिलाओं के चित्रण के विभिन्न कालखंडों के साहित्य पर नजर डाल रही हैं। महिला लेखक हर विधा में बहुत प्रभाव के साथ लिख रही हैं, इसलिए मुझे लगता है कि काम हो रहा है।

**आप अपनी महिला पात्रों को कैसे चित्रित करना पसंद करती हैं? क्योंकि, मेइंग एक दृढ़ निश्चयी महिला लगती है जो अपने आस-पास के लोगों की कहानियों को उजागर करते हुए स्वयं की तलाश करती है।**

महिला पात्रों के चित्रण के मामले में : महिला पात्र उन महिलाओं की तरह हैं जिन्हें मैं जानती हूं। इसमें प्यार, वफादारी, बुद्धि और धीरज, बुद्धि और असुरक्षा है। मेयिंग इसलिए दृढ़ है क्योंकि पुस्तक में वह उन महिलाओं के इन गुणों का प्रतिनिधित्व करती है जो सुरक्षित हैं क्योंकि वे जानती हैं कि वे कौन हैं।

# टेस्ट टीम की बागडोर भी रोहित संभालेंगे

- पुजारा, रहाणे, इशांत और साहा बाहर
- श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए चुनी गई टीम







**भाषा।** नई दिल्ली

**रोहित शर्मा** को अपेक्षानुरूप शनिवार को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी भी सौंप दी गई जबकि पिछले लंबे समय से मध्यक्रम के प्रमुख स्तंभ रहे चेतेश्वर पुजारा और अंजिक्य रहाणे तथा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा को श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए चुनी गई टीम से बाहर कर दिया गया। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला चार मार्च से शुरू होगी जिसमें आलराउंडर रविंद्र जडेजा की भी वापसी होगी जो घुटने की चोट से उबर गए हैं। शुभमन गिल भी चोट से उबरकर खेलने के लिए फिट हैं।
केएल राहुल और वाशिंगटन सुदर इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अपनी चोटों से उबर रहे हैं और वे इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। कुलदीप यादव की टेस्ट टीम में वापसी हुई है जबकि संजू सैमसन को टेस्ट श्रृंखला से पहले 24 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया गया है। पंत और विराट कोहली को टी20 श्रृंखला में विश्राम दिया गया है जबकि उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार टेस्ट टीम में शामिल एकमात्र नया चेहरा हैं। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर को विश्राम दिया गया है। रविचंद्रन अश्विन अगर फिट होते हैं तो वह खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे जबकि अक्षर पटेल दूसरे टेस्ट मैच के लिए फिट हो जाएंगे। सीमित ओवरों के कप्तान रोहित को टेस्ट टीम की कमान मिलना तय था लेकिन राष्ट्रीय चयनसमिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा ने इसकी आधिकारिक घोषणा करके स्पष्ट कर दिया कि पहले की तरह तीनों प्रारूपों की कप्तानी एक ही खिलाड़ी के हाथों में रहेगी, जिनके रहते हुए भविष्य का कप्तान तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। शर्मा ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, रोहित शर्मा कप्तानी के लिए सभी की पहली पसंद थे। वह हमारे देश का नंबर एक क्रिकेटर है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह तीनों प्रारूप में खेल रहा है। महत्वपूर्ण यह है कि हम उनका कार्य प्रबंधन कैसे संभालते हैं। रोहित के कप्तान रहते हुए नए कप्तानों को तैयार किया जाएगा और यह साफ हो गया कि केएल राहुल के दक्षिण अफ्रीका में खराब प्रदर्शन के बाद वह स्वत: पसंद नहीं रह गए हैं। उन्होंने कहा, केएल राहुल, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह को रोहित की अगुवाई में भविष्य के कप्तान के तौर पर तैयार किया जाएगा। शर्मा ने कहा, हमने राहुल को दक्षिण अफ्रीका में कप्तान बनाया। बुमराह वहां उप कप्तान थे और श्रीलंका के खिलाफ भी यह भूमिका निभाएंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 में ऋषभ को उप कप्तान बनाया गया। ये संभावित नेतृत्वकर्ता हैं जिन्हें रोहित के नेतृत्व में तैयार किया जाएगा। चयनसमिति ने सीनियर बल्लेबाज पुजारा और रहाणे, तेज गेंदबाज इशांत और विकेटकीपर साहा को बाहर करके कड़ा लेकिन अपेक्षित निर्णय किया। भारत के 2022 के टेस्ट कैलेंडर को देखते हुए इन चारों को वापसी का मौका मिलने की संभावना कम है। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के अलावा भारत को 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ एक और बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलने हैं जबकि भारत 2023 के शुरू में चार टेस्ट मैचों के लिए आस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा। चयन समिति अब पुजारा की जगह हनुमा विहारी और रहाणे के स्थान पर गिल को पूरे मौके देगी। इशांत की जगह लेने के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और अवेश खान तैयार हैं जबकि पंत की अनुपस्थिति में कोना भरत को साहा पर प्राथमिकता मिलना तय है। शर्मा ने कहा, चयन समिति ने रहाणे और पुजारा के नाम पर काफी चर्चा की। हमने उन्हें बताया कि हम श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए उनके नाम पर विचार नहीं कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए दरवाजे बंद नहीं हुए। हमने उन्हें रणजी ट्राफी में खेलने की सलाह दी है। लेकिन साहा (37 वर्ष) के मामले में उम्र भी एक कारण रहा है। देखिए हम उम्र को बहुत अधिक तवज्जो नहीं देते। हमने किस आधार पर साहा को बाहर किया, हम आपको नहीं बता सकते। लेकिन एक समय होता है जबकि आप युवाओं को मौका देने के बारे में सोचते हो। इसके अलावा मुझे नहीं पता कि साहा रणजी ट्राफी में क्यों नहीं खेल रहे हैं।

**टीम : भारत टेस्ट टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), मयंक अग्रवाल, प्रियांक पांचाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, केएस भरत, आर अश्विन (फिटनेस पर निर्भर), रविंद्र जडेजा, जयंत ठाकुर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, सौरभ कुमार।
**भारत टी20 टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अवेश खान।

# इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की मेजबानी करेगा भारत, नीता अंबानी ने की जोरदार पैरवी

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

- 2023 में होगी वार्षिक बैठक

इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की अगली बैठक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर् में होगी। 2023 में होने वाली इस वार्षिक बैठक की मेजबानी को लेकर हुए मतदान में भारत को वैध 76 मतों में से 75 वोट मिले। भारी बहुमत से मेजबानी का अधिकार जीतने के बाद आईओसी की सदस्या और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने इसे भारत के लिए गर्व का क्षण बताया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए नीता अंबानी ने आईओसी की आगामी बैठक भारत में करने की दमदार पैरवी की। उन्होंने आईओसी सदस्यों को बताया कि भविष्य में युवा ओलंपिक और ओलंपिक खेलों को भारत लाना हमारा सपना है। हम चाहते हैं कि दुनिया के सबसे युवा देश, भारत के नौजवान ओलंपिक की भव्यता और विशालता को महसूस करें।
हम इस साझेदारी को और मजबूत करना चाहते हैं। आईओसी की वार्षिक बैठक की मेजबानी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए नीता अंबानी ने कहा कि ष्ओलंपिक मूवमेंट 40 साल के इंतजार के बाद भारत वापस आ रहा है! मैं 2023 में मुंबई में आईओसी सत्र की मेजबानी करने का सम्मान भारत को सौंपने के लिए इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की आभारी हूं। यह भारतीय खेलों के लिए एक नए युग की शुरुआत करेगा।् नीता अंबानी ने ओलंपिक सत्र 2023 के अवसर पर वंचित समुदायों के युवाओं के लिए विशिष्ट खेल विकास कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में नीता अंबानी, भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ नरिंदर बत्राए युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और निशानेबाजी में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा शामिल थे। बीजिंग में चल रही आईओसी की वार्षिक सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने वर्चुअली जुड़कर आगामी बैठक की मेजबानी के लिए भारत का पक्ष रखा।

## क्विक न्यूज

### भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में पांचवें स्थान पर बरकरार

**दुबई।** भारत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा शनिवार को जारी नवीनतम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका मे पांचवे स्थान पर बना हुआ है। डब्ल्यूटीसी के पहले सत्र का उप विजेता भारत दूसरे चक्र मे 49.07 प्रतिशत अंक जीतकर अभी पांचवे स्थान पर चल रहा है। भारत ने डब्ल्यूटीसी के दूसरे चक्र मे अब तक नौ टेस्ट खेले है जिसमे से चार मे उसने जीत दर्ज की जबकि तीन मे उसे हार का सामना करना पड़ा। दो मैच ड्रॉ रहे। सभी टीम के बीच भारत ने अधिकतम 53 अंक जुटाए है। भारत को अगले महीने अपने स्थान मे सुधार करने का मौका मिलेगा जब टीम दो टेस्ट की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगी।

### लाहिड़ी जेनेसिस टूर्नामेंट में कट से चूके

**लॉस एंजिलिस।** शुरुआती नौ होल मे से पांच होल मे चार बोगी करने से भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी टाइगर वुड्स की मेजबानी मे हो रहे जेनेसिस आमंत्रण टूर्नामेट मे कट हासिल करने से चूक गए। पहले दौर मे 75 का कार्ड खेलने वाले लाहिड़ी को कट हासिल करने के लिए दूसरे दौर मे बेहतर प्रदर्शन की जरूरत थी। दूसरे दौर मे हालांकि खराब शुरुआत के बाद बाकी नौ होल मे पांच बर्डी और एक बोगी के बावजूद वह कट हासिल नही कर पाए। मेजर चैंपियन डस्टिन जॉनसन, ब्रूक्स कोपका, बुबा वाटसन और पैट्रिक रीड जैसे दिग्गज भी कट हासिल करने मे नाकाम रहे।

### चांदनी एशिया पैसीफिक खिताबी मुकाबले में हारी

**नई दिल्ली।** भारत की पेशेवर मुक्केबाज चांदनी मेहरा को शनिवार को कोरिया के गेगवान-डो मे डब्ल्यूबीओ एशिया पैसीफिक खिताबी मुकाबले मे स्थानीय दावेदार शिन बो मी रे के खिलाफ तकनीकी नॉकआउट के आधार पर शिकस्त का सामना करना पड़ा। बीस साल की भारतीय मुक्केबाज अपने से अधिक अनुभवी शिन बो के खिलाफ आठ दौर तक डटी रही जब रैफरी ने मुकाबला रूकवा दिया। चांदनी का यह पहला 10 दौर का मुकाबला था जबकि कोरिया की मुक्केबाज इससे पहले 10 दौर के तीन मुकाबले खेल चुकी थी।

### उजाह के डोपिंग उल्लंघन के बाद ओलंपिक रजत पदक गंवाया

लंदन। खेल पंचाट के सीजे उजाह के डोपिंग उल्लंघन की पुष्टि करने के बाद ब्रिटेन की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम का तोक्यो ओलंपिक का रजत पदक छीन लिया गया है जो देश के इतिहास के सबसे बड़े डोपिंग प्रकरण मे से एक है। उजाह ब्रिटेन की उस टीम का हिस्सा थे जिसने अगस्त मे तोक्यो ओलंपिक मे रजत पदक जीता था। उजाह के अलावा रिले टीम मे झारनेल ह्यूज, रिचर्ड किल्टी और नेथानील मिशेल ब्लेक शामिल थी।

### नोरी सेमीफाइनल में, दिमित्रोव हारे

**डेलरे बीच।** शीर्ष वरीय कैमरन नोरी ने शुक्रवार को यहां पांचवें वरीय सबेस्टियन कोर्डा को हराकर डेलरे बीच टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे जगह बनाई। नोरी ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले मे 6-2, I-6, 7-6 (4) से जीत दर्ज की। कोर्डा ने निर्णायक टाईब्रेकर मे शुरुआती दो अंक जीते और फिर अगले सात मे से छह गंवा दिए जिससे वह नही उबर पाए। पिछले साल वह फाइनल मे पहुंचे थे।

# बेंच स्ट्रैंथ आजमाने उतरेगा भारत

- वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम टी-20आज
- श्रेयस और रुतुराज के पास मौका




**भाषा।** कोलकाता

**श्रृंखला में पहले** ही विजई बढ़त बना चुकी भारतीय टीम रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में प्रयोग करने के इरादे से उतरेगी। विराट कोहली और ऋषभ पंत को 10 दिन का ब्रेक दिया गया है जिससे भारत के लिए श्रेयस अय्यर और रुतुराज गायकवाड़ को अंतिम एकादश में शामिल करने का मौका होगा। भारत ने शुक्रवार को यहां दूसरे टी20 में वेस्टइंडीज को आठ रन से हराकर रोहित शर्मा की अगुआई में लगातार तीसरी श्रृंखला जीती। आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व में अब आठ महीने से भी कम का समय बचा है और ऐसे में रोहित नए विकल्पों को आजमाने की कोशिश करेंगे और इसकी शुरुआत रिजर्व सलामी बल्लेबाज की तलाश से हो सकती है। लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में इशान किशन शीर्ष क्रम में प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं और उनकी जगह प्रतिभावान गायकवाड़ को मौका मिल सकता है जो अब तक बाहर बैठे रहे हैं। आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में सबसे महंगा खिलाड़ी बनने के बाद टी20 श्रृंखला खेल रहे इशान ने अब तक निराश किया है। उन्हें मुंबई इंडियन्स ने 15 करोड़ 25 लाख रुपए में खरीदा। पहले मैच में 42 गेंद में 35 रन बनाने के बाद इशान दूसरे मैच में 10 गेंद में सिर्फ दो रन बना सके। अब यह देखना होगा कि रोहित मुंबई इंडियन्स टीम के अपने इस साथी को एक और मौका देते हैं या नहीं। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के बाद भारत को श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलनी है और ऐसे में इशान को कुछ और मौके देना बुरा विचार नहीं होगा। मध्यक्रम में श्रेयस कोहली की जगह लेंगे जिन्हें 100वें टेस्ट से पहले जरूरी आराम दिया गया है।

### प्रत्येक श्रृंखला के साथ सुधार कर रहे हैंः पावेल

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के मध्य क्रम के आक्रामक बल्लेबाज रोवमैन पावेल ने कहा है कि विश्व कप से पहले प्रत्एक श्रृंखला के साथ उनकी टीम में सुधार हो रहा है और भारत के खिलाफ मौजूदा टी20 श्रृंखला इसका साक्ष्य है। वेस्टइंडीज की टीम शुक्रवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के 187 रन के लक्ष्य को हासिल करने के करीब पहुंच गई थी लेकिन अंत में आठ रन से शिकस्त के साथ उसने श्रृंखला गंवा दी। पावेल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, अगर आप पिछली श्रृंखला और इस श्रृंखला को देखो तो हम काफी क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं जिसमें खिलाड़ियों ने सुधार किया है।

# बीसीसीआई ने कोहली व पंत को ब्रेक दिया

- श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में करेंगे वापसी

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने विराट कोहली और ऋषभ पंत को 10 दिन का ब्रेक दिया है जिसके बाद ये दोनों कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले टीम इंडिया के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल को छोड़कर अपने घरों के लिए रवाना हो गए।
कोहली और पंत दोनों ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 में आकर्षक अर्धशतक जड़े जिससे भारत ने आठ रन की जीत के साथ तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली। जैसा पीटीआई ने पहले ही बताया था कोहली और पंत भी श्रीलंका के खिलाफ 24 फरवरी से लखनऊमें शुरू हो रही तीन टी20 मैच की श्रृंखला नहीं खेलेंगे। इस श्रृंखला के दो अन्य मैच 26 और 27 फरवरी को धर्मशाला में होंगे। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया , हां, कोहली और पंत दोनों शनिवार की सुबह घर रवाना हो गए चूंकि भारत पहले ही श्रृंखला जीत चुका है। उन्होंने कहा, बोर्ड ने यह तय किया है कि सभी प्रारूप में नियमित रूप से खेलने वाले खिलाड़ियों को जैविक रूप से सुरक्षित माहौल से समय समय पर ब्रेक दिया जाता रहेगा ताकि उनके कार्यभार प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सके।

### टी20 विश्व कप से पहले अधिक से अधिक विकल्प आजमाने की योजनाः पंत



**कोलकाता।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि आठ महीने में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टीम ने अधिक से अधिक विकल्पों को आजमाने की योजना बनाई है। लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही मौजूदा श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के उप कप्तान बनाए गए पंत ने शुक्रवार रात दूसरे मुकाबले में भारत की आठ रन की जीत के दौरान तेजतर्रार अर्धशतक जड़ा। पंत से जब आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप की योजना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मैच के बाद कहा, विश्व कप में अब भी समय बचा है इसलिए हमारी योजना जितना अधिक संभव हो उतने विकल्पों को आजमाने की है। उन्होंने कहा, हम यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि कौन सा स्थान किसके अनुकूल है और वे कैसे टीम को फायदा पहुंचा सकते हैं।

# रणजी ट्राफीः तमिलनाडु की दिल्ली पर बढ़त

- इंद्रजीत व शाहरूख की उम्दा बल्लेबाजी



**भाषा।** गुवाहाटी

**युवा बल्लेबाज** शाहरूख खान केवल छह रन से दोहरे शतक से चूक गए लेकिन उनके और बाबा इंद्रजीत के सैकड़ों के दम पर तमिलनाडु ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप एच के मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां 42 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। शाहरूख ने 148 गेंदों पर 20 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 194 रन की तूफानी पारी खेली जबकि इंद्रजीत ने 117 रन बनाए जिसके लिए उन्होंने 149 गेंद का सामना करके 17 चौके और दो छक्के लगाए। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी की जिससे तमिलनाडु ने अपनी पहली पारी में 494 रन बनाए। तमिलनाडु की पारी समाप्त होने के साथ दिन का खेल समाप्त कर दिया। दिल्ली ने अपनी पहली पारी में 452 रन बनाए थे। एक अन्य मैच में छत्तीसगढ़ ने झारखंड को आठ विकेट से हराया।

### बड़े लक्ष्य के सामने बंगाल की सधी शुरुआत

**कटक ।** कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन की नाबाद अर्धशतकीय पारी से बंगाल ने 349 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा के खिलाफ रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 146 रन बनाए। ईश्वरन 79 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े अनुस्तुप मजूमदार ने 22 रन बनाए हैं। चंडीगढ़ ने हैदराबाद के खिलाफ 401 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 21 रन पर दो विकेट गंवा दिए।

### कर्नाटक को रेलवे पर पहली पारी में बढ़त

**चेन्नई।** अरिंदम घोष के शतक के बावजूद कर्नाटक रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां रेलवे के खिलाफ पहली पारी में बढ़त हासिल करने में सफल रहा। घोष ने 105 रन बनाए जबकि मोहम्मद सैफ ने 84 रन का योगदान दिया लेकिन रेलवे अपनी पहली पारी में 426 रन तक ही पहुंच पाया। कर्नाटक के लिए कृष्णप्पा गौतम ने चार और रोनित मोरे ने तीन विकेट लिए। इसी ग्रुप के एक अन्य मैच जम्मू कश्मीर ने पुदुच्चेरी के खिलाफ मजबूत शिकंजा कस दिया है। जम्मू कश्मीर ने अब्दुल समद के 103 रन की मदद से अपनी पहली पारी में 426 रन बनाकर 83 रन की बढ़त हासिल की।

### केरल ने मेघालय को पारी और 166 रन से हराया

**राजकोट।** दूसरे ही प्रथम श्रेणी मुकाबले में वत्सल गोविंद के शतक के बाद बासिल थंपी और जलज सक्सेना की धारदार गेंदबाजी से केरल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के तीसरे ही दिन मेघालय को पारी और 166 रन से हरा दिया। सलामी बल्लेबाजों पोनान राहुल (147) और रोहन कुन्नुमल (107) के बाद गोविंद (नाबाद 106) रन ने भी शतक जड़ा जिससे केरल ने पहली पारी नौ विकेट पर 505 रन बनाकर घोषित की। ग्रुप के एक अन्य मैच में मध्य प्रदेश ने गुजरात के खिलाफ पहली पारी में पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में चार विकेट पर 202 रन बनाकर 145 रन की बढ़त हासिल कर ली है।

### विदर्भ से पिछड़ रहा उप्र

**नई दिल्ली।** दूसरी तरफ सुल्तानपुर में विदर्भ ने पहली पारी छह विकेट पर 548 रन पर घोषित करके 247 रन की विशाल बढ़त हासिल की और फिर दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश का स्कोर दो विकेट पर 32 रन करके मैच में अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर दी। विदर्भ की ओर से सलामी बल्लेबाजों कप्तान फैज फजल (192) के अलावा अक्षय वाडकर (नाबाद 102) ने भी शतक जड़ा जबकि सलामी बल्लेबाज संजय रघुनाथ (96) और अपूर्व वानखेड़े (66) ने अर्धशतक बनाए। उत्तर प्रदेश ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाजों माधव कौशिक (12) और समर्थ सिंह (00) के विकेट गंवाए। दिन का खेल खत्म होने पर प्रियम गर्ग 18 जबकि कप्तान करण शर्मा दो रन बनाकर खेल रहे थे। उत्तर प्रदेश की टीम अब भी 215 रन से पिछड़ रही है जबकि उसके आठ विकेट शेष हैं।

### असम 248 रन पर ढेर, महाराष्ट्र ने फॉलोआन दिया

**रोहतक।** महाराष्ट्र ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप जी मैच के तीसरे दिन असम को पहली पारी में 248 रन पर ढेर करने के बाद फॉलोआन खिलाते हुए दूसरी पारी में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 82 रन करके मैच पर शिकंजा कस दिया।

### मणिपुर ने अरुणाचल को पारी और 25 रन से हराया

**कोलकाता।** मणिपुर ने अपने तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रणजी ट्राफी प्लेट ग्रुप मैच में शनिवार को यहां अरुणाचल प्रदेश को पारी और 25 रन से करारी शिकस्त दी। पहली पारी में 177 रन से पिछड़ने वाली अरुणाचल की टीम दूसरी पारी में 152 रन पर ढेर हो गई। मणिपुर के लिए कंगाबाम ने चार विकेट लिए। मिजोरम ने बिहार के बड़े स्कोर के जवाब में तरुवर कोहली (151) और उदय कौल (96) की अच्छी पारियों के बावजूद सात विकेट पर 298 रन बनाए हैं।

### पुजारा नाकाम, सौराष्ट्र फॉलोआन को मजबूर



**अहमदाबाद।** श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम से बाहर किए गए चेतेश्वर पुजारा की खराब फॉर्म शनिवार को भी जारी रही जब मुंबई के खिलाफ रणजी ट्राफी ग्रुप डी मैच में वह खाता खोलने में भी नाकाम रहे जबकि उनकी टीम सौराष्ट्र को भी फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी (55 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज मोहित अवस्थी (56 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सौराष्ट्र की टीम तीसरे दिन पहली पारी में सिर्फ 220 रन पर ढेर हो गई। टीम ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 18 रन से की। मुलानी और अवस्थी ने सौराष्ट्र को लगातार झटके दिए। टीम ने पुजारा सहित पांच विकेट 76 रन तक ही गंवा दिए थे। पुजारा को चौथी गेंद पर अवस्थी ने पगबाधा किया।

### राजस्थान के बड़े लक्ष्य के सामने आंध्र का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया

**तिरुवनन्तपुरम।** कप्तान अशोक मनेरिया (79) और महिपाल लोमरोर (79) की अर्धशतकीय पारियो की मदद से राजस्थान ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ई मैच में शनिवार को यहां आंध्र के सामने 368 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। आंध्र की शुरुआत अच्छी नही रही और उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी मे चार विकेट पर 100 रन बनाए है। वह अभी लक्ष्य से 268 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय रिकी भुई 31 और एरा संदीप 32 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले सुबह राजस्थान ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 97 रन से आगे बढ़ाई। आदित्य गरवाल (38) के जल्दी आउट होने के बाद उसकी पारी लोमरोर और मनेरिया के ईर्द गिर्द ही घूमती रही। ग्रुप के एक अन्य मैच मे उत्तराखंड ने सेना के खिलाफ जीत सुनिश्चित कर दी है। उत्तराखंड ने 133 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 94 रन बना लिए थे और अब वह लक्ष्य से केवल 39 रन दूर है। कप्तान जय बिस्टा 54 और कुणाल चंदेला 17 रन पर खेल रहे है।

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को पारी और 276 रन से हराया



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पहले ही सत्र में पारी और 276 रन की जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट जीत के 18 साल के इंतजार को खत्म किया। टिम साउथी ने 35 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम यहां हेगले ओवल में दूसरी पारी में सिर्फ 32 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 34 रन से की थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली पारी में सिर्फ 95 रन ही बना पाई थी जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने हेनरी निकोल्स के 105 और टॉम ब्लंडेल के 96 रन की बदौलत 482 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। तेज गेंदबाज मैट हेनरी को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पहली पारी में 23 रन देकर सात विकेट चटकाने के अलावा दूसरी पारी में भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। न्यूजीलैंड की एकमात्र पारी में उन्होंने 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 58 रन बनाए। दूसरी पारी में भी दक्षिण अफ्रीका के सिर्फ दो बल्लेबाज तेंबा बावुमा (41) और विकेटकीपर काइल वेरिने (30) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। इस जीत से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए हैं।

### अनुबंध मिलना गेम की तरह अवास्तविक : वुड

**लंदन।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में फ्रेंचाइजी से जुड़ने में सफल रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने कहा कि अनुबंध मिलना फुटबॉल मैनेजर जैसा कंप्यूटर गेम खेलने की तरह है जो लगभग वास्तविक नहीं है। वुड को नई फ्रेंचाइजी लखनऊसुपर जाइंट्स ने पिछले हफ्ते आईपीएल नीलामी के पहले दिन साढ़े सात करोड़ रुपए में खरीदा। वुड ने द गार्डियन से कहा, जब अंतिम राशि की पुष्टि हुई तो सारा ने पूछा कि यह पाउंड में कितनी राशि होगी– मुझे सभी खाते फ्रीज करने पड़ सकते हैं जिससे कि यह राशि गायब नहीं हो जाए। लेकिन हम खुश थे।

### दुबई टेनिस : सानिया व हरादेका सेमीफाइनल में हारे



**दुबई।** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और चेक गणराज्य की उनकी जोड़ीदार लूसी हरादेका को यहां दुबई टेनिस चैंपियनशिप के महिला युगल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। पहले सेट में दबदबा बनाने के बावजूद सानिया और हरादेका की जोड़ी को शुक्रवार रात युक्रेन की ल्युडमाइला किचेनोक और लातविया की एलेना ओस्टापेंको के खिलाफ 6–2 2–6 7–10 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारत और चेक गणराज्य की वाइल्ड कार्ड धारक जोड़ी ने 11 ब्रेक प्वाइंट बचाए जबकि पहले सेट में तीन में से दो ब्रेक प्वाइंट जीतकर डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट में I–0 की बढ़त बनाई। सानिया और हरादेका हालांकि लय बरकरार रखने में नाकाम रही।